3 राजधानी
मंदिर तोड़ने के मामले में सरकार से जवाब तलब

6 अभिमत
संविधान के मूल ढांचे की अवधारणा

10 विदेश
अमेरिका में बंदूकधारी ने पांच लोगों को मार डाला

12 स्पोर्ट्स
भारत ने नौवीं बार सैफ चैम्पियनशिप जीती

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 238
नई दिल्ली, बुधवार, 5 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया है
राष्ट्रीय-11

# राकांपा पर दावेदारी की जंग हुई तेज

## शरद और अजित पवार गुट आज करेंगे शक्ति प्रदर्शन, अलग-अलग बुलाई बैठक

- अजित पवार ने पीएम को सराहा, कहा- मोदी का कोई विकल्प नहीं
- महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा में विपक्ष के नेता के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई





**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**अजित** पवार के महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे नीत सरकार में शामिल होने के बाद उनके और शरद पवार के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर दावेदारी को लेकर लड़ाई तेज हो गई है और इसी कड़ी में शक्ति प्रदर्शन के वास्ते दोनों गुटों ने बुधवार को अलग-अलग बैठक बुलाई है।

अजित पवार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कोई विकल्प नहीं है। राकांपा के शरद पवार गुट ने पार्टी की बैठक दक्षिण मुंबई स्थित यशवंत राव चव्हाण केंद्र में बुधवार को अपराह्न एक बजे बुलाई है जबकि अजित पवार ने मुंबई के उपनगर बांद्रा स्थित मुंबई एजुकेशन ट्रस्ट के परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई है। दोनों गुटों की बैठक से स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है कि किसके साथ कितने विधायक हैं। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में राकांपा के 53 विधायक हैं और अजित पवार गुट को दलबदल कानून के तहत अयोग्य ठहराए जाने से बचने के लिए कम से कम 36 विधायकों का समर्थन चाहिए। अजित पवार गुट ने 40 विधायकों के समर्थन का दावा किया है। वहीं, शरद पवार गुट ने दावा किया है कि सरकार में शामिल अजित पवार सहित केवल नौ विधायकों ने ही पाला बदला है और बाकी शरद पवार के साथ हैं। विधायक सरोज अहिरे, प्रजाक्त तानपुरे और सुनील भुसारा के बारे में कहा जा रहा था कि वे अजित पवार के साथ हैं लेकिन उन्होंने शरद पवार से मिलकर उनके प्रति निष्ठा व्यक्त की।

इस बीच, महाराष्ट्र के पद पर शपथ लेने के दो दिन बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अपने गुट का दक्षिण मुंबई में बने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, देश उनके (मोदी के) नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। हम उनका समर्थन करने के लिए सरकार में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा, मोदी जैसा कोई नेता नहीं है। उनका कोई विकल्प नहीं है। अजित पवार ने संकेत दिया कि राज्य में मंत्रियों के विभागों की घोषणा तत्काल नहीं की जाएगी। उन्होंने इस देरी के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर दौरे को कारण बताया। दोनों नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की आगवानी करने वहां गए हैं। राष्ट्रपति का मंगलवार (शेष पेज 9)

### धोखा देने वाले नहीं कर सकते मेरी तस्वीर का इस्तेमालः शरद

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि जिस पार्टी के वह अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल, जिसकी महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हैं, वही उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर सकती है। पवार ने कहा कि जिन्होंने उनकी विचारधारा के साथ धोखा किया, उन्हें उनकी तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पवार का यह बयान उनके भतीजे अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायकों के महाराष्ट्र की शिवसेना- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में शामिल होने के दो दिन बाद आया है। शरद पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं जिस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं, केवल वह (पार्टी) ही मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कर सकती है। पवार ने कहा कि उनके जीवनकाल में यह उनका अधिकार है कि वह फैसला करें कि किसे उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करना चाहिए। राकांपा अध्यक्ष ने कहा, जिन्होंने मेरी विचारधारा को धोखा दिया और जिनके साथ मेरे वैचारिक मतभेद हैं, वे मेरी तस्वीर का इस्तेमाल नहीं कर सकते। इससे पहले, (शेष पेज 9)

### 16 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर ठाकरे खेमा पहुंचा कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिवसेना** (यूबीटी) ने एक बार फिर उच्चतम न्यायालय का रुख कर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर तय समय-सीमा में शीघ्र फैसला करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। इन विधायकों ने जून 2022 में नई सरकार बनाने के लिए भाजपा का साथ दिया था। अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में 2022 में शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर करने वाले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक सुनील प्रभु की याचिका में आरोप लगाया गया कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर शीर्ष अदालत के 11 मई के आदेश के बावजूद जानबूझकर फैसले में देरी कर रहे हैं। वकील निशांत पाटिल और अमित आनंद तिवारी के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्यों के खिलाफ याचिकाकर्ता द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं के फैसले में जानबूझकर देरी करने के प्रतिवादी अध्यक्ष के आचरण के संबंध में भारत के संविधान के (शेष पेज 9)

# आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए खतराः मोदी



- पाक पर साधा निशाना, कहा-आतंकवाद समर्थक देशों की आलोचना करने में एससीओ को संकोच नहीं करना चाहिए
- प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताया और पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है और ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल माध्यम से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखर बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही जिसमें चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आदि मौजूद थे। मोदी ने यह भी कहा कि विवादों, तनाव और महामारी से घिरे विश्व में खाद्यान्न, ईंधन और उर्वरक संकट सभी देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है और हमें मिलकर यह विचार करना चाहिए कि क्या एससीओ एक ऐसा संगठन बन रहा है जो भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार है? आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। पाकिस्तान (शेष पेज 9)

# भाजपा ने चार राज्यों के अध्यक्ष बदले



डी. पुरंदेश्वरी



सुनील जाखड़



जी किशन रेड्डी



बाबूलाल मरांडी

- जी किशन रेड्डी को तेलंगाना, सुनील जाखड़ को पंजाब, बाबूलाल मरांडी को झारखंड और डी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश का जिम्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य इकाइयों के पेंच कसने शुरू कर दिए है। इस कड़ी में मंगलवार को चार राज्यों के अध्यक्ष बदल दिए हैं।

पार्टी ने सांगठनिक बदलाव करते हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को तेलंगाना, सुनील जाखड़ को पंजाब, पूर्व केंद्रीय मंत्री डी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश और पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी को पार्टी की झारखंड इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने साथ ही तेलंगाना की सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से भाजपा में आने वाले पूर्व मंत्री एटेला राजेंद्र को राज्य में चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। केंद्रीय मंत्री रेड्डी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बंडी संजय कुमार की जगह लेंगे। कुमार को 2020 में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वह करीमनगर से सांसद हैं। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह सोमू वीराजू की जगह लेंगी। पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव की बेटी हैं।

वह कांग्रेस के टिकट पर विशाखापट्टनम से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में मंत्री भी रहीं। वर्ष 2014 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। वह वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव हैं। पिछले साल मई में कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुए (शेष पेज 9)

# कनाडा ने भारत को राजनयिकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया

- खालिस्तान समर्थकों की रैली से पूर्व सोशल मीडिया पर प्रसारित विवादित पोस्टरों को अस्वीकार्य बताया
- भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर डिमार्श जारी किया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोरंटो

**कनाडा** ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे पोस्टरों में भारतीय अधिकारियों का नाम होने पर भारत को उसके राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया है और खालिस्तान की एक रैली से पहले प्रसारित हो रही प्रचारात्मक सामग्री को अस्वीकार्य बताया है।

इस बीच, भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों पर एक डिमार्श (आपत्ति जताने वाला पत्र) जारी किया। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उच्चायुक्त को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और एक डिमार्श सौंपा गया।

कनाडा की विदेश मंत्री मिलानी जॉली का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने कनाडा, ब्रिटेन तथा अमेरिका जैसे अपने साझेदार देशों को चरमपंथी खालिस्तानी विचारधारा को तवज्जो न देने के लिए कहा है क्योंकि यह उनके रिश्तों के लिए सही नहीं है। राजनयिकों की सुरक्षा के लिए कनाडा की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए जॉली ने वियना संधि के प्रति देश के अनुपालन का उल्लेख किया। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट किया, कनाडा राजनयिकों की सुरक्षा के संबंध में वियना संधियों के तहत अपने दायित्वों को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने कहा, कनाडा आठ जुलाई को नियोजित एक प्रदर्शन के संबंध में ऑनलाइन प्रसारित हो रही कुछ प्रचारात्मक सामग्री (शेष पेज 9)

# सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला

- खालिस्तान समर्थकों ने तोड़फोड़ और आगजनी की कोशिश की, अमेरिका ने की निंदा, आपराधिक कृत्य बताया



भारतीय वाणिज्य दूतावास को खालिस्तान समर्थकों ने आग लगा दी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/न्यूयॉर्क

**सैन** फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को हाल ही में खालिस्तानी समर्थकों ने निशाना बनाने की कोशिश की। उन्होंने परिसर में तोड़फोड़ की तथा आग लगाने का प्रयास किया। घटना के संबंधित वीडियो दो जुलाई को ट्विटर पर पोस्ट किया गया था, जिसमें उपद्रवियों को भारतीय वाणिज्य दूतावास परिसर में आगजनी की कोशिश करते हुए दिखाया गया है।

अमेरिकी सरकार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक आपराधिक कृत्य बताया। यह कुछ महीनों के भीतर सैन फ्रांसिस्को में राजनयिक मिशन पर हमले की ऐसी दूसरी घटना है। खालिस्तान समर्थकों द्वारा जारी वीडियो में हिंसा का जवाब हिंसा ही होता है, जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें कनाडा में स्थित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत से जुड़ी खबरें भी दिखाई गई हैं। भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक रहे निज्जर की पिछले महीने कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को ट्वीट किया, अमेरिका शनिवार को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ और आगजनी के प्रयास की कड़ी निंदा करता है। अमेरिका में राजनयिक केंद्रों या विदेशी राजनयिकों के खिलाफ हिंसा एक अपराध है। अमेरिका में दक्षिण एशियाई प्रसारणकर्ता दीया टीवी ने ट्वीट किया, सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में शनिवार देर रात डेढ़ बजे से ढाई बजे के बीच आगजनी की गई।

सैन फ्रांसिस्को विभाग ने आग पर तुरंत काबू पा लिया, बहुत कम क्षति हुई और किसी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। स्थानीय, राज्य और संघीय अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उसने हमले का एक वीडियो भी साझा किया। इस बीच, सोशल मीडिया पर साझा किए जा रहे एक पोस्टर में लिखा है कि खालिस्तान फ्रीडम रैली आठ जुलाई को आयोजित (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र में ट्रक होटल में घुसा, 10 लोगों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले जिले में मंगलवार को एक कंटेनर ट्रक ने दो वाहनों को टक्कर मारी और फिर राजमार्ग पर बने एक होटल मे जा घुसा जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा धुले जिले मे मुंबई-आगरा राजमार्ग पर पलासनेर गांव के समीप पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। उन्होंने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे जिसके बाद चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। ट्रक ने दो मोटरसाइकिल, एक कार और एक अन्य कंटेनर को पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद ट्रक राजमार्ग पर एक बस स्टैंड के समीप बने एक होटल मे जा घुसा और पलट गया। उन्होंने कहा, कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक मध्य प्रदेश से धुले की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में से कुछ लोग बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को शिरपुर और धुले के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने रोका डीईआरसी अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह

- नियुक्ति से पहले केंद्र के हालिया अध्यादेश के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता जांचेगी सर्वोच्च अदालत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के नामित अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को स्थगित कर दिया। शीर्ष अदालत ने ऐसी नियुक्ति को नियंत्रित करने वाले केंद्र के हालिया अध्यादेश के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता की जांच करने का निर्णय लेते हुए यह फैसला सुनाया।

न्यायालय ने डीईआरसी के अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर 21 जून को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र तथा उपराज्यपाल वीके सक्सेना के कार्यालय को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश है। केंद्र के वकील के पूर्व न्यायाधीश के शपथ ग्रहण को स्थगित करने पर आपत्ति जताने पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि वह गृह मंत्रालय की अधिसूचना पर रोक लगाने के पक्ष में है।

पीठ ने कहा कि उसने मामले को गैर-विवादास्पद तरीके से निपटाने के लिए शपथ ग्रहण प्रक्रिया को स्थगित करने पर दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ए. एम. सिंघवी की दलीलों को दर्ज किया है। अदालत ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की 21 जून 2023 की अधिसूचना के अनुसरण में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को शपथ दिलाना फिलहाल स्थगित किया जाता है।

पीठ ने गौर किया कि मामले में विशुद्ध रूप से विधि का प्रश्न शामिल है और उसने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से सहयोग मांगा और याचिका पर सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख मुकर्रर कर दी। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) (अध्यादेश), 2023 की धारा 45 डी की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है, इसलिए भारत के अटॉर्नी जनरल को एक औपचारिक नोटिस भी जारी किया जाएगा। डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव का नया मुद्दा बन गई है। दिल्ली सरकार ने मामले में (शेष पेज 9)

# गर्म जलवायु के कारण घट रही पक्षियों की आबादी

- समय से पहले आ रहा वसंत जैसा मौसम, लेकिन तब तक प्रजनन के लिए तैयार नहीं हो पाते पक्षी
- संगीत की ध्वनि की तरह चहकने वाले पक्षी की प्रजातियों की प्रजनन क्षमता में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज





प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गर्म** जलवायु के कारण समय से पहले वसंत जैसा मौसम आने लगा है, जब पक्षी अंडे देने के लिए वास्तविक रूप से तैयार नहीं रहते हैं और इस वजह से पक्षियों की आबादी में गिरावट दर्ज की जा रही है।

यह जानकारी एक नए शोध में दी गई है। शोध में कहा गया है कि औसतन सांगबर्ड (संगीत की ध्वनि की तरह चहकने वाले पक्षी) प्रजातियों की प्रजनन क्षमता में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। शोध के अनुसार, वसंत जैसे मौसम के जल्दी शुरू होने तथा अंडे देने की इन पक्षियों की तैयारी में अंतराल के कारण स्थिति बदतर होने वाली है, क्योंकि धरती का तापमान बढ़ रहा है। लॉस एंजिलिस स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसीएलए) और अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध से इस बात का पता चला है कि यदि पक्षी समय से पहले या मौसम की अंतिम अवधि में अंडे देना शुरू करते हैं तो यह संख्या अपेक्षाकृत कम होती है।

शोधकर्ताओं ने प्रोसिडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कहा है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वसंत जैसा मौसम समय से पहले आ रहा है, लेकिन ये पक्षी खुद को इसके अनुकूल फिलहाल ढाल नहीं पाए हैं। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो एवं अध्ययन के प्रथम लेखक कैसी यंगफ्लेश ने कहा कि ऐसी संभावना है कि 21वीं सदी के अंत तक वसंत का मौसम 25 दिन पहले शुरू हो सकता है, जबकि पक्षियों में अंडे देने के समय का यह अंतर महज 6.75 दिन ही कम हो सकेगा। संतति बढ़ाने के मामले में पक्षियों के लिए समय का बहुत ही महत्व होता है। समय से पहले या देरी से अंडे देने की वजह से अंडों या नवजात चूजों को नुकसान पहुंच सकता है। भोजन के स्रोतों के संबंध में भी (शेष पेज 9)

# कांवड़ यात्रा के लिए जिले को चार सुपर जोन में बांटा

## जोनल अधिकारी रहेंगे तैनात, आठ घंटे की शिफ्ट के बाद कर्मचारी अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर कमर कस ली है। यात्रा के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सम्भालने के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग को चार सुपर जोन में बांटा गया है और हर जोन में सुपर जोनल अधिकारी तैनात किए गए हैं।

इसके साथ ही जोनल व सब सेक्टर भी बनाकर अधिकारियों को डीएम आरके सिंह ने तैनात किया है। सुपर जोन एक नगर को बनया गया है जहा सुपर जोनल अधिकारी एडीएम सिटी गंभीर सिंह तैनात किए गए हैं।

उनके साथ जोनल अधिकारी के रूप में एसडीएम सदर विनय सिंह, ओएसडी जीडीए गुंजा सिंह को बनाया गया है। सुपर जोन में 27 सब सेक्टर बनाए गए हैं।

हर सब सेक्टर के लिए एक अधिकारी नामित किया गया है। सुपर जोन-2 ट्रांस हिंडन क्षेत्र को बनाया गया है जहां एडीएम भू अर्जन श्याम अवध चौहान को सुपर जोनल अधिकारी नामित किया गया है। जोनल अधिकारी के तौर पर यहां सिटी मजिस्ट्रेट शुंभागी शुक्ला, एसीएम चंद्रेश कुमार को नामित किया गया है। जोन-2 में 16 सब सेक्टर बनाए गए हैं।

सुपर जोन ग्रामीण क्षेत्र को बनाया गया है जहां एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव को सुपर जोन अधिकारी तैनात किया गया है। यहां जोनल अधिकारी के तौर पर एसडीएम मोदीनगर संतोष राय, ओएसडी जीडीए सुशील चौबे को नामित किया गया है। इस जोन में 23 सब सेक्टर भी बनाए गए हैं। सुपर जोन.4 लोनी अंकुर विहार को बनाया गया है। जहां एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। जोनल अधिकारी के तौर पर यहां एसडीएम लोनी शाल्वी अग्रवाल को बनाया गया है तो वहीं चार सब सेक्टर भी बनाए गए हैं। इसके अलावा डीएम ने दूधेश्वरनाथ मंदिर में भी अधिकारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। मंदिर परिसर में अधिकारी आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में तैनात रहेंगे। इसके अलावा मेरठ रोड तिराहा, गंग नहर मुरादनगर, राज चौपाला, टीला मोड़ पर बनाए जाने वाले कंट्रोल रूम में नगर निगम, जीडीए, चिकित्सा, परिवहन, दूरसंचार, बिजली, दमकल, जलनिगम, राज्य सड़क परिवहन, जिला पूर्ति विभाग के अधिकारी 24 घंटे तैनात रहेंगे। हर शिफ्टवार अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट देनी होगी। वहीं कांवड़ मेले के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से सड़कों को ठीक करने के लिए गड्ढे भरने का कार्य शुरू कर दिया। इस अभियान को अब गऊशाला अंडर पास रोड पर भी शुरू कर दिया गया है। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने हाल ही में इसके लिए निर्देश जारी किए थे। नगर निगम का दावा है कि दुहाई गांव से लेकर मेरठ रोड नया बस अड्डा तक सडक को ठीक करने का कार्य आरआरटीएस कर रही है।

राजनगर एक्सटेंशन से लेकर हापुड़ चुंगी, और आगे एनएच 9 तक सडक तथा सिहानी चुंगी से लेकर अंबेडकर रोड होते हुए दुधेश्वर नाथ मंदिर, और गऊशाला अंडर पास से विजयनगर में एनएच 9 कट, तक सड़क को ठीक करने का कार्य नगर प्रशासन की ओर किया जा रहा है।


फाइल फोटो

## पीडब्ल्यूडी ने नौ करोड़ में तैयार की गंगनहर सड़क

गाजियाबाद। मुरादनगर गंगनहर से मेरठ सीमा तक करीब 12 किलोमीटर लंबी सडक बनाने का कार्य पूरा हो गया। यह कांवड़ मार्ग है। कांवड़ मार्ग की टूटी सडक ठीक होने से अब कई लाख श्रद्धालुओं को सीधे फायदा होगा। इस सडक को ठीक कराने पर करीब नौ करोड़ रुपये खर्च किए गए है। यह सडक कई वर्ष से बुरी तरह से टूटी हुई थी। मुरादनगर गंगनहर पुल के पास से लेकर मेरठ जिले के बॉर्डर तक सडक में गड्ढे ही गड्ढे बने हुए थे। गत दिनों इस सडक की मरम्मत कराने के लिए डीएम आरके सिंह ने भी पीडब्लयूडी को निर्देश दिए थे। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने पहले कहा कि उनके पास पैसे की किल्लत है। इस मामले में भी डीएम की ओर से यूपी सरकार को एक पत्र भेजा गया। पत्र भेजने के बाद ही यूपी सरकार की ओर से पैसा रिलीज किया गया। पीडब्ल्यूडी ने इस मामले में अपनी एक रिपोर्ट जिला प्रशासन को भी भेजी है। विभाग के सहायक अभियंता राम राज ने बताया कि गंगनहर रोड को गाजियाबाद जनपद एरिया में पूरी तरह से बनाकर ठीक कर दिया गया है। यह कार्य लगभग पूरा हो गया है। इसके साथ ही अब कांवड़ मार्ग गंगनहर पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## 1000 कैमरों से होगी यात्रा की निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। हरिद्वार से कांवड़िए 10 अगस्त के बाद वापस लौटने लगेंगे। नोएडा दिल्ली और हरियाणा को जोड़ता है। ऐसे में दिल्ली के ओखला, बदरपुर, सरिता विहार और हरियाणा के अधिकतर श्रद्धालु नोएडा होकर ही एनएच-9 होते हुए हरिद्वार जाएंगे और वापस आएंगे। इन सभी रूट की निगरानी इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। आईएसटीएमएस के तहत नोएडा में 1043 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि नोएडा के सभी चौराहे और संवेदनशील मार्ग इन कैमरों की जद में है। अगर यातायात पुलिस की ओर से डिमांड की जाती है तो जहां वे कहेंगे वहां भी कैमरे लगा दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि निगरानी की जरूरत जल लेकर वापस लौट रहे कांवड़ियों के मार्ग की होती है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। प्राधिकरण के डीजीएम राजेश कुमार ने बताया कि नोएडा में अधिकतम श्रद्धालु सेक्टर-14ए के शनि मंदिर में जल चढ़ाते है। यहां विशेष इंतजाम किए जाते है। इसलिए यहां एक विशेष कंट्रोल बनाया जाता है। हर साल की तरह यहां भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को डिमांड के अनुसार इंस्टॉल किया जाएगा। ओखला पक्षी विहार के रास्ते पर डीएनडी पुल और चिल्ला बार्डर के पास अस्थायी पुलिस चौकी बनाई जाएगी। यहां सिविल पुलिस कर्मियों के साथ ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी तैनात रहेंगे। ओखला पक्षी विहार के रास्ते में दो स्थानों पर कावड़ शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा शनि मंदिर व डीएनडी के नीचे भंडारा लगाया जाएगा। यहां करीब 1 हजार कावड़ियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा मामूरा, छिजारसी में भी शिविर लगाए जाएंगे। मोरना स्थित नोएडा डिपो से कावड़ स्पेशल बस 40 बस हरिद्वार के लिए चलनी शुरू हो गई है। सुबह 6.30 बजे से रात नौ बजे तक श्रद्धालुओं को डिपो से बस की सुविधा मिलेगी।



कांवड़ यात्रा 4 जुलाई से शुरू हो रही है। इसलिए बसों की संख्या में इजाफा किया गया है। यहां से हर बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेने हरिद्वार जाते है। नोएडा डिपो में 144 बस हैं। सभी साधारण और सीएनजी से चलने वाली बस हैं। डिपो की अपनी एसी बस सेवा नहीं है। अन्य डिपो की एसी बस नोएडा होकर निकलती है। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा में हरिद्वार जाने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। इस कारण बस की संख्या बढ़ा दी गई है। नोएडा मे करीब 200 से ज्यादा समिति है जो कांवड़ लेने हरिद्वार जाती है।

## संक्षिप्त समाचार


मोबाइल चोरी और लूट करने वाले तीन गिरफ्तार, कब्जे से फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद।

### संभव में अपर नगर आयुक्त ने सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** निगम में संभव दिवस आयोजित किया गया। संभव दिवस में 11 शिकायतें रजिस्ट्रर्ड हो हुई। इनमें से अधिकतर शिकायतें साफ सफाई, कूड़ा उठान आदि की थी। इनके अलावा टूटी सडक बनाने की भी कई शिकायतें संभव दिवस में आयोजित की गई है। प्रत्येक मंगलवार को संभव दिवस का आयोजन किया जाता है। आज संभव दिवस में नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ नहीं बैठे। शासन से कार्यों को लेकर वीसी में वह मौजूद रहे। संभव दिवस में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, हेल्थ अफसर डॉ0 मिथिलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे। अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव ने बताया कि जो शिकायत मिली इनमें से तीन शिकायतों को तत्काल निस्तारण कर दिया। बाकी शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए।

### घरेलू विवाद के चलते भतीजी को पीटा

**नोएडा।** घरेलू विवाद में चाचा ताऊ व उनके परिजनों ने अपनी भतीजी के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान सभी लोगों ने घर में तोड़फोड भी की। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। सेक्टर-56 बी ब्लॉक में रहने वाली एक युवती ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गत 22 जून को उसके ताऊ सतीशचंद्र व उनकी बेटी पल्लवी ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान पल्लवी के मामा जितेंद्र मोहन एवं इनकी पत्नियां भी मारपीट में शामिल हो गई और उसके साथ जमकर गाली.गलौज की। 24 जून को उसके चाचा जितेंद्र कुमार, सचिन चंद्र तथा उनकी पत्नी उषा ने एक बार फिर उनके घर पर आकर उनको जमकर गालियां दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित और आरोपी एक ही मकान में रहते हैं और इनका अक्सर वाद विवाद होता रहता है।

### भाजपा नेता के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** भाजपा नेता अनिल गोयल के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया गया है कि विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने गत रात्रि अनिल गोयल के दुकान एवं मकान पर छापा मारा जिसमें बिजली चोरी करते हुए उन्हें पकड़ा गया। विजिलेंस टीम ने भाजपा नेता के ऊपर 4.50 लाख का जुर्माना लगाया है। इसके पहले भी भाजपा नेता अनिल गोयल बिजली के मामले में चर्चा रहे हैं। विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम ने एक सूचना के आधार पर भाजपा नेता अनिल गोयल के दुकान पर छापा मारा था। जिस पर उनके द्वारा बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। अब उनको उनके 4.50 लाख का जुर्माना लगाया गया है। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपाइयों को समय.समय पर नसीहत देते रहते हैं। वहीं भाजपा के लोग मुख्यमंत्री के बातों को दरकिनार कर पार्टी की छीछालेदर कराने से पीछे नहीं है। भाजपा की किरकिरी कराने वाले अनिल गोयल का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी वह कई मामलों में विवादों के घेरे में रहे हैं।

### कार चालक डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** थाना बीटा-2 में एक व्यक्ति ने दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में महिला डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्राम घंघोला निवासी साहिल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी मां गत 30 जून को कैपसाइट कंपनी से ड्यूटी खत्म कर टेंपल जाने के लिए स्टैंड की तरफ आ रही थी इस दौरान तेज गति में आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। कार सवार महिला उनकी मां को अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में दाखिल कराने के बाद कार चालक महिला वहां से चली गई। उपचार के दौरान उसकी मां की अस्पताल में मौत हो गई। साहिल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अस्पताल से पता चला कि गंभीर स्थिति में उसकी मां को कार चालक डॉक्टर निरूपा लक्ष्मी ने भर्ती कराया था।

**LOST & FOUND**

I, RAJAT KANT S/o Shri Roshan Lal R/o Flat No. 35, Plot No. 15, Deshbandhu Apartment, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092. Inform that I am the owner of Property No. 126, Gali No. 13, Balbir Nagar Extn., Shahdara, Delhi-110092. That the Original Previous Paper of above said Property has been lost/misplaced and is not traceable vide NCR No. 617686/2023, Dated:-03-07-2023.

Rajat Kant

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Vishal is owner of Property Bearing No. 8/65 (Plot No. 65, Block No. 8), area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 786, Situat4ed in the area of Village Chandrawali @ Shahdara, in the abadi of Ram Gali, Vishwas Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi, the said property by virtue of Three Sale Deeds dated 27.07.2016, 20.02.2017, and 23.02.2017. having Registration No. 5361, 748, & 894, but SMC Certificate stating legal heirs of late Mr. Radhey Shyam is not available with him, All persons including surviving members and legal heirs of late Mr. Radhey Shyam are hereby informed if anyone has any objection with respect of Title/ownership of Mr. Vishal, with respect of the said property, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

HARERA GURUGRAM

मैसर्स वाटिका सॉवरेन पार्क प्रा. लि. द्वारा विकसित रियल एस्टेट प्रोजेक्ट "सॉवरेन पार्क (फेज-I) के आबंटीगण कृपया ध्यान दें

1. उपरि-वर्णित परियोजना अंतरिम रेरा पंचकुला के साथ पंजीकरण सं. 285/2017 दिनांकित 10-10-2017 के माध्यम से पंजीकृत करवाई गई थी और पंजीकरण 08-04-2023 तक (कोविड 19 के 6 माह सहित) वैध था।
2. प्रवर्तक ने प्राधिकरण के समक्ष इस अनुरोध के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है कि उक्त पंजीकरण इसकी नियत समाप्ति पर निरस्त करने के स्थान पर, प्राधिकरण इसके द्वारा आबंटियों के हित में लागू करने हेतु उपयुक्त विचारित नियमों एवं शर्तों के तहत इसको लागू रहने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करे तथा उपरोक्तानुसार लागू किए जाने वाले नियम एवं शर्तें प्रवर्तक पर बाध्यकारी होंगी।
3. प्राधिकरण पर इस परियोजना के लागू रहने के लिए अधिनियम की धारा 7(3) के अधीन पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता जारी रहने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में प्रवर्तक के आवेदन पर विचार कर रहा है और एतद्द्वारा इस संबंध में आबंटियों से विशेष रूप से तथा अन्य संबंधित जन सामान्य से आपत्तियां आमंत्रित करता है।
4. ये आपत्तियां प्राधिकरण की रजिस्ट्री में 19-07-2023 से पूर्व प्रस्तुत करनी होंगी और प्राप्त आपत्तियों पर विचारार्थ प्राधिकरण में 24-07-2023 को अप. 2.00 बजे पेश होना होगा, जिसमें असफल रहने पर प्राधिकरण अधिनियम की धारा 7(3) के अधीन पंजीकरण जारी रहने के संबंध में वर्तमान आवेदन पर विचार करेगा।

सचिव
कृते हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरूग्राम

दिनांकित : 05-07-2023

**Dr. Akhilesh Das Gupta Institute of Technology & Management**
Approved by AICTE, DTTE, DHE, BCI & Affiliated to GGSIPU, Delhi
FC-26, Shastri Park, New Delhi – 110053.
Website: www.adgitmdelhi.ac.in

**ADMISSION NOTICE**

**UNDER MANAGEMENT QUOTA for Academic Year 2023-24**
**B.Tech. (F/T - 4 Yrs.) & B.Tech. (LE) {2nd Yr – F/T - 3 Yrs.}**
**MBA (F/T – 2 Yrs.) B.A.L.L.B. (F/T – 5 Yrs.) & B.A.L.L.B. (F/T – 5 Yrs.)**
**BBA (F/T – 3 Yrs.)**

Applications from Qualified candidates fulfilling the Educational Qualifications and eligibility criteria laid down in the "Admission Brochure for the Academic Session 2023-24" issued by Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIPU), Delhi for "Management Quota" & respective guidelines of BCI/DTTE/DHE Govt. of NCT Delhi as prescribed by GGSIPU Notification No. 19/2023, are invited for Admission under Management Quota under various categories of seats in the following Courses*:

| B.Tech. (1st Shift) (Course Code - 131) | B.Tech. (2nd Shift) (Course Code - 131) | B.Tech. (Lateral Entry) (Course Code - 128 & 129) |
|---|---|---|
| Computer Science & Engineering | Computer Science & Engineering | Computer Science & Engineering |
| Computer Science | Information Technology | Information Technology |
| Computer Science & Technology | Artificial Intelligence & Data Science | Artificial Intelligence & Data Science |
| Information Technology | Artificial Intelligence & Machine Learning | Artificial Intelligence & Machine Learning |
| Artificial Intelligence & Data Science | Electronics & Communication Engineering | Electronics & Communication Engineering |
| Artificial Intelligence & Machine Learning | ------- | Civil Engineering |
| Electronics & Communication Engineering | ------- | Mechanical Engineering |
| Civil Engineering | ------- | ------- |
| Mechanical Engineering | ------- | ------- |

| |
|---|
| MBA - 2 Yrs. (F/T) (Course Code 101) |
| BBA – 3 Yrs. Programme (F/T) - 1st Shift – Course Code 125 |
| BBA – 3 Yrs. Programme (F/T) - 2nd Shift - Course Code 125 |
| Integrated BA LL.B. (Hons.) - 5 Yrs. (Full Time) (Course Code 121) |
| Integrated BBA LL.B. (Hons.) - 5 Yrs. (Full Time) (Course Code 121) |

Application Forms (hard-copy only) can be obtained from Admission Cell of the Institute between 10 A.M. to 5 P.M from 8th July 2023. The last date to apply & submission of Application Forms along with all requisite documents/certificates for management quota seats is 31st July 2023 (up-to 3.00 P.M.). Course-wise Seat Matrix of Management Quota Category of Seats is available on the Official Website of the Institute. Incomplete Application Forms/Documents/Certificates will not be considered. Admissions shall be on the basis of Merit list based on marks attained in qualifying exams. The schedule of Admission Process at the Institute Campus: Display of Merit List (As per GGSIPU Notification – 19/2023)-3/8/23, Reporting for verification of Eligibility between 10.00 A.M. to 3.00 P.M./1st Round of Counseling/list of provisionally admitted candidates/Display of Vacant Seats- 6/8/23, 2nd Round of Counseling - 7/8/23, Last date of Provisional Admission under Management Quota Seats–9/8/23. The Candidates thus provisionally selected shall be required to complete all the Admission Formalities on the same day of allotment as per the Provisions of GGSIP University.
Candidates must ensure to follow the latest COVID-19 guidelines issued by the Ministry of Health and Family Affairs, Govt of India during Counselling & Reporting at the Institute.

DIRECTOR

# पाकिस्तानी महिला को चार बच्चों के साथ भेज जेल

- प्रेमी सचिन व उसके पिता भी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में पकड़ी गई पाकिस्तानी महिला को एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने कहा कि महिला के चार बच्चे भी उसके साथ जेल में ही रहेंगे।

रबूपुरा थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर को पाकिस्तानी महिला सीमा, अन्य आरोपी सचिन और उसके पिता नेत्रपाल को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा, बच्चों-तीन लड़कियां और एक लड़के - को भी एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने आदेश दिया कि बच्चे अपनी मां के साथ रह सकते हैं, जिन्हें ग्रेटर नोएडा की लुक्सर जेल में रखा जाएगा। पुलिस ने बताया कि इस मामले की सूचना केंद्रीय जांच एजेंसियों और उत्तर प्रदेश आतंक-रोधी दस्ते को दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि महिला और उसके बच्चों को स्थानीय व्यक्ति सचिन ने आश्रय दिया था, जिसकी 2019 में ऑनलाइन पबजी गेम के माध्यम से उससे मुलाकात हुई थी। पुलिस ने नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत पहुंची सीमा गुलाम हैदर, उसके प्रेमी सचिन और सचिन के पिता नेत्रपाल के खिलाफ थाना रबूपुरा में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ पासपोर्ट अधिनियम, षड्यंत्र रचने और विदेशी नागरिक को शरण देने की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) साद मिया खान ने संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तानी महिला, जिसकी पहचान सीमा गुलाम हैदर के रूप में हुई है, को गिरफ्तार कर लिया गया है। ग्रेटर नोएडा के सचिन मीणा, जिसने सीमा को आश्रय दिया था और उसके (सचिन के) पिता नेत्रपाल मीणा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।


पुलिस गिरफ्त महिला, उनका प्रेमी और संरक्षण देने वाला

जानकारी के मुताबिक, सीमा और उसके प्रेमी सचिन से पुलिस और जांच एजेंसियों के अधिकारी गहनता से पूछताछ कर रहे है। सीमा 13 मई को अपने चार बच्चों के साथ बिना वैध दस्तावेजों के यहां पहुंची थी। पुलिस ने सीमा के पास से कई मोबाइल फोन, पाकिस्तानी पासपोर्ट, नेपाल के लिए लिया गया टूरिस्ट वीजा (जोकि खत्म हो चुका है) आदि बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कई बार कोशिश करने के बाद भी सीमा के पति, भाई और परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर पर बात नहीं हो पाई है और उनसे संपर्क करने का प्रयास जारी है।

## नहीं सुधर रहे डॉक्टर, ड्यूटी से मिल रहे गैरहाजिर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सीएमओ व एसीएमओ द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। लेकिन यह औचक निरीक्षण में भी केन्द्रों पर तैनात डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

इन निरीक्षणों को लेकर स्टाफ में कोई गंभीरता तो दूर भय भी नजर नहीं आ रहा है। सोमवार को भी एसीएमओ डॉण्चरन सिंह ने कई स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जिसमें डॉक्टर और स्टाफ गैरहाजिर मिला। एसीएमओ सुबह के समय सीएचसी डासना पहुंचे जहां डॉ सुभाष, डॉ गरिमा, डॉ ण्रिचा, ऊषा शर्मा, स्टाफ नर्स पूनम, स्टाफ नर्स भारती यादव, स्टाफ नर्स रीना, स्टाफ नर्स श्वेता, ओटी नाहर सिंह, एसटीएस कृष्णा शर्मा, एलटी राहुल पटेल, एलएचवी राजेन्द्र देवी, वार्ड बार्यय हसंराज, राज सिंह गैरहाजिर पाए गए।

उन्होंने सीएचसी बम्हैटा का निरीक्षण किया जहां डॉ अभिजीत भारद्वाज, स्टाफ नर्स कोमिला सिंह नदारद थे।

## आप की जिला व तीनों विस की कमेटियां भंग

**नोएडा।** लोकसभा चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने के लिए आप ने संगठन स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए गौतमबुद्धनगर की जिला कार्यकारिणी समेत तीनों विधानसभा की कमेटियों को भंग कर दिया है।

उत्तर प्रदेश के प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देशों पर पश्चिम प्रांत अध्यक्ष सोमेन्द्र ढाका के दिशा.निर्देषों पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने यह कमेटियां भंग की हैं। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आम आदमी पार्टी पिछले काफी समय से काम कर रही है।

## कूड़े के मामले की रिपोर्ट सीएम को भेजी जाएगी

- गाजियाबाद को कूड़ा हब नहीं बनने दिया जाएगा: मेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डालने को लेकर चल रहे विवाद में अब नया मोड़ आ गया।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि एमसीडी का कूड़ा गाजियाबाद में डालने का मामला गंभीर है। इस मामले में अभी तक जो भी हुआ है इस की पूरी रिपोर्ट प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मेल के जरिए भेजी जाएगी। ताकी सरकार को भी पता रहे कि गाजियाबाद में कूड़े को लेकर क्या चल रहा है। एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डाला जा रहा है इसकी जिम्मेदारी क्या हेल्थ अफसर की नहीं थी। क्या गाजियाबाद को कूड़े का हब बना दिया जाए। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। मैने जिस दिन महापौर पद की शपथ ली थी उसी दिन साफ कर दिया था कि मैं नगर निगम में न तो खेल चलने दूंगी और न ही इसे लुटने दूंगी इसके लिए मुझे जो भी बनेगा में करुंगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने शहर हित में दिल्ली से आई कूड़े की गाड़ियों को पकड़ा है। यह पता नहीं कब से यह खेल चल रहा था। अगर कंपनी को कोई गलत कार्य करेगी तो मैं भी कुछ नहीं करू ऐसा नहीं हो सकता है। उनका कहना है कि शहर में स्वच्छता बनाए रखना हमारा फर्ज है मगर दूसरे महानगर का कूड़ा गाजियाबाद में डालकर गंदगी की जाए ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।



## तीन ओएसडी और 1 डिप्टी कलेक्टर का तबादला

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में नियुक्त दो ओएसडी और डिप्टी कलेक्टर का ट्रांसफर हो गया है। इन तीनों को तत्काल प्रभाव से अपनी नवीन तैनाती पर जॉइन करने का आदेश दिया गया है। ये तीनों ही नोएडा प्राधिकरण में अहम जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शासनादेश के तहत ओएसडी कुमार संजय को नोएडा प्राधिकरण से उप-जिलाधिकारी रामपुर ट्रांसफर किया गया है। कुमार संजय नोएडा में कॉमर्शियल विभाग देख रहे थे। इसके अलावा ओएसडी प्रसून द्विवेदी को ओएसडी मथुरा विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। ओएसडी प्रसून द्विवेदी नोएडा प्राधिकरण में ग्रुप हाउसिंग और भू लेख विभाग देख रहे थे। वहीं डिप्टी कलेक्टर विनीत मिश्र को एसडीएम अलीगढ़ बनाकर भेजा गया है।

# मुद्रा योजना में लोन दिलाने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

- फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, कमीशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम लेते थे पैसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-63 नोएडा पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस, फाइनेंस लोन हब व अन्य बैंकों से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से फाइल चार्ज, ईसीएस चार्ज व जीएसटी के नाम पर पैसा लेकर करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके है। ये लोग फोन करने के लिए फर्जी आईडी से सिम कार्ड का प्रयोग करते थे।

इनके कब्जे 5 लाख 13 हजार रुपए कैश, ठगी करने में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक सामान, कागजात व दो पहिया वाहन बरामद किए है।


पुलिस गिरफ्त में ठगी करने वाले आरोपी।

इनकी पहचान दीपक कुमार, विकास सिंह और शाहरुख हुई है। इन तीनों को एच-2 सेक्टर-63 से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी सेंट्रल अनिल यादव ने बताया कि ये लोगों को फंसाने लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क पर लोन के लिए विज्ञापन डालते थे। विज्ञापन के जरिए जैसे ही कोई इनसे संपर्क करता था। उसे लोन के लिए अप्लाय करने को कहते। इसके बाद लोन अप्रूव के फर्जी लैटर तैयार करते थे। जिसके बदले हम कॉलर से लोन कराने के कमीशन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसा लेते थे। अपनी पहचान छिपाने के लिए ये लोग फर्जी खातों का सहारा लेते थे। ये खाते 20 से 25 हजार रुपए में खरीदे जाते थे। जिसमें लोगों से प्रोसेसिंग फीस व अन्य तरीके से पैसे ट्रांसफर करवाए जाते थे। इन खातों को तीन से चार महीने तक ऑपरेट करने के बाद ये लोग खातों को बंद कर देते थे।

इसके बाद नया खाता खोलते थे। एक बार पैसा आने पर ये मोबाइल बंद कर देते थे। फर्जी तरीके से कमाए गए इन पैसों से तीनों ने दो फ्लैट, दुकान और दो पहिया वाहन भी खरीदे है।

डीसीपी ने बताया कि इनके खातों की जांच की जा रही है कि अब कितने करोड़ कर ये फ्रॉड कर चुके है। उन्होंने बताया कि तीनों का काम बंटा हुआ था। इसमें शाहरुख लोगों को कॉल करने का काम करता था। जब कोई व्यक्ति लोन लेने के लिए तैयार होता है तो दीपक और विकास दोनों लोन लेने वाले व्यक्ति के कागजात का वैरिफिकेशन कर फर्जी अप्रूवल लैटर दिखाकर रुपए ट्रांसफर करा लेते थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पटरियों पर जलभराव, घंटों बाधित रही मेट्रो

## डाबरी मोड़ व जनकपुरी खंड के बीच फायर फाइटिंग की पाइप फटने के कारण हुई समस्या

● मजेंटा लाइन सुबह दस बजे से पौने चार बजे तक रही प्रभावित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन के डाबरी मोड़ और जनकपुरी पश्चिम स्टेशन के बीच एक हिस्से में पटरियों पर पानी भरने से ट्रेन सेवा मंगलवार को कई घंटों तक प्रभावित रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मजेंटा लाइन दिल्ली में स्थित जनकपुरी पश्चिम स्टेशन को पड़ोसी उत्तर प्रदेश में नोएडा के बॉटनिकल गार्डन स्टेशन से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने एक बयान में बताया, डाबरी मोड़ और जनकपुरी पश्चिम खंड के बीच जलभराव के कारण मजेंटा लाइन (जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन तक लाइन -8) पर ट्रेन सेवाओं को आज दुरुस्त किया गया। बयान में कहा गया है कि जनकपुरी पश्चिम और टर्मिनल-1 आईजीआई एयरपोर्ट स्टेशन के बीच सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजकर 35 मिनट तक एक लाइन पर ही ट्रेन सेवा उपलब्ध रही। उसने अपराह्न तीन बजकर 44 मिनट पर ट्वीट किया कि खंड पर सामान्य सेवा बहाल हो गई है। बयान में बताया गया है कि मजेंटा लाइन के शेष खंड, मसलन टर्मिनल-1 आईजीआई एयरपोर्ट से बॉटनिकल गार्डन के बीच इस दौरान सेवा सामान्य रही और दोनों लाइन पर ट्रेन उपलब्ध रहीं। दिल्ली मेट्रो ने इस बाबत यात्रियों को सतर्क करने के लिए ट्विटर पर भी जानकारी साझा की। डीएमआरसी ने कहा कि आग बुझाने के लिए डाली गई पाइपलाइन में रिसाव के चलते खंड पर जलभराव हुआ और अपराह्न तीन बजकर 35 मिनट पर इसे दुरुस्त करने के बाद पूरी लाइन पर सामान्य सेवा

### आंधी-बारिश के चलते कई उड़ानें प्रभावित

खराब मौसम की वजह से मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे से चार उड़ानों को अन्य स्थानों की ओर मोड़ दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तीन उड़ानों को अमृतसर और एक को लखनऊ की ओर भेजा गया। ये तीनों घरेलू उड़ान हैं। दिल्ली में मंगलवार को हल्की बारिश या गरज के साथ छींटें पड़ने का अनुमान है।



निजामुद्दीन ब्रिज पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इसके बाद इस मार्ग को जोड़ने वाली सड़कों पर भारी जाम लग गया। वाहन चालक एक-दूसरे से उलझते रहे।

# सिसोदिया की पत्नी की हालत फिर बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● ऑटोइम्यून डिस्ऑर्डर से पीड़ित हैं सीमा सिसोदिया

दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया को मंगलवार को यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह स्व-प्रतिरक्षित विकार (ऑटोइम्यून डिस्ऑर्डर) से ग्रस्त हैं।

पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तबियत खराब होने के बाद सीमा सिसोदिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत कुछ सप्ताह में सीमा सिसोदिया (49) को तीसरी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं। अप्रैल के उत्तरार्ध में उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के न्यूरोलॉजी (तंत्रिका विज्ञान) विभाग में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया, वर्ष 2000 में सीमा सिसोदिया के मल्टीपल स्केलेरोसिस से ग्रस्त होने का पता चला, जो गंभीर स्व-प्रतिरक्षित बीमारी है। उनका पिछले 23 साल से एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गौरतलब है कि मनीष सिसोदिया इस समय दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े मामले में जेल में हैं।

# बृजभूषण के खिलाफ मामले में शिकायतकर्ता से मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अदालत ने पुलिस रिपोर्ट पर एक अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा

दिल्ली की एक अदालत ने एक नाबालिग पहलवान के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिए पुलिस की ओर से दाखिल की गई रिपोर्ट पर पीड़िता और शिकायतकर्ता से मंगलवार को जवाब मांगा।

अभियोजन पक्ष के वकील ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छवि कपूर ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पीड़िता/शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और उन्हें पुलिस की रिपोर्ट पर एक अगस्त तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत द्वारा एक अगस्त को मामले में अगली सुनवाई की जाएगी।

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए 15 जून को अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल की थी। लेकिन इसमें छह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और पीछा करने के आरोप लगाए थे। पॉक्सो के



तहत न्यूनतम तीन साल जेल की सजा का प्रावधान है, जो इस पर निर्भर करता है कि किस तरह का अपराध हुआ है। पुलिस ने कोई पुष्ट साक्ष्य नहीं है का हवाला देते हुए सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान द्वारा दायर शिकायत को रद्द करने की सिफारिश की थी। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया था कि पुलिस ने शिकायतकर्ता (नाबालिग के पिता) और खुद लड़की के बयानों के आधार पर एक रिपोर्ट पेश की है। अदालत इस पर निर्णय ले सकती है कि पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या आगे की जांच का निर्देश दिया जाए।

सरकार ने पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और ओलंपियन विनेश फोगाट सहित आंदोलनकारी पहलवानों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक आरोप पत्र दायर किया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था।

वे नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों का उत्पीड़न करने के आरोप को लेकर सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। लेकिन भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने सभी आरोपों को खारिज किया है।

# फिरनी मार्ग पर 15 दिन यातायात रहेगा प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● नजफगढ़ पर बहादुरगढ़ और नांगलोई के बीच होगी परेशानी, जारी किया परामर्श

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी निर्माण कार्य के चलते नजफगढ़ के फिरनी मार्ग पर बहादुरगढ़ से नांगलोई की ओर करीब 15 दिनों तक यातायात बाधित रहेगा। दिल्ली यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी।

दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्विटर पर इस विशिष्ट सड़क पर भीड़भाड़ की संभावना को लेकर परामर्श जारी किया और यात्रियों को उसी अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी। उसने कहा कि पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के कारण बहादुरगढ़ से नागलोई की ओर के मार्ग पर नजफगढ़ में फिरनी मार्ग पर अगले करीब 10-15 दिनों तक सुबह और शाम यातायात प्रभावित रहेगा।

यात्रियों को उसी अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी जाती है। गौरतलब है कि यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। इस दौरान इस मार्ग पर यातायात प्रभावित रह सकता है हालांकि पुलिस ने इसके लिए इंतजाम किए है।

# पत्नी से अवैध संबंधों के शक में ले ली जान

● बीयर की बोतल से किया अधेड़ व्यक्ति पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उत्तरपूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में व्यक्ति ने पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी।

पुलिस ने कहा कि यह घटना सोमवार को हुई जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मानसरोवर पार्क पुलिस थाने को सोमवार को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति पर नाथू कॉलोनी चौक अंडरपास में हमला किया गया है। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने एक चश्मदीद के हवाले से बताया कि मृतक एक आवारा किस्म का व्यक्ति था जो नाथू कॉलोनी अंडरपास के समीप फुटपाथ पर रहता था। पुलिस उपायुक्त(शाहदरा), रोहित मीना ने कहा कि अशोक नगर में रहने वाले हीरा ने इस व्यक्ति पर रात 10 बजकर 30 मिनट पर बीयर की बोतल से किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि उसे मृतक के साथ अपनी पत्नी के अवैध संबंध होने का शक था। सोमवार को उसे गुस्सा आ गया और उसने बीयर की बोतल से हमला कर दिया।

पुलिस ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने बियर की बोतल समेत अन्य चीजें बरामद कर ली हैं। पुलिस ने बताया कि चश्मदीद के बयान पर हत्या का मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## वजीराबाद इलाके में युवक को पीट कर मार डाला

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक युवक ने 43 वर्षीय व्यक्ति को पीट पीटकर कथित तौर पर मार डाला।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज (35) को गिरफ्तार कर लिया गया। संत नगर में रहने वाला मनोज पांच आपराधिक मामलों में लिप्त रह चुका है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि एक झगड़े को लेकर वजीराबाद पुलिस थाने में पीसीआर कॉल आई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां बुराड़ी के संत नगर का रहने वाला परविंदर घायल हालत में मिला जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान पीड़ित की मौत हो गई।

# मंदिर तोड़ने के मामले में सरकार से मांगा जवाब

● हाईकोर्ट ने हनुमान और शनि मंदिर पर मांगी स्थिति रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




उच्च न्यायालय ने कापसहेड़ा स्थित हनुमान और शनि मंदिर को ध्वस्त करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार से जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने दीपांशु यादव की याचिका पर दिल्ली सरकार से स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा है। यादव ने याचिका में दावा किया है कि छावला नाले पर बने मंदिर को ध्वस्त करने से लोगों की भावनाएं प्रभावित होंगी। याचिकाकर्ता ने कहा कि कापसहेड़ा के उपजिलाधिकारी द्वारा 12 जून को मंदिर को ध्वस्त करने के लिए छह जून को जारी आदेश बिना किसी कारण और न्यायाधिकार क्षेत्र से परे जाकर पारित किया गया। दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने कहा इलाके में अतिक्रमण किया गया है और धार्मिक समिति ने पहले ही ध्वस्तीकरण को मंजूरी दे दी है।

याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे अधिवक्ता आनंद और अनुज चौहान ने कहा कि उनका मुवक्किल भगवान हनुमान और शनि का भक्त है और रोजाना उक्त मंदिर में पूजा अर्चना करने जाता है लेकिन किसी भी तरह से मंदिर यातायात में बाधा उत्पन्न नहीं कर रहा है। याचिका में कहा गया, प्रतिवादी संख्या के मनमाने कृत्य से उक्त स्थान पर परेशान करने वाली स्थिति उत्पन्न हो सकती है जहां पर बहुत पहले से धार्मिक ढांचा है। प्रतिवादी संख्या दो के कृत्य से लोग प्रभावित होंगे क्योंकि लोगों की भावना उक्त मंदिर से जुड़ी हुई है।

### सौरभ भारद्वाज ने एलजी को लिखा पत्र

प्राचीन हनुमान मंदिर को ध्वस्त न करने की मांग को लेकर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखा है। वहीं भारद्वाज ने हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया। एलजी से आग्रह करते हुए कहा है कि छावला पुल के किनारे बने प्राचीन हनुमान मंदिर से इलाके की जनता की आस्था जुड़ी हुई है। भारद्वाज ने कहा छावला के इस पुराने पुल से सटकर ही सरकार द्वारा एक नया पुल तैयार किया गया है, जिसे एक या दो सप्ताह के अंदर चालू किया जाएगा।

# कोर्ट ने कहा, एलजी को विधेयक को मंजूरी देने का निर्देश नहीं दे सकते

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चें की स्क्रीनिंग प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूली शिक्षा संशोधन (अधिनियम) विधेयक, 2015 को मंजूरी देने या वापस लौटाने का निर्देश देने से इनकार कर दिया, जिसमें नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। अदालत ने कहा कि अदालतें विधाई प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं।

उच्च न्यायालय ने कहा कि किसी भी समय सीमा के भीतर किसी विधेयक को स्वीकार या अस्वीकार करने को लेकर राज्यपाल को रिट जारी करना उसके लिए उचित नहीं है। अदालत ने कहा कि कानून चाहे कितना भी वांछनीय क्यों न हो, यह हमेशा राज्यपाल पर निर्भर करता है कि वह किसी विधेयक को मंजूरी दे या नहीं दे। इस विवेक का प्रयोग करते समय, राज्यपाल अपने मंत्रियों के कार्य और सलाह को लेकर बाध्य महसूस नहीं कर सकता।

# एमसीडी सफाई कर्मचारियों को जून का वेतन मिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● महापौर शैली ने कहा, भाजपा के 15 साल के शासन में ऐसा कभी नहीं हुआ



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सफाई कर्मचारियों का जून का वेतन एक जुलाई को जमा कर दिया गया। महापौर शैली ओबेरॉय ने मंगलवार को यह जानकारी दी और दावा किया कि एमसीडी में भाजपा के 15 साल के शासन के दौरान ऐसा कभी नहीं हुआ था।

ओबेरॉय ने यहां सिविक सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी में लगभग 30,500 पूर्णकालिक सफाई कर्मचारी और करीब 16,000 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं। महापौर ने कहा कि हमारा सपना दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाना है।

यह आम आदमी पार्टी और हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना भी है। सफाई कर्मचारी एमसीडी की रीढ़ हैं। हम अपने सफाई कर्मचारियों को बधाई देना चाहते हैं क्योंकि जून महीने का उनका वेतन जुलाई के पहले दिन जमा किया जा चुका है। शैली ओबेरॉय ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए दावा किया कि ऐसा पहली बार हुआ है कि दिल्ली में सफाई कर्मचारियों का वेतन महीने के पहले दिन जमा कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि वेतन इसलिए समय पर जमा किया गया है क्योंकि एमसीडी ने अपना राजस्व सृजन भी बढ़ाया है। वहीं आप विधायक व एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में एमसीडी के सफाई कर्मचारियों को पहली तारीख को तनख्वाह मिलने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद किया है।

### निगम कर्मियों को भ्रमित कर रही आप : नेता विपक्ष



*दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने महापौर शैली ओबरॉय के समय पर कर्मचारियों को वेतन दिए जाने के बयान का खंडन करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकाल में भी निगम के सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाता था। उन्होंने कहा कि वे स्वयं 2022-23 में उत्तरी दिल्ली के महापौर थे और भाजपा के कार्यकाल के दौरान भी निगम के सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आप की दिल्ली सरकार ने निगम का बकाया फंड कभी भी समय पर नहीं दिया था और उसके बावजूद हमने कर्मचारियों को समय पर वेतन देने का कार्य किया था।*

# कांवड़ मांर्गों पर 1 हजार जवान तैनात और ड्रोन से निगरानी

● पूर्वोत्तर जिले में 47 शिविर बनाए गए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर दिल्ली में कांवड़ियों के लिए समर्पित मार्ग बनाए गए हैं और उनकी निगरानी के लिए लगभग एक हजार पुलिसकर्मी व ड्रोन तैनात किए गए हैं। जिले को अलग-अलग जोन में बांटा गया है और वहां समान संख्या में (लगभग एक हजार) नागरिक रक्षा स्वयंसेवी भी तैनात किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा कि कांवड़ यात्रा मंगलवार को शुरू हो गई। उन्होंने कहा, कांवड़ियों की आमद मंगलवार से आरंभ हो गई। हमने जमीन पर एक हजार पुलिसकर्मी और इतनी ही संख्या में नागरिक रक्षा स्वयंसेवी तैनात किए हैं। हमने केंद्रीय बलों की 15 कंपनियों की भी मांग की है। उन्होंने कहा, हमारे पास 25 ड्रोन हैं, जिनका रणनीतिक इस्तेमाल किया जाएगा। यात्रा के दौरान जमीन पर सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त मौजूदगी रहेगी। सुरक्षाकर्मी तीन पाली में काम करेंगे। प्रत्येक पाली आखिरी पाली खत्म होने से एक घंटे पहले शुरू होगी। टिर्की के मुताबिक, पूर्वोत्तर जिले में 47 शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें सरकार द्वारा स्थापित 41 शिविर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हर शिविर में कम से कम आठ सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन उपकरण और खाना पकाने की सुविधा होनी चाहिए। टिर्की के अनुसार, कावंड़यिों के मार्ग पर नजर रखने के लिए कई सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, पुलिस की संचार इकाई की मदद से चार अस्थाई नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। ए नियंत्रण कक्ष मंगलवार तक काम करने लगेंगे। टिर्की के मुताबिक, आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी), स्वयंसेवक, पीसीआर वैन और पुलिस की मोटरसाइकिलें कांवड़ मार्ग पर चौबीसों घंटे मौजूद रहेंगी। उन्होंने कहा, अमन समिति के सदस्यों के साथ दो बैठकें की गईं- एक ईद से पहले 27 जून को और दूसरी सोमवार को। हमने 300 और बैरिकेड भी मांगे हैं। इसके अलावा, कांवड़ यात्रा के लिए एक सुरक्षित गलियारा बनाया जाएगा।

### भोले भक्तों के लिए बेहतर सुविधाएं देंगे: सीएम



**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने ट्वीट किया, आप सभी को पवित्र श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव जी की कृपा आप सभी पर सदा बनी रहे। हर साल की तरह दिल्ली सरकार सभी शिवभक्त कांवड़ियों के लिए पूरी दिल्ली में कांवड़ शिविर स्थापित कर रही है जहां सभी भोले भक्तों के लिए अच्छी एवं बेहतर सुविधाएं होंगी। हर हर महादेव।

# सरकार ने नालों और यमुना की सफाई पर किया फोकस

● उपराज्यपाल वी.के सक्सेना के साथ एनजीटी चेयरपर्सन ने भी किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



एनजीटी चेयरपर्सन के साथ निरीक्षण करते उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ।

यमुना की सफाई और नौपरिवहन विस्तार की संभावनाओं के विस्तार के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना और एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने आईएसबीटी और आईटीओ बैराज के बीच भारतीय नौसेना की नाव पर यमुना के नौगम्य विस्तार का निरीक्षण किया।

उपराज्यपाल के आदेश पर भारतीय नौसेना नाव द्वारा पिछले महीने इस खंड की नौपरिवहन का पतला लगाया गया था। एलजी और एनजीटी चेयरपर्सन के साथ संबंधित विभागों डीडीए, आईएंडएफसी, एमसीडी और डीजेबी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ क्षेत्रों में गठित उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) के निर्देशों के तहत नदी के बाढ़ क्षेत्रों पर किए गए सफाई कार्यों का भी जायजा लिया। एचएलसी 8 अलग-अलग मापदंडों के माध्यम से यमुना नदी के कायाकल्प की निगरानी कर रहा है, जिसमें नदी और उसके किनारों पर जमा सीवरेज की गाद निकालने के अलावा, बाढ़ के मैदानों की सफाई और बहाली भी शामिल है। वजीराबाद बैराज से आईटीओ बैराज तक बाढ़ के मैदानों की बहाली का काम, इसके पहले चरण में, इस साल फरवरी में शुरू हुआ था और तब से पूरा हो चुका है। आईटीओ बैराज और ओखला के बीच सफाई अभियान चल रहा है। एलजी ने कहा कि आईटीओ बैराज तक 11 किलोमीटर की दूरी पर सफाई का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। उन्होंने दोहराया कि यमुना के पुनर्जीवन के किसी भी दीर्घकालिक समाधान में दिल्ली के आम निवासियों को शामिल करना होगा।

### नजफगढ़ नाले की सफाई युद्ध स्तर पर : सौरभ

**नई दिल्ली।** यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बाढ़ एवं सिचाई मंत्री सौरभ भारद्वाज ने नजफगढ़ नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाद निकालने के कार्य और पंटूल पुल पर इंस्टॉल हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर का मुआयना किया। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि केवल उपचारित सीवेज को यमुना में छोड़ा जाए। उन्होंने बाढ़ एवं सिचाई मंत्री ने भूजल के माध्यम से जल संरक्षण व अन्य मुद्दे की समस्या के समाधान पर भी जोर दिया। भारद्वाज ने बताया कि वाटर हाइसेंट (जलकुंभी) पानी के लिए बहुत खतरनाक होते हैं।

### शिक्षक स्थानांतरण पर एलजी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** लोकतांत्रिक अध्यापक मंच दिल्ली के अध्यक्ष कृष्ण कुमार फोगाट ने शिक्षकों के ऑनलाइन स्थानांतरण में ट्रांसफर और पोस्टिंग नीतियों के उल्लंघन की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखा है।

फोगाट ने कहा कि शिक्षा निदेशालय जीएनसीटी में बड़ी संख्या में शिक्षकों को गलत तरीके से अधिक बतारक ट्रांसफर किया गया है। जिससे शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। डीओई ने भी माना है कि बड़ी संख्या में शिक्षकों का गलत ट्रांसफर किया गया है। कई स्कूलों में छात्र और शिक्षक अनुपात का अवहेलना की गई है। कुछ स्कूलों में एक पद पर दो-दो शिक्षकों का तबादला कर दिया गया है। फोगाट ने एलजी से डीओई अधिकारियों से गलते स्थानांतरण को वापस लेने की अपील की है।

# कोई तो बताए आखिर कब सुधरेंगे मिलेनियम सिटी के ये हालात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इसमें** कोई दोराय नहीं कि गुरुग्राम में विकास कार्यों पर सरकार ने दिल खोलकर खर्च किया है। शहर का एक स्टैंडर्ड बनाने के लिए यहां सड़कों, फ्लाईओवर, अंडरपास, यू-टर्न बनाए गए हैं। अगर कुछ नहीं हो पाया है तो वह है बरसाती पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध। हालांकि प्रशासन के प्रयासों में कहीं कमी नजर नहीं आती, लेकिन जलभराव गुरुग्राम की जनता को अखरता है।

बरसात से ठीक पहले बैठकें करके अधिकारी जो दावे करते हैं वे मामूली बरसात में ही धुल जाते हैं। ऐसा ही मंगलवार की बरसात से भी हुआ। जलभराव से लोग परेशानी झेलते हैं, लेकिन यहां शायद ही आज तक किसी अधिकारी की जवाबदेही तय हुई हो। बरसात का मौसम शुरू होते ही गुरुग्राम में लोगों की टेंशन बढ़ जाती है। भले ही गर्मी से राहत मिलती हो, लेकिन बरसात के कारण होने वाले जलभराव और यातायात जाम लोगों की परेशानी बढ़ा देता है। लेबर हो या कंपनियों के सीईओ, सभी गुरुग्राम में होने वाली बरसात में गर्मी से राहत मिलने के साथ आफत में भी फंस जाते हैं।

## जलभराव की निकासी का पुख्ता प्रबंध नहीं होने से नाराज हैं लोग

**दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर-48 पर रहती है नजर :** जलभराव वाले स्थानों की बात करें तो नए व पुराने गुरुग्राम के बीचों-बीच गुजर रहा दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर-48 सबसे मुख्य जगह है। यहां पहले तो नाले बरसाती पानी से भरते हैं। धीरे-धीरे पानी सर्विस लेन में भरता है और देखते ही देखते कई फुट पानी हाईवे पर भर जाता है। इस जलभराव के कारण हाईवे से गुजरने वाले वाहन खराब होने शुरू हो जाते हैं। मंगलवार की बरसात में भी यह तस्वीर नजर आई। हाईवे पर पानी भर गया। हाइवे के दोनों ओर का क्षेत्र औधोगिक क्षेत्र है। स्वाभाविक है कि हर 8 घंटे की शिफ्ट में यहां पर कर्मचारी, श्रमिक पैदल, साइकिल, बाइक पर पहुंचते हैं। उनके लिए यहां भरने वाला पानी उनकी मुसीबत को बढ़ा देता है।




गुरुग्राम स्थित सिविल लाइन में भरा बरसात के पानी से गुजरते वाहन। तथा गांव बसई में सड़क पर भरा बरसाती पानी।

**सीएम के कहने पर भी बसई फ्लाईओवर नहीं हुआ डबल :** गांव बसई के समाजसेवी राजेश शर्मा के मुताबिक मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक बार बसई फ्लाईओवर से गुरुग्राम में प्रवेश करते रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ बुजुर्गों व अन्य लोगों के पास वे रुके और उनका हाल-चाल जाना। लोगों से उन्होंने समस्याएं भी पूछी तो उन्हें बसई फ्लाईओवर पर लगने वाले जाम और बसई में भरने वाले बरसाती पानी की शिकायत की गई थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बसई फ्लाईओवर को डबल करने की बात कहकर ग्रामीणों को खुशी दी थी। राजेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण अभी इसी इंतजार में हैं कि मुख्यमंत्री इस फ्लाईओवर को कब डबल कराएंगे। यहां सुबह से लेकर शाम तक विशेषकर बरसात में लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके, इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। साथ ही गांव के बीचों-बीच सड़क पर होने वाले जलभराव से भी छुटकारा दिलाया जाए। हालांकि बसई गांव और सेक्टर-9ए के साथ से होते हुए द्वारका एक्सप्रेस-वे तक एक नया फ्लाईओवर जरूर बना दिया है। राजेश शर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर का उद्घाटन कई महीने पहले किया था, लेकिन इस पर से चलने की अभी मनाही है। अक्सर इस फ्लाईओवर को दोनों तरफ से बंद कर दिया जाता है। खासकर बरसात के मौसम में।

**जिला में तहसील, उप-तहसील अनुसार बारिश :** मंगलवार को गुरुग्राम तहसील में रिकॉर्ड 65एमएम बारिश हुई। सब-तहसील कादीपुर में 25एमएम, सब-तहसील हरसरू में 25, तहसील वजीराबाद में 53, सब-तहसील बादशाहपुर में 36, तहसील सोहना में 10, तहसील मानेसर में 16एमएम बारिश दर्ज की गई। तहसील पटौदी और फरूखनगर में बारिश नहीं हुई।

# गुरुग्रामः स्टार्टअप 20 में विदेशियों के समक्ष हरियाणवी संस्कृति का तड़का



स्टार्टअप 20 कार्यक्रम में विदेशियों के समक्ष हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कलाकार



तथा कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल व वरिष्ठ अधिकारी।



स्वागत में पारंपरिक हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में दो दिवसीय स्टार्टअप 20 शिखर कार्यक्रम में विदेशी मेहमानों के सम्मान में हरियाणवी कलाकारों ने अपनी कला और संस्कृति को परोसा। रात्रि भोज कार्यक्रम में हरियाणा के स्कूल शिक्षा, हेरिटेज एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल की मौजूदगी में विदेशियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया।


भोज कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी लोक नृत्यों फाग, धमाल, गूंगा धमोड़ा, सावन के महीने व मांगलिक अवसरों पर गाए जाने वाले लोक गीतों तथा शास्त्रीय गायक दुर्गा जसराज व उनकी टीम द्वारा भारतीय संगीत की विविधताओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी। विदेशी मेहमानों व स्टार्टअप कॉन्क्लेव में पहुंचे देश की नवोदित प्रतिभाओं से जमकर प्रशंसा मिली। मंत्री कंवर पाल के साथ स्टार्टअप 20 चेयर डा. चिंतन वैष्णव तथा हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय प्रशासन की ओर से डिविजनल कमिश्नर आरसी बिढान, डीसी निशांत कुमार यादव, सीपी कला रामचंद्रन, सीपीओ वत्सल वशिष्ट सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

## हरियाणा की धरती पर दिखा भारत की सांस्कृतिक विविधता का संगम

## हरियाणा के स्कूल शिक्षा, हेरिटेज एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल पहुंचे

विशेष अवसरों पर महिलाओं के लोक गीतों व नृत्य की प्रस्तुतियों के दौरान स्टार्टअप 20 शिखर कार्यक्रम में पहुंची विदेशी मेहमान भी खुद को नहीं रोक पाई और कलाकारों के दल के साथ स्वयं भी नृत्य में शामिल हुई। हरियाणा के पारंपरिक परिधान दामण, कुर्ता, चुंदड़ी, बोरला आदि से सजी महिला कलाकारों ने मेरा नो डांडी का बीजणा तथा धोती-कुर्ता व तुर्रा बांधे पुरुष कलाकारों की फागण आया रंग भरा लोक गीतों की प्रस्तुति को सभी मेहमानों ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड भी किया।

सांस्कृतिक संध्या के दौरान शास्त्रीय गायक दुर्गा जसराज व उनकी टीम से केदार पंडित व नीलाद्री मिश्रा आदि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के विविध स्वरूपों से मेहमानों को रूबरू कराया। शास्त्रीय संगीत के साज व अलग-अलग राग से जुड़ी जीवंत प्रस्तुतियों ने माहौल को खुशनुमा बनाए रखा। हरियाणा सरकारी की संगीतमयी प्रस्तुति व लाजवाब पकवानों से विदेशी मेहमान बेहद खुश नजर आए।




स्टार्टअप 20 कार्यक्रम में आसमान में लेजर शो का नजारा।

## ड्रोन शो से दिखी भारत की भव्यता




स्टार्टअप 20 कार्यक्रम में आसमान में लेजर लाइटिंग से लिखा स्टार्टअप 20 ने जीता दिला।

**स्टार्टअप** 20 शिखर के पहले रात्रि भोज के दौरान विशेष ड्रोन शो का भी आयोजन किया गया था। ओरोना कनवेंशन सेंटर के बाहर आसमान में उड़ते ड्रोन व उनकी रंगीन रोशनी से आसमान जग-मग नजर आया। ड्रोन शो से भारत की भव्यता व जी 20 की विकास यात्रा की तस्वीर दिखाई दी। आसमान में ड्रोन शो को देखने न केवल स्टार्टअप 20 शिखर में पहुंचे मेहमान, बल्कि आस-पास के रिहायशी इलाकों के लोग भी घरों से बाहर निकल आए।

# जो प्लास्टिक आपके लिए है बेकार उसे ये युवा देते हैं खास आकार




प्लास्टिक से बनाई गईं कुर्सियां तथा बनाए गमलों में लगे प्लांट्स।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## एनआईटी कुरुक्षेत्र से पास आउट युवाओं ने प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग करते हुए बनाये बेहतरीन उत्पाद

## युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वरोजगार के रूप में अपनाया

## गुरुग्राम में स्टार्टअप-20 शिखर सम्मेलन में पहुंचे ये युवा

**जिस** प्लास्टिक को आप समझते हैं बेकार उसे ये युवा देते हैं खास आकार। यह कोई मुहावरा नहीं है बल्कि कुरुक्षेत्र एनआईटी (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान) से पास आउट युवाओं के उन प्रयासों से सराहना है जिसमें उन्होंने बेकार पड़े रहने वाले प्लास्टिक कचरे से तरह-तरह के उत्पाद तैयार कर दिए।

प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग करते हुए कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दो विद्यार्थियों ने ऐसा प्रयोग करके जहां पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाई है, वहीं स्टार्टअप के साथ रोजगार के अवसर भी खोज लिए हैं। इकोनशियस नाम से प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करते हुए उपयोगी उत्पाद बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले मूल रूप से कानपुर निवासी सोनल शुक्ला व दिल्ली के वैभव वर्मा आज सभी विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। ये युवा हरियाणा सरकार की नई औद्योगिक नीतियों के अनुरूप प्लास्टिक वेस्ट को स्टार्टअप करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

**कोरोना जैसी आपदा में खोजे अवसर :** गुरुग्राम के ओरोना कन्वेंशन सेंटर में स्टार्टअप 20 शिखर सम्मेलन के तहत लगी प्रदर्शनी में अपने उत्पाद लेकर पहुंचे युवा सोनल व वैभव बताते हैं कि कोरोना महामारी के दौर में उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट का सदुपयोग करने की सोची। स्टार्टअप करते हुए खुद ही मशीन बनाकर उत्पादन शुरू किया। सोनल व वैभव ने बताया कि इकॉन्स्कीयस भारत में स्थित एक सामाजिक प्रभाव वाला स्टार्टअप है, जो लोगों को उनके प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा करके उसे उपहार देने और सार्वजनिक उपयोगिता उत्पादों में परिवर्तित करके उनके कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद करता है।

**घरों, स्कूलों, उद्योगों से निकले प्लास्टिक को करते हैं इकट्ठा :** वे कहते हैं कि हम घरों, स्कूलों और उद्योगों से एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे को बर्तनों, प्लांटर्स, कार्यालय की आपूर्ति और बाहरी सार्वजनिक स्थान के उत्पादों जैसे बेंच और कूड़ेदान जैसे उत्पादों में पुनर्चक्रित करते हैं। ये उत्पाद पूरी तरह से प्लास्टिक कचरे से बने हैं। अब तक उनके प्रोजेक्ट में 1,50,000 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक को लैंडफिल में जाने से रोका है। वे अब तक सार्वजनिक स्थानों पर 500 से अधिक बेंच स्थापित की हैं।

**सरकार की भागीदारी से आगे बढ़ रहा प्रोजेक्ट :** स्टार्टअप के दोनों सह-संस्थापक सोनल शुक्ला और वैभव वर्मा ने बताया कि उनके स्टार्टअप की शुरुआत में एनआईटी कुरूक्षेत्र ने अहम भूमिका निभाई। हरियाणा सरकार ने भी उनके स्टार्टअप को जनहित में सराहनीय बताया और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में यह स्टार्टअप मील का पत्थर साबित हो रहा है। उनके उत्पाद अन्य उत्पादों से न केवल सस्ते हैं, बल्कि ड्यूरेबल भी हैं। वे रा मेटीरियल सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से लेते हैं और अपने प्लांट में बेहतरीन उत्पाद तैयार करते हैं।

# बिजली की दुकान का ताला तोड़ करीब 2 लाख का सामान हुआ चोरी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** के गांव हाजिपुर में रात के अंधेरे में दुकान के शटर पर लगा ताला तोड़ करीब 2 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया। चोरी किए गए बिजली पंखों की पैकिंग के गत्ते गांव बाहर खेतों में पड़े मिले। सोहना सदर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

गांव हाजिपुर निवासी सतबीर ने पुलिस को बताया कि उसने पलवल-सोहना राष्ट्रीय मार्ग 919 के साथ लगा पैट्रोल पंप के साथ बिजली के सामान बिक्री की दुकान की हुई है। शनिवार को वह अपनी दुकान को ताला लगाकर रात को अपने घर चला गया था। रविवार की सुबह समय करीब साढ़े 7 बजे गांव के ही निवासी योगेश ने उसे फोन करके बताया कि उनके खेत में बिजली को पंखे पैकिंग के गत्ते उनके खेत में पड़ें है। शक के आधार पर वह वहा पहुंचा तो उसने अपने पंखों के गत्तों की पहचान कर ली। वह दौड़कर वापस अपनी दुकान पहुंचा तो उसका शटर बिना ताला के लगा हुआ था। ताला पास में टूटा पड़ा था। शटर को उठाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जांच करने पर दुकान के अंदर से 10 पंखे, 7 इंवेटर, 3 मोटर, 2 वोल्टेज, 35 किलोग्राम कॉपर की तार, 3 मंडल पीवीसी तार समेत 5 मंडल तारों समेत अन्य सामान गायब था। दुकान के साथ लगता पैट्रोल पंप समेत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से चोरों की तलाश शुरु कर दी है। अज्ञात चोर सामान को गाड़ी में भरकर ले गए है। गाड़ी के निशान दुकान के बाहर से खेतों की तरफजाने वाले रास्ते में देखे गए है।

**( संतोष कुमार-थाना प्रभार सदर सोहना )**



सोहना के गांव हाजिपुर में बिजली की दुकान का ताला तोड़कर की गई चोरी के बाद खुला शटर।

# अगले एक महीने में पटेल नगर से हट जाएंगी बिजली की तारें: नवीन गोयल

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**शहर** की पुरानी कालोनी पटेल नगर में बिजली की हाई टेंशन लाइन से बनी टेंशन को दूर कराने के लिए लगातार प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयास सफल भी हो रहे हैं। मंगलवार को नवीन गोयल ने क्षेत्र में बची हुई एक लाइन से तारें हटवाने के लिए चंडीगढ़ में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से मुलाकात की। उन्होंने बिजली निगम के चीफ इंजीनियर को तुरंत निर्देश दिए कि एक महीने के भीतर इन तारों को हटाया जाए। नवीन गोयल की ओर से बिजली मंत्री रणजीत सिंह को सौंपे गए पत्र में कहा गया कि पटेल नगर के घरों के ऊपर से गुजर रही 66केवी और 11000केवी की दो लाइनें परेशानी का सबब बनी हुई हैं। ये लाइनें पटेल नगर से होते हुए शीतला कॉलोनी, राजीव नगर के घरों के ऊपर से भी गुजरती हैं। इस कारण इन क्षेत्रों के हजारों मकान और लोग इससे प्रभावित हैं। लोगों को इन लाइनों से काफी परेशानी होती है। इसलिए इन लाइनों को इन क्षेत्रों से हटाकर लोगों को राहत दी जाए। नवीन गोयल के आग्रह पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने मौके पर ही बिजली निगम के चीफ इंजीनियर एमके वत्स से बात की और आदेश दिए कि एक महीने के भीतर ही बची हुई लाइनों को हटाया जाए। बिजली मंत्री के इस ठोस आश्वासन और अधिकारियों को निर्देशित करने पर नवीन गोयल ने उनका आभार जताया।



बिजली मंत्री को पटेल नगर की समस्या से संबंधित पत्र सौंपते नवीन गोयल।

# जून महीने में गुरुग्राम यातायात पुलिस ने काटे 90 हजार से ज्यादा चालान

**गुरुग्राम।** सुरक्षित यातायात के लिए पुलिस, सरकार, समाजसेवी संस्थाएं समय-समय पर वाहन चालकों को पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जिन पर इसका कोई असर नहीं होता। कहने को तो यहां लोग मिलेनियम सिटी में रहते हैं, लेकिन यहां कानूनी तौर-तरीकों को गंभीरता से नहीं ले रहे। इसका प्रमाण है पिछले एक महीने में (1 जून से 30 जून 2023 के बीच) गुरुग्राम पुलिस द्वारा काटे गए 90 हजार से अधिक चालान। गुरुग्राम पुलिस द्वारा 1 जून से 30 जून 2023 तक रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रॉन्ग पार्किग, कम उम्र में ड्राइविंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड, रेड लाईट जंप, ब्लैक फिल्म, मोबाइल फोन का इस्तेमाल, लेन चेंज, ट्रिपल राइडिंग व बिना नंबर प्लेट, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के नियमों की उल्लंघना के चालान काटे गए। ऐसे लोगों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 90425 चलान किए।



चालान काटते यातायात पुलिसकर्मी। फाइल फोटो।

चालानों के ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। शायद ही इससे पहले कभी इतने चालान काटे गये हों। इन चालानों में रॉन्ग साइड के 1487 चालान, रॉन्ग पार्किंग के 6762, कम उम्र में वाहन चलाने के 63, बगैर हेलमेट के 2468, बगैर सीट बेल्ट के 1866, ड्रिंक एंड ड्राइव के 388, ओवर स्पीड के 221, रेड लाईट जंप के 601, डार्क फिल्म के 171, मोबाइल फोन इस्तेमाल के 464, लेन चेंज 1547 चालान काटे गए। जो कुल मिलाकर 90425 चालान हुए। इन चालानों से जुर्माना राशि के रूप में 3 करोड़ 10 लाख 58 हजार 600 रुपये वसूले गए। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाही करते हुए 48416 चालान जारी किए गए। जिनका कुल जुर्माना 46 लाख 20 हजार 400 रुपए है।

# नप चेयरपर्सन अंजू देवी को मिली हाई कोर्ट से जमानत, विरोधियों के चेहरे मुर्झाएं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र में राजस्थान की हाई कोर्ट से 37 दिन के बाद जमानत मिली। अंजू देवी की जमानत होने से विरोधियों के चेहरे मुर्झाए। सदन में विरोधी विपक्षी गुट को मजबूत करने में जुट गए है। राजस्थान की जेल में 37 दिन से फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र में रह रही अंजू देवी को मंगलवार की दोपहर हाई कोर्ट से जमानत मिल गई।

अंजू देवी की जमानत से विरोधियों को योजना पर पानी फिर गया है। अंजू देवी एक बार फिर से नगर परिषद की चेयरमैन पद पर सत्ताशीन होगी। उपचेयरपर्सन रीना छावड़ी को सौंपा गया कार्यवाहक चार्ज समाप्त हो गया है। रीना छावड़ी को हरियाणा शहरी निकाय विभाग ने 22 जून को अंजू देवी की गैर मौजूदगी में चेयरपर्सन का कार्यभार सौंपा था। लेकिन बीतें करीब 12 दिन में ऐसा कोई कार्य रीना छावड़ी के नेतृत्व में नहीं हुआ।



नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की।

## विरोधी होने लगे एकजुट

**अंजू** देवी की जमानत से निराश विरोधी गुट के पार्षदों के चेहरे जहां मुर्झा गए है। वहीं विरोधियों ने अपनी ताकत को एक करने में जुट गए है। विरोधियों के पास पार्षदों की ताकत चेयरपर्सन से अधिक है। जिससे अंजू देवी को बहुत ही सोच समझकर अपने कदम रखनें होंगे।

## 28 मई को हुई थी गिरफ्तारी

**अंजू** देवी को राजस्थान पुलिस 28 मई को नगर परिषद के वार्ड-2 में स्थित ग्लोबल हाईट सोसायटी के फ्लेट से गिरफ्तार किया था। इसी दिन पुलिस ने अदालत में पेश करते हुए देर रात में जेल भेज दिया था। अंजू देवी द्वारा लॉवर व सेंशन कोर्ट में लगाई गई जमानत याचिकाएं रदद हो गई थी। उसके बाद अंजू देवी ने राजस्थान की हाई कोर्ट में अपनी जमानत याचिका दायर की थी।

# 1 से 7 जुलाई तक सुपर वैल्यू डेज में ताजे फलों और सब्जियों पर पाएं शानदार बचत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्राइम** डे से पहले एक से सात जुलाई तक सुपर वैल्यू डेज के दौरान रोज इस्तेमाल होने वाले ग्रोसरी और घरेलू सामान की खरीद के साथ आनंद के पल खोजें। स्टेपल, पैकेज्ड फूड्स, पर्सनल केयर और बेबी एंड पेट केयर प्रोडक्ट और अन्य पर 45% तक की छूट का लाभ उठाएं। कस्टमर माह की जरूरी वस्तुओं का स्टॉक कर सकते हैं और टाटा, सम्पन्न, डाबर, दावत, आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांडों पर नए ऑफर का लाभ उठा सकते हैं और यह सिंगल ऑनलाइन डेस्टीनेशन से आसान डिलीवरी विकल्पों के साथ उपलब्ध हैं।

कस्टमर एक से 4 जुलाई 2023 तक न्यूनतम 2500 रुपये के ट्रांजेक्शन पर आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट और 300 रुपये तक के डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं। इस वर्ल्ड चॉकलेट डे पर, अमेजन फ्रेश पर चॉकलेट स्टोर से चॉकलेट का उपहार देकर अपने प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएं। कस्टमर खास तौर पर बनाए गए मिलेट स्टोर से सुपरफूड्स पर ऑफर की एक वाइड रेंज एक्सप्लोर कर सकते हैं, जिसमें रागी, ज्वार, बाजरा, क्विनोआ शामिल हैं।

## ग्राहक खास तौर पर बनाए गए मिलेट स्टोर से सुपरफूड्स पर ऑफर की एक वाइड रेंज एक्सप्लोर कर सकते हैं

अमेजन इंडिया 15 और 16 जुलाई को प्राइम के साथ वापस आ रहा है। तो प्राइम मेंबर्स टॉप ब्रांडों और छोटे एवं मध्यम बिजनस के नए लॉन्च, बड़ी बचत, ग्रेट डील्स, ब्लाकबस्टर एंटरटेनमेंट, पात्र मदों पर फ्री वन डे डिलीवरी और भी बहुत सी चीजों का आनंद उठाने के लिए तैयार हो जाएं। प्राइम डे के दौरान, आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट/ डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान पर और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट/डेबिट कार्ड और एसबीआई क्रेडिट कार्ड द्वारा ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 10% की बड़ी बचत करें। भारत सहित 25 देशों में 200 मिलियन से अधिक प्राइम मेंबर्स प्राइम का आनंद ले रहे हैं। क्या आप अभी तक मेंबर नहीं बने हैं? तो फ्री और फॉस्ट डिलीवरी, असीमित वीडियो, विज्ञापन-रहित संगीत, स्पेशल डील्स, लोकप्रिय मोबाइल गेम्स पर फ्री इन-गेम कंटेंट जैसे प्राइम लाभों का आनंद लेने के लिए amazon.in/prime पर 1499 रुपये प्रति वर्ष या 299 रुपये प्रति माह देकर आप भी प्राइम मेंबर्स बन सकते हैं।

## पवार की राजनीति
### राकांपा में दरार

**अजित पवार** के राज्य कैबिनेट में शामिल होने से राकांपा में दरार स्पष्ट रूप से सामने आ गई है। हाल ही में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-राकांपा के प्रमुख नेता अजित पवार के उप-मुख्यमंत्री के रूप में राज्य कैबिनेट में प्रवेश से महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य में तूफान आ गया है। अजित की पिछले साल भाजपा के साथ थोड़े समय के विवादास्पद गठबंधन के बाद अब कैबिनेट में वापसी से राकांपा के बीच व्याप्त गहरी विभाजक रेखायें स्पष्ट हो गई हैं। इस अप्रत्याशित कदम से पार्टी की आंतरिक गत्यात्मकताओं पर चिन्ता पैदा हो गई है जिसका असर इसके भावी रास्ते पर पड़ सकता है। शरद पवार ने सुप्रिया सुले व प्रफुल्ल पटेल की पदोन्नति कर उनको ज्यादा जिम्मेदारियां दी थी तथा अजित पवार व उनके हमदर्दों को हाशिए पर धकेल दिया था। ऐसे में इस उलटफेर का अनुमान लगाया जा रहा था। कुछ सप्ताह पहले शरद पवार के इस्तीफा प्रकरण से भी स्पष्ट था कि अजित पवार को कुछ पार्टी सदस्यों पर वरीयता नहीं मिलेगी जिसकी वे मांग कर रहे थे। बाद में सर्व-सम्मति से शरद पवार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया था। अजित पवार के राकांपा से जुड़ाव में उपलब्धियां व विवाद, दोनों हैं। वे अपनी चालाक राजनीतिक रणनीतियों तथा प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते थे जिससे उनको पार्टी में प्रमुख 'संकटमोचक' का दर्जा मिल गया था। हालांकि, 2019 में भाजपा से हाथ मिलाने का उनका दांव विफल रहा और महाराष्ट्र की वह सरकार चंद दिन ही चली। इससे



राजनेता के रूप में उनकी छवि खराब हुई तथा कद्दावर शरद पवार से उनकी निकटता में भी कमी आई। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा पिछले कुछ समय से आंतरिक असहमतियों व सत्ता संघर्ष का शिकार हो गई थी। वैसे भी इस पार्टी में ऐतिहासिक रूप से गुटबाजी हावी रही जहां विभिन्न नेता अपने प्रभुत्व के लिए संघर्ष कर रहे थे। पिछले साल अजित पवार के विवादास्पद निर्णय ने इन विभाजनों को और तीखा किया तथा पार्टी में गुटबाजी और तेज हो गई।

शरद पवार के विश्वासपात्र राकांपा नेताओं का एक हिस्सा भाजपा के साथ जाने के अजित पवार के निर्णय से अत्यधिक आहत था तथा वह इसे पार्टी की विचारधारा व सिद्धान्तों से धोखा मानता था। अचानक हुए इस बदलाव से राकांपा को भी बहुत निराशा हुई है जिसने महाराष्ट्र की सत्ता में आने के लिए शिवसेना और कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाया था। इस कदम से न केवल राकांपा के भीतर मतभेद बढ़े हैं, बल्कि उसके गठबंधन सहयोगियों में भी चिन्ता व्याप्त हो गई है। अजित पवार की पिछली कारगुजारियों को देखते हुए शिवसेना व कांग्रेस, ने उनके सरकार में पुनः-प्रवेश के प्रभावों पर चिन्ता प्रकट की है। इससे इन पार्टियों के पहले से ही नाजुक संबंधों पर और दबाव बढ़ा है। अजित पवार की पालाबदल के बाद राकांपा में कार्यकर्ताओं में विश्वास व एकजुटता पैदा करने की भारी चुनौती है। पार्टी को विभिन्न गुटों को साथ लेकर एक संयुक्त मोर्चा जैसी स्थिति बनानी चाहिए जो महाराष्ट्र के सामने उपस्थित मुद्दों का समाधान कर सके। राकांपा तथा उसके गठबंधन सहयोगियों की इज्जत और विश्वसनीयता दांव पर लगी है और उनके लिए समझदारी से काम करना बहुत जरूरी है। कैबिनेट में अजित पवार के पुनः प्रवेश से राकांपा की एकता व दीर्घकालीन संभावनाओं पर काली छाया मंडरा रही है। पार्टी नेतृत्व को अपने मूल सिद्धान्तों के प्रति दृढ़ता व प्रतिबद्धता प्रकट करनी होगी ताकि वह भविष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण व नई ताकत के साथ वर्तमान प्रकरण से उबर कर सामने आ सके।

# भारत बनेगा अग्रणी खिलौना निर्माता

**भारत ने 1.5 बिलियन डालर के खिलौने बनाए हैं और वह जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा खिलौना-निर्माता बन जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने स्वदेशी खिलौनों को प्रोत्साहित करने के अनेक कदम उठाए हैं।**



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान समय में दुनिया में चीन खिलौनों का सबसे बड़ा निर्माता व व्यापारी है, लेकिन जल्द ही इस क्षेत्र में भारत उसका स्थान प्राप्त कर लेगा। भारत ने 1.5 बिलियन डालर के स्वदेशी खिलौने बनाए हैं और वह जल्द ही चीनी खिलौनों को पीछे छोड़ देगा। इस तथ्य को अनेक बाजार विश्लेषण व शोध समूहों ने स्थापित किया है। इंटरनेशनल मार्केट एनालिसिस एंड कंसल्टिंग ग्रुप-आईएमएआरसी समूह के सर्वेक्षण के आधार पर स्पष्ट है कि भारत में 2028 तक खिलौनों का निर्माण दूना होकर 3.3 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा। वैसे भारत खिलौनों का आयातक भी है, लेकिन भारत में उनके आयात में भारी कमी आई है। इसके साथ ही भारत से खिलौनों का निर्यात तेज गति से आगे बढ़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले साढ़े तीन साल में भारत में खिलौनों के आयात में 70 प्रतिशत की भारी कमी आई है। इसके साथ ही भारत से खिलौनों के निर्यात में भी 61.3 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है।

उम्मीद है कि भारत ने प्रति वर्ष खिलौनों के उत्पादन व निर्यात में 12 प्रतिशत कंपांउड वार्षिक वृद्धि-सीएजीआर की स्थिति प्राप्त कर ली है। पिछले वर्षों में चीनी खिलौनों के निर्यात में भारी कमी का कारण उनके निर्माताओं द्वारा प्रतिबंधित रंगों व रसायनों का प्रयोग है जो बच्चों के लिए बहुत हानिकारक माने जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े खिलौना निर्माता मेट्टल को दुनिया भर से 2007 में 21 मिलियन डालर के चीन-निर्मित खिलौने वापस मंगाने पड़े थे। इनके रंगों में लेड की मात्रा बहुत अधिक थी तथा इसके साथ ही इन खिलौनों में अनेक असुरक्षित हिस्से भी प्रयोग हो रहे थे। भारत ने पहले 23 जनवरी, 2009 को विषाक्तता के कारण चीनी खिलौनों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था, पर 6 मार्च, 2009 में इसमें पुनः ढील दी गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 1 सितंबर, 2017 को चीनी खिलौनों के आयात पर पुनः प्रतिबंध लगा दिए गए। हालांकि, इस प्रतिबंध के बावजूद विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ के मानकों के कारण खिलौनों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध की संभावना नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने भारतीय खिलौना निर्माताओं की सहायता के लिए अनेक पहलें की हैं। इसका उद्देश्य भारतीय खिलौना निर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में सक्षम बनाने के साथ ही भारत के घरेलू बाजार में चीनी खिलौनों का दायरा और सीमित करना है। ट्वाय असोसियेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष, अजय अग्रवाल के अनुसार भारत सरकार इस दृष्टिकोण से खिलौना उद्योग के लिए एक विशेष योजना लागू करने पर विचार कर रही है। खिलौना उद्योग को उत्पादकता-आधारित प्रोत्साहन योजना से जोड़ने पर विचार हो रहा है। इससे खिलौना उद्योग की गतिविधियों में व्यापक विस्तार होगा। भारत में दुनिया के 12 साल आयुवर्ग तक बच्चों का 25 प्रतिशत रहता है। इसे देखते हुए देश में खिलौनों की भारी मांग है। भारत में खिलौना निर्माण का समृद्ध इतिहास एवं संस्कृति भी है।

हालिया वर्षों में चीनी से खिलौनों के आयात में भारी कमी ला कर भारतीय खिलौना उद्योग ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की है और यह उसके इतिहास का शानदार अध्याय है। चीनी वस्तुओं पर निर्भरता घटाने तथा स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के एि अनेक नीतियां बनाई गई हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, इसके साथ ही अनेक पश्चिमी देशों ने दुनिया की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से उत्पादों को दूसरे स्थानों पर ले जाने के प्रयास किए हैं। भारत ने इसका लाभ उठाने के लिए भी अनेक योजनायें बनाई हैं। लगभग 90 बिलियन डालर के विश्व खिलौना बाजार में भारत का हिस्सा केवल 0.5 प्रतिशत, यानी 500 मिलियन डालर है। भारत में खिलौना निर्माता मुख्यतः एनसीआर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु व कुछ अन्य राज्यों के क्षेत्रों में केन्द्रित हैं। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट, आंध्र प्रदेश में कोंडापल्ली, तंजोर गुड़ियों, घुरनी मिट्टी के खिलौने, राजस्थान की कठपुतलियां तथा बैंगलुरू-मैसुरू राजमार्ग पर स्थित चेन्नपट्टना में खिलौना बनाने ककी परंपरा रही है, लेकिन वे आधुनिक पैमाने व परंपराओं के अनुकूल स्वयं को ठीक से ढाल नहीं सके। विश्व व्यापार संगठन के अनुसार परंपरागत कौशलों को जियोग्राफिकल इंडिकेशन-जीआई से सुरक्षित किया गया है।

पश्चिमी देशों में 'विशिष्ट कला रूपों' के रूप में भारतीय खिलौनों की मांग है। भारत के खिलौना उद्योग में लगभग 4,000 सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम-एमएसएमई हैं जो मुख्यतः असंगठित क्षेत्र में आते हैं। देश की बढ़ती जनसंख्या के साथ ही खिलौनों की मांग भी बढ़ रही है। इसके साथ ही आय के बढ़ते स्तर तथा लोगों में खिलौनों के लाभों के प्रति बढ़ती जागरूकता भी इनकी मांग बढ़ा रही है। लोग जानते हैं कि बच्चों की संज्ञानात्मक क्षमतायें बढ़ाने में खिलौनों का भारी योगदान है। इससे देश में खिलौनों का बाजार बढ़ रहा है। परंपरागत खिलौनों के बजाय आधुनिक व हाईटेक एलेक्ट्रानिक खिलौनों की ओर बढ़ा रुझान भी बाजार की वृद्धि में सहायक है। आईएलओ के अनुसार, विशेष गुणों वाले दिव्यांग बच्चों के लिए भी संवेदनशील व खास किस्म के खिलौनों की मांग से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उत्कृष्ट तकनीक व मशीनों ने खिलौना निर्माताओं को नए-नए खिलौने बनाने को प्रोत्साहित किया है जिससे बाजार के प्रति दृष्टिकोण बदला है। स्मार्टफोन, लैपटाप व पर्सनल कंप्यूटर-पीसी की संख्या बढ़ने के साथ ही सोशल मीडिया में बढ़ती दिलचस्पी भी बाजार की वृद्धि को गति दे रही है। ई-कामर्स के माध्यम से अमेजन ने 292 मिलियन डालर, वालमार्ट ने 4645 मिलियन डालर तथा टार्गेट ने 1621 मिलियन डालर के खिलौने बेचे हैं। वित्त वर्ष 2018-19 में भारत का खिलौना आयात 1.4 बिलियन डालर था। वर्ष 2020 में भारत मे बिकने वाले लगभग 85 प्रतिशत खिलौने आयातित थे। इनमें चीन का हिस्सा सबसे बड़ा था और इसके बाद श्रीलंका, मलेशिया, जर्मनी, हांगकांग व अमेरिका का स्थान था।

भारतीय बाजार में उपलब्ध अनेक प्रकार के खिलौनों को उनेक प्रयोग व उद्देश्य, यानी शैक्षिक व मनोरंजक खिलौनों के रूप में मोटेतौर से दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है। इन दो श्रेणियों में शैक्षिक खिलौनों की श्रेणी में अनेक खिलौने और गेम्स प्लास्टिक व कार्डबोर्ड सामग्री से बने हैं। मनोरंजक खिलौनों में एलेक्ट्रानिक खिलौने, रिमोट कंट्रोल, वीडियो गेम्स, बैटरी से चलने वाले खिलौने, कारें, प्लास्टिक के खिलौने, गुड़ियां, साफ्ट खिलौने तथा मैकेनिकल पुल बैक खिलौने आधुनिक माता-पिता के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। लेकिन इन सब खिलौनों में एलेक्ट्रानिक खिलौनों व गेम्स तथा बैटरी से चलने वाले खिलौने भारत में कम बनते हैं। बाजारों में अब भी चीनी उत्पाद बिकते हैं क्योंकि इन्होंने ग्राहकों के एक वर्ग को प्रभावित किया है। सस्ते तथा बेहतर गुणवत्ता के होने के बावजूद भारतीय खिलौनों को अभी बाजार में अपना स्थान बनाना है। लोगों में यह समझ है कि आयातित खिलौने तकनीकी रूप से बेहतर हैं। भारतीय खिलौना निर्माताओं का कहना है कि शुरुआती चरण में ऐसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है, पर स्वदेशी खिलौनों की उपलब्धता में और सुधार होने पर यह नजरिया बदल जाएगा।

निर्माताओं को लगता है कि प्लास्टिक खिलौनों से शुरुआत करना ज्यादा आसान है, पर उनको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। न केवल कई प्रकार की धातुओं व प्लास्टिकों की जरूरत होती है, बल्कि अनेक खिलौनों को अलग किस्म के टेक्सटाइल व अन्य चीजों की जरूरत होती है। खिलौना निर्माण में सहायक भूमिका निभाने वाले उद्योगों का विकास होना अभी बाकी है। कुछ के लिए खास किस्म की मजबूत, हल्के व विशेष कपड़ों की आवश्कता होती है जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं। इसकी तुलना में चीन ने सस्ते एलेक्ट्रानिक्स उद्योग का भी विकास किया है।

खिलौना निर्माताओं को आशा है कि खिलौना निर्माण को गति देने के लिए सरकार खिलौनों के आयात पर और प्रतिबंध के माध्यम से सहायता करेगी। केपीएमजी-फिक्की की एक रिपोर्ट में उम्मीद की गई है कि देश में जल्द ही खिलौना बाजार दूना होकर 2 बिलियन डालर तक पहुंच जाएगा। खिलौनों में एलेक्ट्रानिक खिलौनों का हिस्सा 10 प्रतिशत है। उम्मीद है कि उनके बिना भी बाकी क्षेत्र प्रगति करेंगे तथा धीरे-धीरे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को अपने भीतर समेट लेंगे।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय खिलौना उद्योग की गत्यात्मकताओं व कमियों को समझने का प्रयास कर रहा है। वह दूसरे देशों के अनुभवों पर गौर कर रहा है। मंत्रालयों व विभागों तथा ट्वाय असोसियेशन आफ इंडिया के बीच संवाद बना हुआ है। कुल मिला कर आयातित खिलौनों के स्थान पर स्वदेशी खिलौने लाने का काम तेजी से चल रहा है और सरकार को उम्मीद है कि वर्ष 2028 तक इस क्षेत्र में असाधारण व अभूतपूर्व प्रगति होगी। वाणिज्य मंत्रालय को आशा है कि अगले कुछ साल में भारतीय खिलौना उद्योग चीन को प्रतियोगिता में पछाड़ कर विश्व बाजार में अपना विशेष स्थान बनाने में सफल होगा।

# संविधान के मूल ढांचे की अवधारणा

> "बुनियादी संरचना सिद्धांत को संसद की शक्तियों के संबंध में अपने दायरे को संतुलित करना चाहिए, क्योंकि यह प्रतिनिधि लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच है।"

**किशलय मिश्रा**
(लेखक, पेशे से अधिवक्ता हैं)



इस वर्ष अप्रैल में, हमने बुनियादी संरचना सिद्धांत की 50वीं वर्षगांठ मनाई। बुनियादी संरचना सिद्धांत का उपयोग हमारे देश में संवैधानिक न्यायालयों द्वारा हमारे संविधान और अन्य कानूनों के प्रावधानों की व्याख्या करने के लिए किया जाता है जो हमें संविधान या नए कानूनों में संशोधन के बारे में निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं, चाहे वे संवैधानिक हों या असंवैधानिक।

हालाँकि कुछ न्यायविद इस सिद्धांत का श्रेय जे. मुधोलकर को देते हैं, जिसमें सज्जन सिंह के मामले में उनके प्रभुत्व ने बुनियादी विशेषता शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने पाकिस्तान के एक मामले का हवाला दिया, जहां यह माना गया था कि संविधान की आवश्यक विशेषताओं में संशोधन नहीं किया जा सकता है (फजलुल कादर चौधरी बनाम मोहम्मद अब्दुल हक)। न्यायविदों की एक अन्य शाखा इस बात की वकालत करती है कि बुनियादी संरचना का श्रेय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में जर्मन न्यायविद् सर डाइटर कॉनराड द्वारा दिए गए व्याख्यान को दिया जाता है। इस व्याख्यान का उपयोग महान न्यायविद् एम के नांबियार द्वारा गोलखनाथ के मामले में किया गया था, जिसमें उन्होंने मूल संरचना के बीज को सींचा था, जो पहले से ही हमारे संविधान में मौजूद था, जिसे बाद में इस लेख में जर्मन के मूल कानून से सादृश्य बनाकर समझाया जाएगा। श्री एम के नांबियार को भारत में पहली बार इस सिद्धांत पर बहस करने का गौरव प्राप्त है।

मूल संरचना सिद्धांत का विश्लेषण जर्मनी के संविधान जिसे मूल कानून कहा जाता है, को ध्यान में रखे बिना नहीं किया जा सकता है। मूल कानून का अनुच्छेद 19 किसी भी स्थिति के उत्पन्न होने पर कुछ अधिकारों को प्रतिबंधित करता है। यह ध्यान रखना उचित है कि अनुच्छेद 19 का उपखंड (2), उपखंड (1) के प्रावधान के रूप में



कार्य करते हुए स्पष्ट रूप से उल्लेख करता है कि किसी भी स्थिति में मूल अधिकारों का सार प्रभावित नहीं होगा। यहां से हम इसे काफी हद तक प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि अनजाने में हमारा मूल संरचना सिद्धांत मूल कानून से प्रेरित है। इसमें आगे जोड़ते हुए, बुनियादी कानून का अनुच्छेद 19(4) गारंटी देता है, जिसे हम भारत में कानूनी उपचार का अधिकार कहते हैं। बुनियादी कानून का अनुच्छेद 10(2) देश की बुनियादी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने की आवश्यकता होने पर कानून को आगे बढ़ाने में कुछ प्रतिबंध लगाता है। अनुच्छेद 19(4) में उल्लेख है कि अनुच्छेद 10(2) कानूनी उपचार के अधिकार को कम नहीं कर सकता है। इसमें घटनाओं का पूरा चक्रव्यूह है. भारतीय संविधान में, हमारे पास अनुच्छेद 32(4) के तहत एक प्रावधान है जिसमें उल्लेख किया गया है कि अनुच्छेद 32 (कानूनी उपाय) के तहत अधिकारों को इस संविधान द्वारा प्रदान किए गए या अन्यथा निलंबित नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 32 को डॉ. अम्बेडकर ने हमारे संविधान का हृदय और आत्मा कहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस अधिकार पर, राज्य या उसके पदाधिकारियों द्वारा उल्लंघन किए जाने पर संविधान का हमारा भाग तीन लागू होता है। इसका मतलब है कि हमारे संविधान में भी आवश्यक विशेषता या मूल संरचना जैसे शब्दों का उपयोग किए बिना एक सभ्य देश के लिए आवश्यक कुछ अधिकारों की रक्षा करने की आवश्यकता है। बुनियादी संरचना शुरुआत से ही मौजूद थी, यह एक और मुद्दा है जिस पर पहली बार गोलकनाथ के मामले में स्पष्ट रूप से बहस की गई थी।

इसलिए इस बात पर बहस करना कि भारत में इस सिद्धांत को किसने लागू किया, एक व्यर्थ बहस है। बल्कि हमें यह समझना चाहिए कि सीमाओं से परे मानव जाति के लिए कुछ अधिकार आवश्यक हैं। यह किसी के प्रयास को श्रेय देना या बदनाम करना नहीं है कि किसने इसका सबसे पहले उपयोग किया, बल्कि प्रत्येक वकील और न्यायाधीश को धन्यवाद देना है जिन्होंने किसी भी समय इसका उपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों या समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एक ईमानदार प्रयास हुआ।

चूंकि भारतीय राजनीति इतनी सहज नहीं है, इसलिए सरकार और न्यायपालिका के बीच दरार के कारण विभिन्न मुकदमेबाजी हुई, जहां बुनियादी ढांचे का दायरा व्यापक हो गया। श्री के. इसके बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह से एनजेएसी मामले में इस सिद्धांत का इस्तेमाल किया गया, उसने संवैधानिक अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में हमारे संविधान सभा के सदस्यों के इरादे को कमजोर कर दिया।

इसलिए, यह आवश्यक है कि बुनियादी संरचना सिद्धांत को संसद की शक्तियों के संबंध में अपने दायरे को संतुलित करना चाहिए, क्योंकि यह प्रतिनिधि लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच है। इस सिद्धांत ने समाज और व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा की है, लेकिन प्रतिनिधि लोकतंत्र के हितों की रक्षा के लिए भी इसके उपयोग में सावधानी बरतनी आवश्यक है।

## आप की बात

### अधीर राजनेता

**लोकसभा चुनाव** के दिन निकट आने के साथ विपक्षी दलों की एकजुटता की चर्चा तेज हुई जिसे पटना बैठक से बढ़ावा मिला। लेकिन इसी बैठक में एकता की कलई भी उतरने लगी थी। हर दल का अपना अस्तित्व है और कोई भी अपने अस्तित्व पर दांव लगाने को तैयार नहीं है। ज्यादातर स्थानीय क्षत्रप अपना वर्चस्व छोड़ने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय मुद्दों पर क्षेत्रीय दलों के सोच का अंतर भी गठबंधन की राह में बड़ी बाधा है। ममता बनर्जी बंगाल में कांग्रेस को कोई मौका नहीं देना चाहती हैं, जबकि कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी बंगाल सरकार को चोर बता रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने पहले कांग्रेस के सामने शर्त रखी और अब अकेले चुनाव लड़ने की बात कह रही है। केसीआर व नवीन पटनायक पहले ही इस खेमे से दूर रहे हैं। राहुल गांधी ने केसीआर पर खुला हमला बोलते हुए उनको भाजपा की बी-टीम बता दिया है। उन्होंने केसीआर के साथ कोई मंच साझा करने से भी इनकार कर दिया है। शरद पवार अपनी पार्टी के विद्रोह के बाद स्वयं मुश्किल में फंस गए हैं। ऐसे विद्रोह दूसरे दलों में भी संभव हैं। कुल मिला कर फिलहाल विपक्षी एकता पर सवाल लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। नेताओं में अब ज्यादा धैर्य नहीं है।

– **सदन जी,** पटना

### वंश-परिवार का खामियाजा

**महाराष्ट्र** में पहले शरद पवार ने इस्तीफा देने का नाटक करके अपने खास लोगों द्वारा मार्मिक मनुहार करने पर अपनी बेटी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर यह जाहिर कर दिया था कि अजित पवार से अधिक महत्वपूर्ण उनके लिए सुप्रिया सुले को आगे लाना है। संतान मोह में अंधे राजा धृतराष्ट्र की तरह उन्होंने अजित पवार की ताकत को कमतर आंका। जिसके परिणाम स्वरूप शरद पवार को शक्तिहीन करके अजीत पवार सत्ता में शामिल हो गए। अगले साल महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होना है। इसे देखते हुए भाजपा ने अपने लिए बहुत अनुकूल माहौल बना लिया है। मगर उसके साथ इतने विधायक जुड़ गए हैं कि अगले चुनाव में टिकट वितरण को लेकर फिर समस्या पैदा हो सकती है। वैसे महाराष्ट्र के घटनाक्रम से शरद पवार ही नहीं पूरे विपक्षी खेमे को धक्का लगा है और यह विपक्षी एकता को नाकाम करने का कारण बन सकता है। इस घटनाक्रम से वंश-परिवार की राजनीति की अवधारणा तथा विरासत में राजनीति पाने वाले नेताओं की योग्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं जो देश की राजनीति के लिए एक शुभ संकेत कहा जा सकता है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चीन की राजनीति

**चीन** की राजनीति से अमेरिका समेत सारी दुनिया सशंकित है। चीन के बदले अमेरिका भारत से संबंध मजबूत कर रहा है ताकि चीन के साथ व्यापार में होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके। वर्तमान समय में कई विदेशी व्यापारी एवं उधोगपति चीन से पलायन कर रहे हैं जिनमें अमेरिकी भी शामिल है। अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के लिए चिंता का एक स्पष्ट क्षेत्र चीन का नया राष्ट्रीय सुरक्षा और जासूसी कानून है जो 1 जुलाई को लागू हुआ है और विदेशी व अमेरिकी कंपनियों पर इसका संभावित विपरीत प्रभाव पड़ना शुरू भी हो चूका है। इस कानून के चलते कई विदेशी और अमेरिकियों को देश की सुरक्षा के नाम पर न केवल गिरफ्तार किया गया बल्कि उनके प्रतिष्ठानों की लगातार निगरानी की जा रही है। इतनी विषम एवं विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अगर व्हाइट हाउस को लग रहा है कि चीन के साथ पहले की तरह व्यापार किया जा सकता है तो यह शायद उसकी एक महाभूल साबित होने जा रही है। चीन दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का लाभ उठा रहा है। देखना है कि उसकी राजनीति कब तक चलती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### उल्लेखनीय उपलब्धि

**संयुक्त राष्ट्रसंघ** सशस्त्र हिंसा का बच्चों पर प्रभाव सूची से 12 वर्ष बाद भारत का नाम हटा दिया है। यह सरकार द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के मद्देनजर किया गया है। यह भारत सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धि है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय हालातों में स्मार्टफोन के माध्यम से पूरी दुनिया की पल-पल की खबर प्राप्त करते हुए अब बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी सभी चीजें देखते सुनते और समझते हैं। हिंसक व विध्वंसक कार्य को देखते पर उनका बालमन भय ग्रस्त हो जाता है। वह हर घटना को अपने साथ होने की कल्पना करने लगता है जिसके चलते उसके मन मस्तिष्क में डर बैठ जाता है। सशस्त्र संघर्ष के दुष्प्रभाव तो बाद में भी भयग्रस्त करते हैं। विडंबना है कि लगातार हिंसा, युद्ध व बरबादी को देखते और दिन-प्रतिदिन झेलते हुए अनेक बच्चे इसे जीवन की सामान्य घटना मान लेते हैं। इससे अनेक आतंकी व चरमपंथी संगठनों को छोटे-छोटे बच्चों का उग्रवादीकरण कर उनको मानव-बम बनाने तक के प्रयास सामने आए हैं। बच्चों को हर प्रकार की हिंसा व युद्ध के माहौल से अलग रखना होगा।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# शिक्षा क्षेत्र में साकार हुआ चमत्कार का सपनाः मुख्यमंत्री

● योगी ने किया 'संपर्क स्मार्टशालाः स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

## सरकार ने किया 1.36 लाख स्कूलों का कायाकल्प



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। 2017 के पहले बदहाली से जो स्कूल बंदी के कगार पर थे आज उनका कायाकल्प हो चुका है। दृढ़ संकल्प, संसाधन, तकनीकी, नवाचार के समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार का सपना साकार हुआ है। तकनीकी के बेहतर उपयोग वाला निपुण भारत मिशन शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने में शानदार परिणाम दे रहा है।

सीएम योगी मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन की पहल पर 'संपर्क स्मार्टशालाः स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर क्षेत्र के 58 व चरगांवा ब्लॉक के 68 परिषदीय स्कूलों में एलईडी टीवीए गणित व अंग्रेजी किट से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री ने पांच स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने हाथ से टीएलएम किट प्रदान किया। साथ ही संपर्क फाउंडेशन की पत्रिका का भी विमोचन किया। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है और जब नींव दरक जाएगी तो समाज रूपी भवन कैसे बनेगा। 2017 के पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शौचालय, फ्लोरिंग, पेयजल तक की सुविधा नहीं थी। लगभग 1.56 लाख स्कूलों में 1.34 करोड़ बच्चे जाते थे। शिक्षकों की भारी कमी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दशा सुधारने का संकल्प लिया और बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से 1.65 लाख शिक्षकों की भर्ती की। कोई भी स्कूल जर्जर न रहेए उनमें फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी हो, इसके लिए मिशन कायाकल्प शुरू किया। आज 1.36 लाख स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 1.91 करोड़ हो चुकी है। योगी ने कहा कि पहले बेसिक स्कूलों के बच्चे नंगे पांव जाते थे, उनके पास यूनिफॉर्म नहीं था। आज सरकार उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है। उन्हें दो यूनिफॉर्म, जाड़े में स्वेटरए जूतेए बैग दिए जा रहे हैं। अब तो इस सुविधा के लिए रकम उनके अभिभावकों के खातों में डीबीटी से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता तेजी से बढ़ रही है।

## सीएम ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया

● मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की राहत राशि तत्काल देने के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ और गाजीपुर में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवगंतों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस आपदा से घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

## सावन के पहले दिन सीएम योगी के किया रुद्राभिषेक व हवन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

● देवाधिदेव महादेव से की प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना

**चराचर** जगत पर कृपा बरसाने वाले भगवान भोले शंकर को अति प्रिय पवित्र सावन मास के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंगलवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध, ऋतुफल के रस एवं दूध से रुद्राभिषेक किया। मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

# नगरीय निकाय निदेशालय से प्रतिदिन हो रही संचारी रोगों व दस्तक अभियान की निगरानी

● अभियान के दौरान किए गए कार्यों व गतिविधियों के संबंध में संकलित रिपोर्ट प्रतिदिन भेजी जाएगी निदेशालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में विशेष संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के प्रति न सिर्फ कड़े कदम उठा रही है बल्कि निकायों में चलाए जा रहे अभियान की लखनऊ से प्रतिदिन मॉनिटरिंग भी की जा रही है। प्रत्येक निकाय में चलाए जा रहे अभियान को लेकर नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों, जलकल विभाग, जल संस्थान के सभी महाप्रबंधकों एवं समस्त अधिशाषी, प्रभारी अधिकारी और नगर पालिका परिषद को प्रतिदिन किए गए कार्यों की रिपोर्ट निदेशालय को भेजने के लिए कहा गया है। यही नहीं प्रत्येक शनिवार और अभियान की समाप्ति के बाद संकलित रिपोर्ट निदेशालय के साथ ही शासन को भी उपलब्ध करायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार जुलाई में पूरे उत्तर प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा दिमागी बुखार के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चला रही है। संचारी रोग अभियान की शुरुआत 1 जुलाई से हो चुकी है जबकि दस्तक अभियान 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ. नितिन बंसल द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक निकाय में निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुरूप समस्त अधिकारी अपने-अपने निकायों के वार्डों के मोहल्लों में विशेष साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, नालियों की सफाई, गार्बेज निस्तारण, हैण्डपम्प मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं असुरक्षित जल का चिन्हिकरण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे।

### अभियान के तहत नगरीय निकायों में उठाए जाने हैं ये कदम

- नगरीय निकाय के चुने हुए जनप्रतिनिधियों का दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जलजनित रोगों की रोकथाम तथा साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संवेदीकरण
- नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित रखना
- शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची में उल्लिखित स्थानों पर सघन वेक्टर नियंत्रण एवं संवेदीकरण गतिविधियों संपादित कराना
- नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों जैसे खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना
- खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों, कचरों की सफाई करवाना
- उथले हैंडपम्पों का प्रयोग रोकने के लिये उन्हें लाल रंग से चिन्हित किया जाना
- हैण्डपम्पों के पाइप को चारों ओर से कंकरीट से बन्द करना
- हैण्डपम्पों के पास अपशिष्ट जल के निकलने हेतु सोकपिट का निर्माण
- शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए बैक्टीरियोलॉजिकल/वायरोलॉजिकल जांच
- आबादी में मिनी पब्लिक वाटर सप्लाई (एमपीडब्ल्यूएस (टैंक टाइप स्टैंड पोस्ट (टीटीएसपी) की मानकों के अनुसार स्थापना एवं अनुरक्षण
- जल भराव तथा वनस्पतियों की वृद्धि को रोकने के लिए सड़कों का निर्माण करना
- सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाना

# प्रशिक्षु अधिकारियों को नहीं छोड़नी चाहिए सीखने की आदतः सीएस

● मुख्य सचिव से वर्ष 2022 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा व भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से वर्ष 2022 बैच के यूपी संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं भारतीय वन सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि सामूहिक भावना से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए। जो मूल्य सीखे हैं, उन्हें सैद्धांतिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहिए। देश के लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें कई चुनौतियों और कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में उन्हें इन मूल्यों का पालन करते हुए पूरे विश्वास के साथ काम करना होगा। विभाग में वरिष्ठ अधिकारी राज्य सरकार की योजनाओं को आम जनमानस तक कैसे पहुंचा रहे हैं, कैसे कार्य कर रहे हैं, इन बातों को सीखने का प्रयत्न निरंतर करते रहना चाहिए, सीखने की आदत नहीं छोड़नी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर करना तथा देश की जनता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करना, उनका संवैधानिक कर्तव्य के साथ-साथ नैतिक दायित्व भी हैं। समाज के हित के लिए कोई भी कार्य कुशलतापूर्वक तभी पूरा किया जा सकता है, जब सभी हितधारकों को साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि देश का अमृत काल चल रहा है।

अगले 25 वर्षों में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नीति-निर्माण और उनके कार्यान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। देश के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं और पुरुषों दोनों का योगदान महत्वपूर्ण हैं। अपनी सेवा के दौरान वह जहां भी रहे, लड़कियों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते रहें। जब हमारी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में आगे आएंगी, तभी हमारा देश और समाज सशक्त बनेगा।

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की

● विधानसभा चुनाव-2022 के सभी प्रत्याशी अभी से पूरे समर्पण के साथ क्षेत्र में शुरू करें संघर्षः खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव-2022 के सभी प्रत्याशियों की अहम बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव चुनाव 2024 की तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में लगभग 250 प्रत्याशी उपस्थित रहे। जिनमें 66 महिलाओं ने हिस्सा लिया। लगभग 7 घंटे से अधिक चली बैठक में सभी पूर्व प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बातें रखीं। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्षों ने बड़ी गंभीरता से सभी के सुझाव सुने।

बैठक को सम्बोधित करते हुए बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज हम जिस मुद्दे की उद्देश्य की पूर्ति के लिए इकट्ठे हुए हैं वही हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है, वह है आगामी लोकसभा का चुनाव। सभी प्रत्याशीगण अभी से ही अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में संघर्ष समर्पण के साथ शुरू कर दें तो निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव इतने मतों से जीतेंगे कि अन्य अंदाजा नहीं लगा सकते। आपके सुझावों पर राष्ट्रीय नेतृत्व से भी चर्चा की जायेगी। हम सबका एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी के नेतृत्व में 2024 में केंद्र में सरकार बनाना है। सभी अहमद मुद्दों को प्रत्येक विधानसभाओं के हर गांव तक पहुंचाना है। जनता को हमें बताना होगा कि 2014 तक आवश्यक वस्तुओं के दाम से आज तीन गुना तक दाम बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ संकल्प सभा की शुरुआत करने जा रहे हैं, साथ ही हम बूथ से लेकर प्रदेश तक सामाजिक स्तर तक पदाधिकारी नियुक्त करेंगे। प्रत्येक कांग्रेसी अपने घरों पर तथा वाहनों पर कांग्रेस पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बूथ-बूथ पर जाकर बूथ कमेटी बनाने एवं प्रारंभिक स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर दिया तथा कहा कि हमें हर बूथ पर भाजपा से लड़ना और हराना है।

प्रांतीय अध्यक्ष मीडिया एवं कम्यूनिकेशन विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी न कहा कि पूर्व प्रत्याशीगण को अभी से बूथ बनाने की और बूथ पर बीएलए बनाने की आवश्यकता है। बीएलए इसलिए बनाना है कि बूथों पर हमारे वोट जो काटे जायेंगे वह निगरानी करेगा तथा जुड़वाने का कार्य करेगा।

# नदियों, झीलों व जलाशयों के किनारे बसे शहरों में सोलर बोट का होगा संचालन

● पर्यटन व जल परिवहन को मिलेगा बढ़ावाः जयवीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जल** परिवहन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के नदियों, झीलों तथा जलाशयों के किनारे स्थित प्रमुख तीर्थ स्थलों पर सोलर बोट संचालित की जायेगी। पहले चरण में अयोध्या, वाराणसी, मथुरा व विन्ध्यवासिनी धाम में यह सेवा शुरू की जायेगी। सोलर बोट सेवा के विधिवत संचालन के लिए अयोध्या में एक जेट्टी का निर्माण किया जायेगा तथा गन्तव्य स्थलों पर नावों के चार्जिंग की व्यवस्था कराई जायेगी।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बताया कि प्राचीन काल से हमारे प्रदेश की नदियां आस्था के साथ ही अर्थव्यवस्था से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का केन्द्र रही हैं। राज्य सरकार ने वाटर स्पोर्ट्स तथा जल परिवहन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा से चलने वाली नावों को संचालित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सोलर बोट के संचालन से हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी तथा पर्यटकों के लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयोग के तौर पर यूपी नवीन एवं नवीनीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा 17 सोलर बोट उपलब्ध कराई जाएगी। इसका संचालन पर्यटन विभाग द्वारा किया जायेगा। इन नावों के संचालन से प्राप्त होने वाले राजस्व में दोनों विभागों की बराबर की हिस्सेदारी होगी। उन्होंने कहा कि सोलर बोट की सफलता एवं लोकप्रियता के चलते मछुआ समुदाय भी सौर ऊर्जा चालित नावों को उपयोग में लाने के लिए प्रेरित होगा। इसके साथ ही जल मार्गों का विकास होगा। साथ ही सोलर बोट से जुड़े हुए गन्तव्य स्थलों पर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था होने से प्रदूषण को कम से कम करने में मदद मिलेगी। जयवीर सिंह ने बताया कि सोलर बोट के संचालन का निर्णय लेने वाला उप्र पहला राज्य है। राज्य सरकार की यह सुविचारित एवं बहुआयामी परियोजना है। इससे काशी, प्रयागराज, अयोध्या तथा मथुरा जैसे शहरों में देशी-विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही राज्य सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वाराणसी में टेन्ट सिटी स्थापित की जायेगी तथा प्रयागराज में तैरता हुआ रेस्टोरेन्ट संचालित किया जायेगा।

# प्रदेश में 17 से 31 जुलाई तक चलेगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

● विभागों में दूसरी बार बिना हेलमेट कार्यालय आने वालों को माना जाएगा अनुपस्थित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक

**प्रदेश** की योगी सरकार 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी। इसका उद्देश्य मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाना व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। वहीं मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार ने अब सख्त रवैया भी अपनाया है। विभागों में दूसरी बार बिना हेलमेट कार्यालय आने वाले कर्मचारियों का प्रवेश निषिद्ध मानते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। वहीं पखवाड़े के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसमें जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार कराकर पखवाड़े के अंत तक परिवहन आयुक्त को प्रेषित की जाएगी। पखवाड़े के अंतर्गत 15 दिन की कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत इससे जुड़े विभाग- परिवहन, गृह, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा व शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के आधार पर आयोजन किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटना में 5.5 प्रतिशत व दुर्घटना के मृतकों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु अधिक हुई है। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सरकार का विशेष ध्यान है कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आए और लोग जागरूक हों। इसी क्रम में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के लिए 15 दिन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन समारोह में सांसद, विधायक आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं संबंधित विभागों के अफसरों को भी सम्मिलित किया जाएगा। परिवहन से जुड़े बस, ट्रक, ऑटो यूनियन, एनजीओ के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा और उनसे भी राय ली जाएगी। वहीं स्कूलों में भी प्रार्थना के उपरांत छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाएगी। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर योगी सरकार काफी सख्त है। निर्देश दिया गया है कि समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट लगाए आने वाले समस्त कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाएगा। कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाएगा। भविष्य में दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट लगाए कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।

पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत अनेक आयोजन किए जाएंगे। इस अवधि में सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से सभी 75 जनपदों में चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग व फर्स्ट रेसपांडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग की तरफ से मेडिकल कॉलेज के सर्जरी व हड्डी रोग विभाग की तरफ से मेडिकल व पैरामेडिकल छात्रों के लिए बेसिक व एडवांस लाइफ सपोर्ट से संबंधित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूली वाहनों के चालकों की आंखों व स्वास्थ्य का भी परीक्षण होगा।

प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के माध्यम से बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण कराया जाएगा। स्कूलों में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा भी कई कार्यक्रम होंगे।

# ग्रामीण अंचलों में बढ़ेंगी खेल सुविधाएं

## खेलो इण्डिया योजना के अंतर्गत 6238.46 लाख रुपए के सात प्रस्ताव भारत सरकार को भेजेगी योगी सरकार

● राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय, ग्रामीण अंचलों में होगा मिनी स्टेडियम एवं मल्टीपरपज हॉल का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के ग्रामीण अंचलों में खेल सुविधाओं के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 6 हजार लाख रुपए से अधिक के 7 प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 5 जनपदों के 7 विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम और मल्टीपरपज हॉल के निर्माण का प्रस्ताव है।

अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आयोजित खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में 6238.46 लाख रुपए के सात प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाने की सहमति प्रदान की गई। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में मिनी स्टेडियम एवं मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत 5 जनपदों (बागपत, सहारनपुर, आगरा, कुशीनगर तथा प्रतापगढ़) के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

बागपत के विकास खण्ड छपरौली में 264.68 लाख रुपए की लागत से मल्टीपरपज हॉल, सहानपुर के विकास खण्ड नकुड़ में 1421.93 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम तथा विकास खण्ड पुवांरका में 564.01 लाख रुपए की लागत से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इसी प्रकार आगरा के विकास खण्ड एत्मादपुर में 2018.24 लाख रुपए से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण, कुशीनगर के विकास खण्ड मोतीचक में 928.81 लाख रुपए से ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण, प्रतापगढ़ के कुण्डा में 534.36 लाख रुपए तथा विकास खण्ड मानधाता में 536.44 लाख रुपए की लागत से मल्टीपरपज हाल का निर्माण कराए जाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। इनके अलावा अन्य शेष जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द ग्रामीण स्टेडियम के प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराए जाएं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 5 जुलाई, 2023



# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला

● समूह की महिलाओं को बैंकों से जोड़कर बनाएं सशक्त : डीएम

● बेहतर कार्य करने वाले बैंक कार्मिको को किया सम्मानित

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**मंगलवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें हैदराबाद से आई टीम ने उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ अच्छे कार्य करने वाले आर्यावर्त बैंक पड़रिया के शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, आर्यावर्त बैंक गुल्ला के शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार गोंड, आर्यावर्त बैंक रीजनल ऑफिस के क्रेडिट मैनेजर लक्ष्मण गायकवाड, आर्यावर्त बैंक लखेश्वर की बैंक सखी आकांक्षा मिश्रा को डीएम, सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही समूह की महिलाओं को बैंकों से जोड़कर सशक्त करने पर जोर दिया। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

इस कार्यशाला में प्रतिभागी बैंक शाखा प्रबंधकों को प्रशिक्षण एनआइआरडी हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन दयानिधि मंत्री एवं श्रीनिवास राव ने प्रदान किया। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को व्यक्तिगत बचत खाता, कैश क्रेडिट लिमिट, बीमा एवं अन्य बैंकिंग सेवाएं से जोड़कर महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन को आगे बढ़ाने के कार्य से संबंधित जानकारी दी गई। इनके द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी गाइड लाइन की जानकारी के साथ साथ आनलाइन एप्लीकेशन पोर्टल, बैंक लिंकेज पोर्टल, जनसामर्थ्य पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता की जानकारी सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन की उन्मुखीकरण कार्यशाला के माध्यम से समस्त बैंक शाखा प्रबंधकों को गई। इस अवसर पर उपायुक्त,स्वतरूरोजगार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला मिशन प्रबंधक सुरजन सिंह, वरुण गुप्ता, और ब्लॉक मैनेजर के साथ विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## उद्यमी स्वावलंबन योजना के लिए 24 जुलाई तक करें आवेदन

**लखीमपुर खीरी।** प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्री जंक्शन) योजना के तहत कृषि विषय में योग्यता रखने वाले लाभार्थी अपना आवेदन सभी जरूरी अभिलेखों के साथ 24 जुलाई को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराए। उक्त आशय की जानकारी उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि एग्री जंक्शन योजना के तहत जिले में निवास करने वाले कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा: उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इसी तरह की गतिविधियां (जो किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता हो) पात्र होंगे। उपरोक्त के अनुपलब्ध होने पर अनुभव प्राप्त डिप्लोमाधारी/कृषि विषय में इण्टरमीडिएट योग्य प्रार्थी के आवेदन पर भी विचार होगा। आयु 40 से अधिक एससी, एसटी, महिलाओं को 05 वर्ष की अधिकतम छूट है। पात्र अभ्यार्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में ब्लॉकवार वरीयता सूची बनेगी। इसी आधार पर चयन समिति लक्ष्य के सापेक्ष अभ्यार्थियों का चयन करेगी। डीडी कृषि ने बताया कि वर्ष 2022-23 में जिन भी कृषि स्नातकों ने आवेदन किया था लेकिन चयन नहीं हुआ उन्हें वर्ष 2023-24 में पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आवेदन सीधे कार्यालय में या मात्र डाक के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं होगा। विस्तृत जानकारी या किसी समस्या के समाधान के लिए कार्यालय का सीयूजी नं. 7839882210 पर सम्पर्क करें।

# पवित्र सावन माह के पहले दिन शिवालयों में शिव भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**संवाददाता।** सीतापुर

● श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जल, दूध से किया अभिषेक

● श्यामनाथ मंदिर, जंगलीनाथ मंदिर, ताड़कनाथ मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**पवित्र** सावन माह के पहले दिन शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जल, दूध से अभिषेक किया, और बेलपत्र, फूल धतूरा आदि चढ़ाकर सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। शिव मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला भोर से ही शुरु हो गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे। शहर के श्यामनाथ मंदिर, जंगली नाथ मंदिर, तारकनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नैमिषारण्य के प्रसिद्ध देव-देवेश्वर मंदिर पर हजारों श्रद्धालुओं ने जल और दूध से अभिषेक कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। हालांकि प्रशासन स्तर से काफी कुछ व्यवस्थाओं और तैयारियां की गई है, फिर भी मंदिर जाने वाले मार्ग पर कहीं-कहीं बड़े-बड़े गड्ढे है,जिससे कांवरियों और श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

इस वर्ष सावन के दो महीने होने की वजह से शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं के भारी संख्या में आने का अनुमान है। इस देखते हुए विश्व विख्यात धार्मिक नगरी मिश्रिख में प्रशासन स्तर से पुलिसबल के अलावा विभागीय कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम मिश्रिख अभिषेक शुक्ला ने 31 अगस्त तक के लिए कई कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौपी है। ताकि शिवभक्तो को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बता दें मिश्रिख में दधीचि कुंड तीर्थ पर उत्तरेश्वर महादेव, दक्षिणेश्वर महादेव, अस्फटिक शिवलिंग, शिवगौरी, नर्मेदेश्वर महादेव, शेषनाग सहित कई शिव मंदिर है। हालांकि पहले दिन इन मंदिरों में शिव भक्तों का आना कम रहा लेकिन सावन माह के पहले सोमवार 10 जुलाई से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद।

# गुरु पूर्णिमा पर छात्रों ने किया गुरु वंदन

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**नेशनल** पब्लिक स्कूल ओयल खीरी के बच्चों ने बड़ी ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का त्यौहार मनाया स बच्चों ने अपने कक्षा अ ध्या प क , अध्यापिकाओ को फूल मालस पहना कर वंदन किया एवम गुरु आराधना कर के गुरुओं का आर्शीवाद लिया।



इस अवसर पर कक्षा अष्टम से आस्था एवं इलमा ने संस्कृत श्लोक सुनाएं, कक्षा द्वितीय से पार्थ ने गुरु का महत्व बताया और गुरु पूर्णिमा किस लिए मनाते हैं और क्यों मनाते हैं इन सब पर प्रकाश डाला एवम छात्रों ने विभिन्न तरीकों से गुरु का अपने जीवन पर प्रभाव व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधिका दीपाली गुप्ता एवम एकेडमिक इनचार्ज तनु गुप्ता और समस्त अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। एवम छात्रों द्वारा दिए गए इस मान सम्मान के लिए छात्रों को बहुत आशीर्वाद दिया।

# हजरत हाफिज मियां का 115वां सालाना उर्स

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

● सज्जादानशीन हाजी वकार अहमद मियां की सरपरस्ती में सालाना उर्स में पहले दिन खानकाह में कुरआन ख्वानी व फातेहा ख्वानी हुई।

**हजरत** हाफिज अहमद हुसैन खां उर्फ हाफिज मियां रहमतुल्ला अलैह का तीन दिवसीय 115 वां सालाना उर्स आज मंगलवार से मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह हाफिजिया में कुरआन ख्वानी से शुरु हो गया। शाम को सज्जादा नशीन की तरफसे मजार पर चादरपोशी की गई। देर रात में महफिल ए समा में कव्वालियां हुईं। सज्जादानशीन हाजी वकार अहमद मियां की सरपरस्ती में सालाना उर्स में पहले दिन खानकाह में कुरआन ख्वानी व फातेहा ख्वानी हुई। शाम को सज्जादा नशीन व नायब सज्जादा सिराजुद्दीन अहमद खां ने मजार पर चादरपोशी कर कौम व मिल्लत की खुशहाली और तरक्की की दुआएं मांगी। रात में महफिल ए समा में कव्वालों ने सूफियाना कलाम सुनाकर जायरीन को मंत्रमुग्ध कर दिया। नायब सज्जादा सिराजुद्दीन अहमद खां ने बताया कि हजरत हाफिज मियां का 115वां सालाना उर्स 4 से 6 जुलाई तक मुहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह हाफिजिया में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को अपरान्ह ढाई बजे महफिल-ए-मीलाद-उल-नबी और जियारत कदम शरीफ रात 10 बजे महफिल-ए-समा का आयोजन होगा। जिसमें बरेली के कव्वाल तस्लीम और देवा शरीफ के कव्वाल शाहवेज आएंगे। 6 जुलाई को सुबह 7 बजे कुरान ख्वानी, सुबह 10 बजे कुल शरीफ होगा। रात 10 बजे कव्वालियां होंगी। उर्स की व्यवस्था में सज्जादा नशीन हाजी वकार मियां, सिराज मियां के अलावा असलम खां, डॉ. रजी खां, शाहिद, राशिद हुसैन, मुकर्रम खां, आजम आदि जुटे हैं।

सज्जादानशीन वकार मियां ने बताया कि हाफिज मियां एक सूफी बुजुर्ग होने के साथ साथ उर्दू व फारसी भाषा के बड़े शायर भी थे। वह 26 मार्च 1827 को हाथीथान, शाहजहांपुर में पैदा हुए।

हाफिज मियां के वालिद का नाम गुलाम कादिर खां था। उन्होंने पीर ओ मुरशिद हजरत गुलाम इमाम खां से खिलाफत हासिल की। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। उनका दीवान संग्रह कुल्लियात ए अहमद के नाम से प्रकाशित हुआ, जो आज भी फारसी शायरी की एक धरोहर है।

# बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त

**निघासन-खीरी।** उत्तर खीरी वन प्रभाग की दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी के नजदीक स्थित गन्ने के खेतों में बाघ और उसके शावकों ने डेरा जमा लिया है जिसकी वजह से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। बाघ के खौफ से रात दिन आवारा पशुओं से फसल की रखवाली करने वाले किसानों की जान के लिए खतरा बढ़ गया है हालांकि इस समाचार के लिखे जाने तक बाघ ( मादा ) द्वारा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है लेकिन कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ग्राम लुधौरी निवासी ग्रामीण रमाकांत, मैकूलाल मौर्य, कमलेश यादव, रोहित, बोदी सिंह, बाबूराम मौर्य, नंदकुमार तथा संदीप एवं ग्राम लोनियन पुरवा निवासी मनोहर व निहाल आदि ने बताया कि बाघ के साथ दो चितकबरे रंग के शावक भी हैं जो साथ में विचरण करते दिखाई दिए हैं। बताया जाता है कि गत दिवस बाघ ने एक बछिया को निवाला बनाया था, लोनियन पुरवा निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि बाघ और उसके शावकों से कई लोगों का सामना हो चुका है लेकिन किसी तरह उनकी जान बच गई। कुल मिलाकर बाघ और उसके शावकों के बार बार देखे जाने से ग्रामीणों का खेतों पर जाकर फसल की रखवाली करना काफी मुश्किल हो गया है जबकि वन विभाग किसी अनहोनी के इंतजार में है।

# सड़क निर्माण में हो रहा मानक विहीन सामग्री का प्रयोग

**संवाददाता।** सीतापुर

● गांव में हो रहे विकास कार्यों में खुले आम हो रहा भ्रष्टाचार

● ब्लाक सकरन की ग्राम पंचायत मड़ोर मजरा सलौली का है मामला

● इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानको की, की जा रही अनदेखी

● निर्माण कार्य में पुरानी ईंटो का किया जा रहा प्रयोग

**योगी** सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के संकल्प को दोहरा रही है, और दूसरी तरफ गांव में हो रहे विकास कार्यों में खुले आम भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। ताजा मामला ब्लाक सकरन की ग्राम पंचायत मड़ोर मजरा सलौली का प्रकाश में आया है। जहां इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में मानको की अनदेखी की जा रही है। निर्माण कार्य में पुरानी ईंटो का प्रयोग कर निर्माण कराया जा रहा है। यह इंटरलॉकिंग मुख्य डामरीकृत मार्ग से ग्रामीण बुधराम के घर तक कराई जा रही है। 450 मीटर इंटरलॉकिंग में पहले से लगे खड़ेंजें को उखाड़कर उसी पुरानी ईंट से साइड की एजिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताया जाता है कि निर्माण में मानक विहीन सामग्री का प्रयोग हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होने विकास खंड में प्रर्थना पत्र देकर मानक के अनुरुप निर्माण कार्य कराए जाने की मांग का थी, लेकिन निर्माणकार्य वैसे ही जारी है।

# नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**नगर** निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रकाश बिन्दू, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा ।

जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें।



जन सुनवाई दिवस में 04 समस्यायें शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु अपर नगर आयुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन सुनवाई दिवस में रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त मधुसूदन लाल आर्य, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, महाप्रबंधक जल सौरम श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# ट्रक ने कार को टक्कर मारी हरदोई के ठेकेदार की मौत

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**हरदोई** जिले में कार से घर लौट रहे ठेकेदार की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार चला रहे ठेकेदार की मौत हो गई। जबकि मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। ठेकेदार का हरदोई जिले में जल निगम में पाइप लाइन डालने का ठेका है।

हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना बंडा क्षेत्र के गांव धर्मापुर गांव निवासी 40 साल के संतोष कुमार वर्मा जल निगम के ठेकेदार हैं। हरदोई जिले में संतोष पाइपलाइन डालने का ठेका लिया था। सोमवार की रात संतोष एक मजदूर के साथ हरदोई जिले से कार से वापस घर लौट रहे थे। दोनों जैसे ही पुवायां थाना क्षेत्र के टेलरी गोदाम के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी थी।

### कार में बैठा मजदूर रंजीत घायल हो गया

टक्कर इतनी तेज थी कि, कार चला रहे ठेकेदार संतोष की मौके पर मौत हो गई। हादसे में कार में बैठ मजदूर रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कार के अंदर से निकालकर परिवार को सूचना दी। उसके बाद घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।परिजनों के अनुसार, संतोष जल निगम में ठेके लेते थे। हरदोई में भी उनका पाइपलाइन डालने का ठेका चल रहा था। वहां से वापस लौटते समय हादसा हुआ है। हादसे में एक मजदूर घायल हुआ है। संतोष पत्नी और दो बेटों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने ट्रक चालक पर कार्रवाई की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद में समस्याओं पर हुई चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ ( खीरी )।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद गोला डिपो की बस स्टेशन शाखा के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रोडवेज परिसर में स्थित परिषद कार्यालय में हुआ। बैठक में प्रांतीय नेतृत्व द्वारा देय 13 सूत्रीय व निगम से सम्बंधित 05 सूत्रीय मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया और आगामी 07 जुलाई को हरदोई क्षेत्र स्तर



पर होने वाले धरना प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा प्रांतीय नेतृत्व द्वारा घोषित आगामी 19 जुलाई को पूर्ण कार्य बंद को सफल बनाने हेतु रणनीति भी बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक अरविंद सिंह, अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, मंत्री आलोक अवस्थी, कमलेश वर्मा, संजय यादव, सुशील गुप्ता व शोभित गुप्ता सहित अन्य तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### 30 सितम्बर तक खनन पर रोक

**मोहम्मदी खीरी।** शाशन की खनन के समबनध जारी गाइड लाइन और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से खनन के समबन्ध मे जारी पत्र के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा से खनन के संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक खनन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है, 3 महीने तक नहर, नदी से भी बालू का खनन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा,वही मिट्टी का खनन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इस अवधि में कोई खनन मिट्टी या बालू का करते पाया जाएगा तो निश्चित तौर पर इस पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी, उन्होंने बताया शासन से मिली गाइडलाइन के अनुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर तक किसी भी तरह का का खनन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,इस संबंध में सभी सर्किल के अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत भी करा दिया गया है,जिस क्षेत्र में खनन के रोक के बावजूद खनन करने की जानकारी मिलती है तो खनन वाहनों के साथ-साथ उस क्षेत्र के जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

### खून से लथपथ पड़ा मिला युवक का शव

**सीतापुर।** आमतौर पर शांत रहने वाले रामकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहट गौर गांव में मंगलवार की सुबह बेहद सनसनी के साथ हुई। इसकी वजह थी सुबह शौच गए ग्रामीणों ने गांव के पश्चिम पिसावां मार्ग किनारे एक अधेड़ का शव खून से लथपथ पड़ा देखा। सन्न रह गए ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना गांव में दूसरे लोगों को दी। इसके बाद तो घटनास्थल पर पहुंचने वालों का तांता लग गया। अधेड़ की हत्या जिस निर्मम तरीके से की गई थी, उसे देख लोग दहल उठे। सूचना मिलते ही रामकोट थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा मय दल बल मौके पर पहुंचे, और इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। इस पर एसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी उत्तरी प्रकाश कुमार और सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान महोली थाना क्षेत्र के ग्राम पाताबोझ निवासी 45 वर्षीय मुंशी पुत्र पालू के रुप में हुई है। रामकोट थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि मृतक के पुत्र पिंकू ने किसी पर हत्या का संदेह न जताते हुए अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध तहरीर दे दी है। जिसे पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में दर्ज कर लिया है।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**श्रावण** मास में होने वाली कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मण्डलायुक्त महोदया श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में कोतवाली,जलालाबाद में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक दौरान उन्होने श्रावण मास, कावड़ यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा कमेटी के सदस्यों से तैयारियों के सम्बन्ध में फीडबैक भी लिया। उन्होने कावड़ यात्रा मार्ग के मार्ग का भी निरीक्षण किया।





मण्डलायुक्त महोदया को जानकारी देते हुये पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कांवड मार्ग को 05 जोन तथा 17 सेक्टर में विभाजित करते हुये सम्वेदनशील स्थलों पर दोनों पालियों में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। कांवड मार्ग पर सुचारू यातायात सुनिश्चित किये जाने की व्यवस्था की गयी है। कांवड मार्ग में पड़ने वाले सम्वेदनशील स्थलों, प्रस्तावित शिविरों को चिन्हित कर लिया गया है। कांवड यात्रा को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कुल प्रस्तावित 41 शांति कमेटी की बैठकों के सापेक्ष सभी 32 बैठकें आयोजित की जा चुकी है। कांवड़ मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल व यातायात पुलिस की तैनाती की गयी है। कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सम्वेदनशील स्थलोध् शिविरो में सी0सी0टी0वी0 कैमरो की व्यवस्था की गयी है। जनपद में कलेक्ट्रेट स्थित कोविड कन्ट्रोल रूम तथा पुलिस लाइन स्थित कन्ट्रोल रूम से नियमित मानीटरिंग किये जाने की व्यवस्था भी की गयी है। उन्होने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतेजाम किये गये है। उन्होने बताया कि निर्देशानुसार जनपद के समस्त डी0जे0 संचालको से सम्पर्क कर रोकथाम की जा रही है कि किसी प्रकार का भड़काऊ, अश्लील, साम्प्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुचाने वाले गाने न चलाये जाये तथा डीजे की ऊंचाई सीमित रखी जाये। कांवड़ यात्रा मार्ग के समीप ही जन सहयोग के माध्यम से श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में पीस कमेटी की बैठके कर समुचित प्रबन्ध किये गये है।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने श्रावण मास में होने वाली कावड़ यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि श्रावण माह के दृष्टिगत मंदिरों जलाशयों पर साफ-सफाई, विजली, पानी आदि की समुचित व्यवस्था कर ली गयी है। कावंड़ियों की सुविधा हेतु प्रस्तावित शिविरों में खान-पान, प्याऊ आदि की समुचित व्यवस्था करायी जा रही है। सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कांवड़ मार्गो पर निरीक्षण कर लिया गया है, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपद को 05 जोन 17 सेक्टर में विभाजित कर सम्बेदनशील स्थलो पर 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेटो की तैनाती दोनो पालियो में की गयी है तथा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को मार्ग में पड़ने वाले जर्जर विद्युत पोलो को ठीक कराने तथा ट्रांसफार्मरो को जाली से कवर्ड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भोजनालयोंध् खान-पान की दुकानों की नियमित चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है तथा खान-पान की दुकानों पर रेट लिस्ट निर्धारित कर चस्पा कराये जाने के निर्देश दिये गये है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हेतु पानी के टैकरो को स्थापित किया गया है। जनपद के सभी सी0एच0सी0ध्पी0एच0सी0 को सक्रिय कर दिया गया है तथा कांवड़ मार्ग के प्रमुख स्थलो पर पर्याप्त एम्बुलेन्स की व्यवस्था की गयी है।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि स्थानीय निकाय में स्थित शिवालयों ध् मन्दिरो की विशेष सफाई व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। शुद्ध पेयजल हेतु पानी के ब्लीचिंग करायी जाती है, नाला नालियों में मैलाथियान डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है. सड़क के दोनो ओर चूना नियमित रूप से यात्रा मार्ग पर डलवाया जा रहा है। निकायों के पास मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध है जिनको यात्रा मार्ग पर लगाया गया है। आवश्यकतानुसार अस्थायी शौचालयो को भी उपलब्ध कराया जायेगा। शौचालयों के सफाई एवं सैनेटाईजेशन किये जाने हेतु कर्मचारियो की तैनाती कर दी गयी है। कांवड़ मार्ग के दोनो ओर उगे अवांछित पौधो को हटा दिया गया है। कांवड़ यात्रा के समय अधिक तीव्रता की ध्वनि वाले यंत्रों का प्रयोग न करने हेतु लोगो को प्रेरित किया जा रहा है। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने कहा कि शांतिपूर्ण आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये। कांवड़ यात्रा में कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए अधिकारी अभी से व्यवस्था दुरुस्त कर लें। कन्ट्रोल रूम निरन्तर क्रियाशील रखे, जिन पर आकस्मिकता की स्थिति में सूचना दी सके। बैठक के दौरान एडीजी पीसी मीणा, पुलिस महानिरीक्षक डा0 राकेश सिंह मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री संजीव बाजपेयी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन अंतरराज्यीय चोर चुराये गये जेवरात और नकदी भी बरामद

- चोरी का माल खरीदने वाला भी हुआ गिरफ्तार
- 15 जून को कोतवाली के सिहारी गांव में हुई थी चोरी
- सभी का है आपराधिक इतिहास, हैं कई मुकदमे



**संवाददाता।** माधौगढ़, जालौन

**कोतवाली** पुलिस ने चोरी की घटना का महज 18 दिन में खुलासा करते हुए शत प्रतिशत चोरी का माल सहित तीन अंतर्राज्यीय चोरों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया, साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार किया गया है।

पूरी घटना का खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांड ने बताया कि 14-15 जून की रात्रि को सिहारी गांव में अखिलेश कुमार पुत्र राधेश्याम के घर में चोरी हो गई थी। जिसमें सोने चांदी के आभूषण और नगदी चोर चोरी कर ले गए थे। कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और एसओजी टीम पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे के नेतृत्व में चोरी के खुलासे में लगी हुई थी। तभी दो बजे रात के लगभग इंस्पेक्टर विमलेश कुमार बंगरा में चेकिंग कर रहे थे।

तभी नहर पुलिया के पास से मुबारक खान पुत्र सौहराब खान निवासी मोहल्ला द्वारकापुरी कस्बा मौ जिला भिंड मध्य प्रदेश, भूरे खां व इदरीश खां पुत्रगण शहजाद खान निवासी असवार जिला भिंड मप्र चोरी की योजना बनाते हुए दो अवैध तमंचे कारतूस और चाकू के साथ पकड़ लिए गए। पूछताछ में इन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कहते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व में सिहारी में हुई चोरी में भी उनका ही हाथ था। वह क्वलारी (रेंढ़र) और जालौन में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेकर रात में मोटर साइकिल से घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देते थे। सिहारी में चोरी की और माल आपस में बांट लिया। बचा हुआ माल जालौन निवासी दिनेश सोनी पुत्र स्वर्गीय राजनारायण सोनी निवासी मोहल्ला पहलवान बाड़ा को बेच दिया। पुलिस ने सोने चांदी के सभी जेवरातों सहित 7700 रुपया नगद बरामद कर लिया है।

भूरे के खिलाफ रेंढ़र और माधौगढ़ कोतवाली में वर्ष 2011 से 4 मुकदमे पंजीकृत हैं। जबकि इदरीश के खिलाफ लहार, ऊमरी, गोहन और माधौगढ़ में 7 मुकदमे लिखे हुए हैं। मुबारक खान और दिनेश के खिलाफ भी दो-दो मुकदमे लिखे हैं।

## फर्जी काम दिखा संचालन समिति ने डकारे 50 लाख

**मौदहा,** हमीरपुर। क्षेत्र के खंडेह गांव में ग्राम संचालन समिति द्वारा पचास लाख रुपये गबन करने की शिकायत ग्राम पंचायत सदस्यों ने एसडीएम से की है। पंचायत सदस्य राजकुमारी, वीरेन्द्र कुमार, रानी,चन्द्र भवन, चुन्नू बाद,सिद्ध गोपाल,संतोष कुमार आदि ने एसडीएम को बताया कि सचिव व संचालन समिति ने मिलकर लाखों रुपए का सरकारी धन का बंदरबांट किया है। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के लिए 41 लाख रुपया को फर्जी कार्य दिखा धन को हड़प लिया गया,विद्युतीकरण में ग्यारह लाख रुपए खर्च कर खानापूर्ति की गई और जिन पोलो में पहले से ही लाइट लगी थी उनको भी नई लाइट दिखा फर्जी भुगतान करा लिया गया। इसी तरह हैंडपंप रिबोर के नाम से तीन हैंडपंपों फर्जी बोर का पैसा निकाल लिया गया और जमीनी स्तर पर स्थिति यह है कि तीनों हैण्ड पम्प पानी नहीं दे रहे हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि घटिया सामग्री प्रयोग कर नाम मात्र का काम करा के रीबोर का पूरा पैसा निकाल लिया गया।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

- प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण पर निकलीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल
- पठन-पाठन की स्थिति खराब पाए जाने पर मांगा स्पष्टीकरण



**संवाददाता।** बांदा

**जिलाधिकारी** दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सावन माह में आयोजित होने वाले कांवण यात्रा/श्रावण शिवरात्रि एवं अन्य त्यौहारों को शान्ति एवं कुशलता से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी शिव मन्दिरों में सफाई अभियान चलाकर प्रतिदिन सफाई कराये जाने एवं मार्गों की स्ट्रीट लाइट को ठीक रखने के निर्देश दिये। उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि मण्डी समितियों से सम्पर्क करके प्रमुख शिव मन्दिरों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने आज क्रमश: प्राथमिक विद्यालय, भिम्मा का पुरवा, प्राथमिक विद्यालय, गुरेह तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय (कम्पोजिट), गुरेह विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द, जनपद बांदा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय, भिम्मा का पुरवा, के निरीक्षण के दौरान अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के समय विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में बच्चों से प्रश्न किए गए छात्र छात्राओं से हिन्दी, गणित विषय में पहाडे व सवाल आदि पूछे गये, परन्तु बच्चों पूछे गये प्रश्नों के उत्तर संतोषजनक नहीं दिये गये। विद्यालय की पठन-पाठन की स्थिति खराब एवं निम्न स्तर की पायी गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बांदा को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विषयों के पठन-पाठन की स्थिति खराब पाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अध्यापकों का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुये अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित 7 दिन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय के सभी कक्षों में अंधेरा पाया गया व पेयजल व्यवस्था खराब पाई गई तथा गंदगी का अंबार पाया गया।

## राज्यमंत्री व सीडीओ के नेतृत्व में निकाली गयी विशाल वृक्ष बारात



**कानपुर देहात।** वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला व सीडीओ सौम्या पाण्डेय के नेतृत्व में वनविभाग, प्रधान व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरवनखेड़ा विकासखण्ड ब्लाक के पॅचायत भवन लोदीपुर परिसर से विशाल वृक्ष बारात का ढोल नगाड़े के साथ आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को वृक्षारोपण की उपयोगिता बता अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने व उनके संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। जनजागरूकता कार्यक्रम में वृक्षारोपण के महत्व की जानकारी देते हुये राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि पेड़ों के संरक्षण से ही पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने में मदद मिलेगी। राज्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने व उनके सर्म्वधन व संरक्षण के लिये शपथ दिलायी गयी। इसके बाद पॅचायत परिसर से ढोल नगाड़ों के साथ विशाल वृक्ष बारात निकाली गयी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों को पौधे प्रदान किये गये तथा पौधारोपण की उचित विधि से उन्हें अवगत कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदी, डीसी मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, आदि मौजूद रहे।

## वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** वन महोत्सव के अंतर्गत पर्यावरण गोष्ठी का हुआ आयोजन 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव के अंतर्गत पौधे लगाओ हरियाली बढ़ाओ ऑक्सीजन पाओ के अंतर्गत विकासखंड राजेपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ पर एक गोष्ठी का आयोजन प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य रहे। गोष्ठी से पूर्व सुशील शाक्य ने स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया। वही पौधे लगाओ, हरियाली बढ़ाओ, ऑक्सीजन पाओ के अंतर्गत स्कूल के बच्चों द्वारा रैली निकाल कर वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रभागीय निदेशक आर एस यादव एसडीओ ओमप्रकाश क्षेत्रीय वन अधिकारी रत्नेश श्रीवास्तव उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजकुमार ने विधायक सुशील शाक्य को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।

## पेयजल परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जताई नाराजगी

- प्रभारी मंत्री ने सांसद साथ किया विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण
- कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**संवाददाता।** चित्रकूट



**सूबे** के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग/जिला प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दौरे के दूसरे दिन बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के साथ कई परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निर्माणाधीन देवांगना एयरपोर्ट व हर घर जल नल योजना का समय से कार्य पूरा न होने पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिये। रैपुरा के गुन्ता बांध वाटरप्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने यूसीसी कानून पर कहा कि ये बीजेपी के संकल्प पत्र में था। यूसीसी देश में लागू करने को सरकार तैयार है। मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा को देखा।

कृषि विभाग ने किसान देवदत्त, परमदीन, वृंदावन, महेंद्र सिंह, रामकिशन आदि को मिनी किट बीज अरहर, सावा, कोदो बांटे। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से अगरहुडा गांव में पाइप लाइन से पानी देने का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि प्रधान, लेखपाल, जल जीवन मिशन के अधिकारी-कर्मचारी की बैठक कराकर प्रचार कराकर लोगों की भ्रांतियां दूर करें।

मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि गोवंश को जल्द संरक्षित कराएं ताकि किसान अपनी फसल की बुवाई कर सके। अन्ना प्रथा पर अंकुश लगने से ही जनपद में हरियाली आएगी। जल जीवन मिशन के कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए।

## क्विक न्यूज

### ज्ञानधन सिंह बने फतेहपुर जिप के नए एएमए

**फतेहपुर।** शासन ने सूबे के विभिन्न जनपदों के अपर मुख्य अधिकारियो (जिप) के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है, जिसमें फतेहपुर भी शामिल है। फतेहपुर ज़िला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी पद पर ज्ञानधन सिंह की तैनाती की गई है। वे अभी तक इसी पद पर देवरिया जनपद में थे। वहीं अभी तक यहां के अपर मुख्य अधिकारी रहे लालता प्रसाद वर्मा को इसी पद पर सिद्धार्थ नगर भेजा गया है। फतेहपुर ज़िप के नए अपर मुख्य अधिकारी ज्ञानधन सिंह ने आज यहां पहुंच कर विधिवत् कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन और ज़िला पंचायत हित में जो भी आवश्यक होगा, वैसे कदम उठाए जाएंगे।

### आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में कानपुर देहात अव्वल

**कानपुर देहात।** एडीजी कानपुर जोन आलोक कुमार सिंह क मार्गदर्शन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल नेतृत्व में जनपद ने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने में जून महीने में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान पाया है। इसी प्रकार थाना वार रैंक में थाना अकबरपुर/महिला, थाना मूसानगर, अमराहट द्वारा सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जनपद के प्रदेश स्तर पर जून महीने की समीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने मेहनत व निष्ठा के साथ काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को उसका श्रेय दिया है।

### बसपा नेता के कुर्क होटल में चोरी

**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता के कुर्क कर सील किये गये होटल में बीती रात चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। सील होटल के ताले टूट जाने से पुलिस सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी। हालांकि पुलिस मीडिया से पूरे घटना क्रम को छिपाने का प्रयास करती रही। 7ऊतेहगढ़ के मोहगा कसरट्टा निवासी बसपा नेता डॉ. अनुपम दुबे का थाना कादरी गेट के ठंडी सड़क पर होटल है। जिसे कुर्क कर सील कर दिया गया था। उसमें चोरों ने घुसकर ताले तोड़ डाले। सूचना मिलने पर तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीओ प्रदीप कुमार व थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे।

## बेतवा नदी स्थित साला घाट पर हादसों का सिलसिला जारी, किशोरी की डूबकर मौत

**उरई, जालौन।** बेतवा स्थित साला घाट अब मौत का मंजर आए दिन देखने लगा है। मंगलवार की सुबह एक और किशोरी के डूबकर मरने के हादसे ने साला घाट पर आने वाले पर्यटकों में खौफ भर दिया है तो वही व्यवस्थाओं पर एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं मामले की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद भी देर शाम तक बालिका का शव बरामद नहीं हो सका था। लेकिन इस हादसे ने स्थानीय जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर कर दिया है स्थानीय लोगों की माने तो बीते कुछ वर्षों से लगातार हो रहे हादसों के बाद भी साला घाट पर अब तक ना तो कोई सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## सीडीओ ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिखाए सख्त तेवर

**कानपुर देहात।** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा में खामी पाये जाने पर सीडीओ सौम्या पाण्डेय के तेवर देख जिम्मेदार अधिकारी सहमे नजर आये, सीडीओ ने बीडीओ पर लापरवाही की गाज गिराते हुये विद्यालयों के पैरामीटर्स पर शतप्रतिशत कायाकल्प न करने वालों जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीडीओ ने विद्यालयों के कायाकल्प में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। कायाकल्प में रूचि न लेने वाले जिम्मेदारों पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अकबरपुर बीडीओ धनप्राप्त यादव व पॅचायत सचिव नीलू यादव बालक व बालिकाओं के शौचालय समय से पूर्ण न कराये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मलासा ब्लाक में तैनात वीडीओ शैलेन्द्र सचान व सेक्रेटरी विपिन यादव बिना किसी सूचना के बैठक में मौजूद न रहने व कायाकल्प के कामों में लापरवाही बरतने पर सीडीओ ने विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये। सीडीओ ने शासन की प्राथमिकता के विकास कार्यों में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये।

## चेयरमैन ने नरेंद्र गुप्ता ने सुनी जनता की फरियाद

**संवाददाता।** चित्रकूट

**नगर** पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी में माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले नगरी समाधान दिवस/जनसुनवाई के क्रम में मंगलवार को चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किये गये नगरी समाधान दिवस में आम जनमानस से प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत, जल निकासी आदि से संबंधित प्राप्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।इस मौके पर चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीबों के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने अधिकारियों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ गरीबों तक पहुंचाकर उनके जीवन में खुशहाली लाने के निर्देश दिये।

## पेज एक का शेष

### राकांपा पर...

शाम को नागपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। राकांपा विधायकों के मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत खेमे के कुछ सदस्यों के नाराज होने की खबर के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, हमने मिलकर काम करने का फैसला किया है। असंतोष का कोई सवाल ही नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की मंगलवार को हुई बैठक में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम के बीच देखो और इंतजार करो की रणनीति अपनाने का फैसला किया गया। एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। पहले यह कहा गया था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार के पद से इस्तीफा देने और शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा पेश करने के मुद्दे पर चर्चा कर सकती है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि यहां विधान भवन में आयोजित कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में कांग्रेस ने पार्टी के साथ-साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) को मजबूत करने के लिए काम करने का फैसला किया, जिसमें वह राकांपा और शिवसेना (यूबीटी) के साथ एक घटक है। कांग्रेस के महाराष्ट्र मामलों के प्रभारी एच.के. पाटिल की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट समेत पार्टी के 45 में से 39 विधायकों ने हिस्सा लिया। एच.के. पाटिल ने कहा, हम एमवीए और कांग्रेस को मजबूत करेंगे। हमने उद्धव ठाकरे और शरद पवार का समर्थन किया है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि आने वाले दिनों में क्या घटनाक्रम होता है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पाटिल ने यह भी कहा कि कांग्रेस लोगों के मुद्दों को उजागर करने के लिए काम करेगी और भारतीय जनता पार्टी तथा असंवैधानिक और अनैतिक सरकार से लड़ने के लिए एकजुट रहेगी। कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले और कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान, वाई.बी. चव्हाण केंद्र में शरद पवार से मुलाकात करने गए। पटोले ने पवार से मुलाकात के बाद कहा, जिस तरह से भाजपा ने राकांपा के विधायक दल को तोड़ने की साजिश रची उसकी कांग्रेस निंदा करती है। एमवीए एकजुट है और भाजपा को हराएगी। कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि मौजूदा संकट से एमवीए और मजबूत होकर उभरेगी क्योंकि जनता हमारे साथ है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एकजुट है। शरद पवार वरिष्ठ नेता हैं और हम सभी उनका मागदर्शन प्राप्त करते हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शरद पवार अपने भतीजे अजित पवार के शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उनकी (अजित की)ओर से बड़ी संख्या में विधायकों का समर्थन होने का दावा करने के कारण पार्टी में पैदा हुए संकट से निपटने के लिए कानूनी राय ले रहे हैं।

### धोखा देने...

शरद पवार की तस्वीर मंगलवार को दक्षिण मुंबई में स्थापित अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा गुट के नए कार्यालय में देखी गई थी। अजित पवार गुट ने भी जयंत पाटिल को राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया है। पाटिल ने विधानसभा अध्यक्ष को अर्जी देकर अजित पवार और उनके अन्य सहयोगी विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य करार देने का अनुरोध किया है।

### 16 विधायकों...

अनुच्छेद 32 के तहत यह अदालत असाधारण क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य है। याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले में स्पष्ट निर्देश के बावजूद कि लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर उचित अवधि के भीतर फैसला किया जाना चाहिए, विधानसभा अध्यक्ष ने एक बार भी सुनवाई नहीं की। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता ने अयोग्यता मामलों में सुनवाई के लिए 15 मई, 23 मई, और 2 जून, 2023 को तीन से अधिक आवेदन भी भेजे हैं। हालांकि, प्रतिवादी अध्यक्ष ने तटस्थ मध्यस्थ के रूप में अपने संवैधानिक कर्तव्यों की अवहेलना की है। इससे एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में अवैध रूप से बने रहने की अनुमति मिल गई है, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं। अपनी याचिका में प्रभु ने कहा कि यह एक स्थापित कानून है कि विधानसभा अध्यक्ष 10वीं अनुसूची, जो दल-बदल विरोधी कानून से संबंधित है, के तहत अपने दायित्व के निर्वहन के समय एक न्यायाधिकरण के रूप में कार्य करता है और उसे निष्पक्ष और निष्पक्ष तरीके से कार्य करना आवश्यक है। प्रभु ने अपनी याचिका में कहा, इसलिए, इस अदालत के लिए यह जरूरी है कि वह महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष को विधानसभा के संबंधित सदस्यों के खिलाफ याचिकाकर्ता द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्रता से, समयबद्ध तरीके से फैसला करने का निर्देश दे। शीर्ष अदालत ने 11 मई को फैसला सुनाया था कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे क्योंकि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार को बहाल नहीं कर सकती क्योंकि शिवसेना नेता ने अपनी पार्टी में बगावत के बाद बहुमत परीक्षण का सामना किए बिना इस्तीफा देने का फैसला किया था। शिंदे सहित शिवसेना के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने से इनकार करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि अदालत आमतौर पर दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला नहीं कर सकती है और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को लंबित मामले पर उचित अवधि के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

### आतंकवाद वैश्विक...

के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बैठक में डिजिटल माध्यम से उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीतियों के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, आतंकवादियों को पनाह देते हैं और एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। मोदी ने कहा, ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आतंक के वित्त पोषण से निपटने के लिए भी हमें आपसी सहयोग बढ़ाना चाहिए। इसमें एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी ढांचा (रैट्स) तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ सदस्य देशों के युवाओं के बीच कट्टरता के फैलाव को रोकने के लिए और सक्रिय रूप से कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथ के विषय में आज जारी संयुक्त बयान हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए मज़बूत सम्पर्क का होना बहुत ही आवश्यक है। भारत की अध्यक्षता में डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक में रूस, चीन, पाकिस्तान के अलावा कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान के नेताओं ने हिस्सा लिया। अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अफ़ग़ानिस्तान को लेकर भारत की चिंताएं और अपेक्षाएं एससीओ के अधिकांश देशों के समान हैं। हमें अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अफगान नागरिकों को मानवीय सहायता, एक समावेशी सरकार का गठन, आतंकवाद और मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध लड़ाई, तथा महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करना हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, यह आवश्यक है कि अफगानिस्तान की भूमि, पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने, या चरमपंथी विचारधाराओं को प्रोत्साहन देने के लिए इस्तेमाल न की जाए। मोदी ने कहा कि 2021 के घटनाक्रम के बाद भी हम अफगानिस्तान में मानवीय सहायता भेजते रहे हैं। 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद वहां की सत्ता पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य वैश्विक संस्थानों में भी सुधार के लिए एससीओ एक महत्वपूर्ण आवाज़ बन सकता है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज ईरान, एससीओ परिवार में एक नए सदस्य के रूप में जुड़ने जा रहा है। इसके लिए मैं राष्ट्रपति रईसी और ईरान के लोगों को बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ईरान को एससीओ सदस्यता मिलने के बाद चाबहार पोर्ट के बेहतर उपयोग के लिए काम कर सकते हैं।

### भाजपा ने...

जाखड़ को पंजाब में पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जाखड़ राज्य में अश्विनी शर्मा की जगह लेंगे। झारखंड में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी पर भरोसा जताया है। वह वर्तमान में राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री मरांडी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दीपक प्रकाश की जगह लेंगे। पिछले दिनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरन कुमार रेड्डी को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया है और ये तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

### कनाडा ने...

को लेकर भारतीय अधिकारियों के करीबी संपर्क में है। यह प्रचारात्मक सामग्री अस्वीकार्य है। जॉली ने इस बात पर भी जोर दिया कि कुछ लोगों के कृत्यों को पूरे समुदाय या कनाडा की सहमति नहीं है। जयशंकर ने कनाडा में खालिस्तानी पोस्टरों पर भारतीय राजनयिकों का नाम होने की खबरों के बारे में कहा है कि इस मुद्दे को कनाडा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। नई दिल्ली में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम से इतर जयशंकर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चरमपंथी, अतिवादी खालिस्तानी सोच भारत या अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा, हमने कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे हमारे सहयोगी देशों, जहां खालिस्तानी गतिविधियां हुई हैं, उनसे आग्रह किया है कि वे खालिस्तानियों को तवज्जो नहीं दें, क्योंकि उनकी (खालिस्तानियों की) चरमपंथी, अतिवादी सोच न तो हमारे लिए, न ही उनके लिए और न ही उनसे (उन देशों से) हमारे संबंधों के लिए ठीक है। उन्होंने कहा, हम पोस्टर के मुद्दे को वहां की (कनाडा की) सरकार के साथ उठाएंगे। मेरा मानना है कि अब तक ऐसा (कनाडा की सरकार के समक्ष मुद्दे को उठाने का काम) पहले ही किया जा चुका होगा।

### सैन फ्रांसिस्कों...

की जाएगी जो कैलिफोर्निया के बर्कले से शुरू होगी और सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर समाप्त होगी। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हमला किए जाने की यह कुछ महीनों के भीतर दूसरी घटना है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर 19 मार्च को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया था। खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने शहर की पुलिस द्वारा लगाए अस्थाई सुरक्षा अवरोधक तोड़ दिए थे और दूतावास परिसर में दो तथाकथित खालिस्तान झंडे लगाए थे। हालांकि दूतावास कर्मियों ने तुरंत इन झंड़ों को हटा दिया था। भारतीय समुदाय के नेता अजय भुटोरिया ने कहा कि सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास पर हमला अत्यधिक चिंताजनक है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, राजनयिक मिशनों को निशाना बनाने के हिंसा के ऐसे कृत्य अत्यधिक चिंताजनक हैं। भुटोरिया ने सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग से घटना की तेजी से जांच करने और दोषियों को सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा, राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेजबान देश की न केवल जिम्मेदारी है बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मूलभूत दायित्व भी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि चरमपंथी, अतिवादी खालिस्तानी सोच भारत या अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे सहयोगी देशों के लिए ठीक नहीं है। वह कनाडा में खालिस्तान समर्थक पोस्टरों में भारत के वरिष्ठ राजनयिकों के नाम होने की खबरों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट...

शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल करते हुए कहा है कि उपराज्यपाल कार्यालय को मंत्रिपरिषद के सहयोग और सलाह पर काम करना होता है, जो उन्होंने नहीं किया है। उपराज्यपाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को डीईआरसी के नामित अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उमेश कुमार को मंगलवार सुबह 10 बजे तक शपथ दिलाने का निर्देश देने के बावजूद उन्हें शपथ नहीं दिलाई गई। दिल्ली की बिजली मंत्री आतिशी, कुमार को पद की शपथ दिलाने वाली थीं, लेकिन अचानक उन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने के कारण कार्यक्रम छह जुलाई तक के लिए टाल दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़ा केंद्र का अध्यादेश नियुक्तियों के मामले में उपराज्यपाल को निर्वाचित सरकार से अधिक शक्तियां प्रदान करता है। डीईआरसी के पूर्व प्रमुख न्यायमूर्ति शबीहुल हसनैन के नौ जनवरी 2023 को पद छोड़ने के बाद से यह पद खाली है।

### गर्म जलवायु...

समय मायने रखता है। प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होने से पहले या बाद में भोजन की तलाश करने का मतलब यह हो सकता है कि पक्षियों के पास अपने बच्चों को जीवित रखने के लिए संसाधन न हों। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर पक्षी बैंडिंग कार्यक्रम के आंकड़ों का इस्तेमाल कर 2001 और 2018 के बीच पूरे उत्तरी अमेरिका के वन क्षेत्रों के पास 179 स्थानों पर 41 प्रवासी और स्थानीय पक्षी प्रजातियों के प्रजनन के समय और पैदा होने वाले बच्चों की संख्या की गणना की। यूसीएलए में पारिस्थितिकी और विकासवादी जीव विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मॉर्गन टिंगले ने कहा कि उत्तरी अमेरिका ने 1970 के दशक के बाद से पक्षियों की अपनी आबादी का लगभग एक तिहाई हिस्सा खो दिया है।

# अमेरिकाः फिलाडेल्फिया में बंदूकधारी ने की अंधाधुंध गोलीबारी,पांच की मौत

● हत्यारा का गिरफ्तार

भाषा। फिलाडेल्फिया (अमेरिका)



**अमेरिका के फिला**डेल्फिया शहर में सोमवार रात को बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आयुक्त डेनियल आउटलॉ ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह गोलीबारी किंगसेसिंग शहर की कुछ गलियों में हुई। अधिकारियों ने लगातार गोली चला रहे संदिग्ध हमलावर का पीछा किया और आत्मसमर्पण करने के बाद उसे एक गली से गिरफ्तार कर लिया। आउटलॉ ने कहा, ईश्वर का शुक्र है कि हमारे अधिकारी घटनास्थल पर थे और उन्होंने जल्द से जल्द प्रतिक्रिया दी। जिस साहस का उन्होंने प्रदर्शन किया उसे मैं बयां नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि पीड़ितों तथा बंदूकधारी के बीच फिलहाल किसी तरह के संबंध का पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी, उसके पास कई मैगजीन, एक एआर-टाइप राइफल , एक हैंडगन और एक पुलिस स्कैनर था। उन्होंने कहा कि किंगसेसिंग शहर से गोलीबारी की विभिन्न कॉल मिलने के बाद रात करीब 8.30 बजे अधिकारियों को मौके पर भेजा गया। आउट ला ने कहा कि पुलिस को गोलीबारी के कुछ पीड़ित मिले और उन्होंने उनकी सहायता की जबकि इस दौरान गोलियां चलने की और आवाज सुनी गई। संदिग्ध हमलावर की आयु 40 वर्ष बताई जा रही है। आउटलॉ ने बताया कि एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है जो संदिग्ध पर गोली चला सकता था, लेकिन पुलिस को नहीं पता है कि इन दोनों व्यक्तियों के बीच संबंध है या नहीं। आउटलॉ ने बताया कि तीन मृतक पुरुषों की उम्र 20 से 59 वर्ष के बीच है, चौथे मृतक व्यक्ति की उम्र 16 से 21 साल के बीच है पर इसकी पहचान नहीं हो सकी है। अपने घर में पाए गए पीड़ित की उम्र 31 साल थी। अस्पताल में भर्ती दो लड़कों की उम्र दो तथा 13 साल है, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। उनका हमलावर तथा पीड़ितों से कोई संबंध नहीं दिखाई दे रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से एक दिन पहले बाल्टीमोर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 अन्य लोग घायल हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, फिलाडेल्फिया में गोलीबारी देश में इस साल सामूहिक गोलीबारी की 29वीं घटना है।

# नाटो महासचिव स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ाया गया

भाषा। ब्रसेल्स

**उत्तरी अटलांटिक** संधि संगठन (नाटो) के 31 सदस्यों ने मंगलवार को संगठन के मौजूदा महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल एक साल और बढ़ाने का फैसला किया। स्टोल्टेनबर्ग ने इस फैसले के बाद ट्वीट किया कि संगठन के महासचिव पद का कार्यकाल एक अक्टूबर 2024 तक बढ़ाकर नाटो सदस्य देशों ने उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने कहा, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बीच अंतर अटलांटिक संबंधों ने गत 75 सालों में हमारी आजादी और सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। मौजूदा समय में अपेक्षाकृत अधिक खतरनाक दुनिया में हमारे गठबंधन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री स्टोल्टेनबर्ग वर्ष 2014 से ही नाटो के शीर्ष असैन्य अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल पिछले साल समाप्त होने वाला था लेकिन फरवरी 2022 में यूक्रेन के खिलाफ रूस द्वारा युद्ध शुरू किए जाने की पृष्ठभूमि में उन्हें पद पर बने रहने को कहा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके नाटो समकक्षों को 11 और 12 जुलाई को लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान नए महासचिव का नामित करना था लेकिन विश्व के सबसे बड़े सुरक्षा संगठन ने आम-सहमति से स्टोल्टेनबर्ग को ही बनाए रखने का फैसला किया। नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने स्टोल्टेनबर्ग का कार्यकाल बढ़ाने का स्वागत किया है। यह चौथी बार है जब स्टोल्टेनबर्ग के कार्यकाल में विस्तार किया गया है। वह नीदरलैंड के पूर्व विदेशमंत्री जोसेफ लुन्स के बाद सबसे अधिक समय तक इस पद पर बने रहने वाले दूसरे अधिकारी हैं। लुन्स 1971 से लेकर करीब 13 साल तक उक्त पद पर रहे।

## क्विक न्यूज

### चीनी राष्ट्रपति शी ने एससीओ देशों से क्षेत्रीय शांति, साझी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से क्षेत्रीय शांति और साझी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया और आर्थिक सुधार को गति प्रदान करने के लिए व्यावहारिक सहयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई शंघाई सहयोग संगठन के शासनाध्यक्षों की परिषद की 23वीं बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए शी जिनपिंग ने बहुपक्षीयता को बरकरार रखने और वैश्विक प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करने के महत्व को रेखांकित किया। वैश्विक प्रशासन प्रणाली को स्वच्छ तथा अधिक समतामूलक बनाने की वकालत करते हुए शी ने अमेरिका की आलोचना करते की और आधिपत्यवाद एवं ताकत की राजनीति के विरोध का आह्वान किया। शी ने एससीओ सदस्य देशों से देशों को जोड़ने एवं सम्पर्क बढ़ाने के लिए अरबों डालर की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजना के तहत विभिन्न देशों की विकास रणनीति एवं क्षेत्रीय सहयोग पहल के जरिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सहयोग की वकालत की।

### आतंकवाद के कई सिर वाले राक्षस से पूरी ताकत के साथ लड़ा जाना चाहिए: पाकिस्तान के प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद और उग्रवाद के कई सिर वाले राक्षस से पूरी ताकत और दृढ़ता के साथ लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इसे कूटनीतिक फायदे के लिए हथकंडे के तौर पर इस्तेमाल करने के खिलाफ भी आगाह किया। भारत द्वारा आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की 23वीं बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने धार्मिक अल्पसंख्यकों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, आतंकवाद और उग्रवाद के कई सिर वाले राक्षस से-चाहे वह व्यक्तियों, समाज या राज्यों द्वारा प्रायोजित हो- पूरी ताकत और दृढ़ विश्वास के साथ लड़ना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में कूटनीतिक मुद्दे के लिए इसे एक औजार के रूप में इस्तेमाल करने के किसी भी प्रलोभन से बचना चाहिए। शरीफ ने कहा, राज्य प्रायोजित आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद की स्पष्ट और कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। चाहे कारण या बहाना कुछ भी हो, निर्दोष लोगों की हत्या का कोई औचित्य नही हो सकता है।

### हिंदी में दिखेंगे लोकप्रिय विदेशी भाषा के शो

**मुंबई।** अमेज़न मिनी टीवी ने मनोरंजन का दायरा और बढ़ाने का फैसला किया है। भारत के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेज़न मिनी टीवी ने मिनी टीवी इंपोर्टेड् की घोषणा की है। दर्शकों के लिए लगातार और बेहतरीन मनोरंजन मुहय्या कराने वाले अमेज़ॅन मिनी टीवी ने अन्य देशों के लोकप्रिय शो को हिंदी भाषा में डब करके पेश करने का फैसला किया है। हिंदी में डब किए गए कोरियाई, तुर्की, मंदारिन, स्पेनिश भाषा के शो दिखाए जाएंगे। विदेश में रिलीज हुए शोज और सीरियल्स ने दिखा दिया है कि कला की कोई सीमा नहीं होती। ये शो और सीरियल न सिर्फअपने देश में बल्कि दूसरे देशों में रिलीज हुए और काफी पॉपुलर भी हुए। इसके कारण अमेज़ॅन मिनी टीवी ने अन्य देशों में बनें विदेशी भाषा शो धारावाहिक हिंदी मे पेश करके अपने मनोरंजन के खजाने का और विस्तार करने का निर्णय लिया है। अमेज़न मिनी टीवी के इस कदम से भारत में दर्शक दूसरे देशों के लोकप्रिय और लोकप्रिय धारावाहिक और शो हिंदी में देख सकेंगे। अमेज़न मिनी टीवी ने श्मिनी टीवी इंपोर्टेडश् का प्रोमो पेश किया है और इसमें दर्शकों के सामने आने वाले विभिन्न शो की झलक दिखाई गई है। इन शो की 7 जुलाइ 2023 को अमेज़न मिनी टीवी पर स्ट्रीमिंग शुरू होगी। चीयर अप हार्ट सर्जन और डॉक्टर डिटेक्टिव शामिल हैं। इन शो को दर्शक हिंदी भाषा में देख सकेंगे। इस अभिनव और अनोखे निर्णय पर बात करते हुएए अमेज़ॅन मिनी टीवी के कंटेंट प्रमुख अमोघ दुसाद ने कहा भारत में डिजिटल दर्शकों ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी वीडियो देखने की आदतों को पूरी तरह से बदल दिया है। वे कुछ अलग देखना चाहते हैं।

### भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल का पीछा करने के आरोप में एक व्यक्ति को 364 दिन की जेल

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल का चोरी-छिपे पीछा करने का अपराध कबूल करने वाले 49-वर्षीय व्यक्ति को 364 दिन के कारावास की सजा सुनाई गई है। द सिएटल टाइम्स की शनिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार ब्रेट फोर्सेल नामक व्यक्ति ने बृहस्पतिवार को सिएटल की किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अभियोजकों द्वारा मूल रूप से अपने खिलाफ दायर किए गए गंभीर अपराध को स्वीकार करने के बजाय गलत तरीके से पीछा करने के हल्के अपराध को स्वीकार कर लिया। सिएटल पुलिस ने फोर्सेल को एक साल पहले जयपाल के घर के बाहर से गिरफ्तार किया था, जिसके पास एक हथियार था। उसे एक घृणा अपराध को अंजाम देने के संदेह में जेल में डाल दिया गया था। उसे चार दिन बाद ही रिहा कर दिया गया, क्योंकि पुलिस निश्चित रूप से यह नही बता सकी थी कि उसने जयपाल को भारत वापस जाने को कहा था।

### दक्षिण अफ्रीका में पुलिस बर्बरता का वीडियो सामने आने के बाद आक्रोश फैला

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में एक वीडियो सामने आने के बाद आक्रोश फैल गया है, जिसमे सादी वर्दी मे पुलिस अधिकारी एक कार से व्यक्ति को बाहर निकालकर उसके सिर पर पैरों से वार करते दिख रहे है, जिसके बाद वह व्यक्ति बेहोश हो जाता है। इस घटना ने देश मे पुलिस बर्बरता की समस्या की ओर एक बार फिर लोगो का ध्यान आकर्षित किया है। अधिकारी दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल मेशेटाइल की सुरक्षा टीम मे शामिल हैं। मेशेटाइल के कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सप्ताहांत मे हुई घटना के वीडियो मे अधिकारी एक व्यक्ति को सड़क पर घसीटते हुए और फिर उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सो पर लातें मारते हुए दिख रहे है। इनमे से कुछ अधिकारियो के हाथो मे राइफल हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हमले के बाद व्यक्ति बेहोश हो गया और अपनी पीठ के बल लेट गया।

### तुर्किए और मिस्र ने एक दूसरे देशों में अपने-अपने राजदूतों की नियुक्ति की, सालों से जारी तनाव समाप्त

**अंकारा।** मिस्र और तुर्किए ने अपने कूटनीतिक संबंधो को पूर्ण रूप से बहाल करने की दिशा मे मंगलवार को अहम कदम उठाया और कई वर्षों बाद पहली बार एक-दूसरे के यहां अपने राजदूतों की नियुक्ति की। एक संयुक्त बयान मे दोनो देशो से घोषणा की कि सलीह मुतलु सेन तुर्किए के काहिरा में राजदूत होंगे जबकि अम्र एल्हामामी अंकारा में मिस्र के राजदूत होंगे। बयान मे कहा गया, यह कदम दोनों देशों के बीच एक बार फिर से सामान्य रिश्ते स्थापित करने और तुर्किए एवं मिस्र के लोगो के हितो में द्विपक्षीय संबंधो को बढ़ाने की दिशा में कार्य की आपसी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए उठाया गया है।

### वियतनाम ने बार्बी फिल्म पर चीन के क्षेत्रीय दावे के चित्रण को लेकर लगाया प्रतिबंध

**हनोई।** वियतनाम के सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि सरकार ने लोकप्रिय बार्बी फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि फिल्म मे दक्षिण चीन सागर मे विवादित चीनी क्षेत्रीय दावो को दर्शाने वाले मानचित्र का दृश्य है। समाचार पत्र वियतनाम एक्सप्रेस और अन्य मीडिया की खबरो मे कहा गया है कि सोमवार के फैसले के बाद फिल्म वितरकों की वेबसाइट सेे बार्बी का विज्ञापन करने वाले पोस्टर हटा दिए गए। वियतनाम के सिनेमाघरो मेें बार्बी 21 जुलाई को प्रदर्शित होने वाली थी।

### थ्रेड्स नाम से ट्विटर जैसा सोशल मीडिया मंच लाने वाला है मेटा

**लंदन।** मेटा एक नया ऐप लाने वाला है, जो माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर का प्रतिद्वंद्वी हो सकता है और यह एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच को एक सीधी चुनौती होगी। एप्पल के ऐप स्टोर पर थ्रेड्स नाम से ऐप के लिए लिस्टिंग से संकेत मिलता है कि इसकी शुरूआत बृहस्पतिवार को हो सकती है। यह शब्द आधारित बातचीत ऐप है, जो इंस्टाग्राम से जुड़ा हुआ है। यह बताया गया है कि थ्रेड्स पर समुदाय विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सकेंगे। ऐप स्टोर लिस्टिंग पर प्रदर्शित स्क्रीनशॉट के अनुसार, इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता अपना यूजर नाम बनाए रख सकेंगे और नए ऐप पर उसी अकाउंट से जाएंगे। मेटा ने ऐप पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### स्विटजरलैंड में उतरने के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**बर्लिन।** स्विस आल्प्स मे मंगलवार को लैंडिग के दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे मे हेलीकॉप्टर मे सवार सभी पांचो लोगो को कोई नुक्सान नही पहुंचा है। स्थानीय मीडिया मे आई खबरो मे यह जानकारी दी गई।स्विटजरलैंड की एयरलाइन एयर जर्मेट का यह हेलीकॉप्टर लैंडिग के दौरान हादसे का शिकार हुआ। सार्वजनिक प्रसारक एसआरएफ ने बताया कि रोटर ब्लेड ने जमीन को छुआ, जिससे हेलीकॉप्टर एक तरफ झुक गया था। यह हादसा इटली की सीमा के नजदीक ग्निफेटी चोटी के पास हुआ।

### सीरिया के दावे में कोई सबूत नहीं मिलाः ओपीसीडब्ल्यू

**द हेग (नीदरलैंड्स)।** दुनियाभर मे रासायनिक हथियारो पर नजर रखने वाली एक संस्था ने मंगलवार को कहा कि उसे सीरिया के इस दावे के समर्थन मे कोई सबूत नही मिला है कि 2017 मे उसके सुरक्षा बलो पर विषैली गैस का इस्तेमाल करके हमला किया गया था।रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्लू) ने कहा कि उसकी जांच टीम इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह निर्धारित करने के लिए कोई उचित आधार नही है कि जुलाई और अगस्त 2017 मे सीरिया के मध्य प्रांत हामा के एक गांव मस्सासनेह मे हुईं दो घटनाओ मे रसायनो को हथियार के रूप मे इस्तेमाल किया गया था।

### पाकिस्तान के नंगा पर्वत की चोटी को फतह करने के बाद पोलैंड के पर्वतारोही की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के नंगा पर्वत के शिखर को फतह करने के बाद पोलैड के एक पर्वतारोही की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस और एक पर्वतारोहण अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नंगा पर्वत की खतरनाक परिस्थितियों को लेकर इसे हत्यारा पर्वत के नाम से भी जाना जाता है। स्थानीय पुलिस अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि पावेल तोमास्ज कोपेक को 8,126 मीटर (26,660 फुट) ऊंचे पर्वत शिखर से उतरने के दौरान प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण सांस लेने मे परेशानी हुई थी। उनके साथ दो अन्य पर्वतारोही भी थे।


### तालिबान ने अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध लगाया

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान मे तालिबान ने महिलाओं के ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध लगाते हुए इन्हे कारोबार बंद करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह अफगानिस्तान मे महिलाओं और लड़कियो के अधिकारो तथा आजादी पर नई पाबंदी है। इससे पहले शिक्षा और ज्यादातर नौकरियो से उन्हे प्रतिबंधित किया जा चुका है। तालिबान के वर्च्यू एंड वाइस मिनिस्ट्री के प्रवक्ता मोहम्मद सिद्दीक अकिफ महाजर ने प्रतिबंध की जानकारियां नही दी। उन्होने केवल सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे पत्र की बातो की पुष्टि की।

# मॉस्को पर यूक्रेनी ड्रोन हमले को नाकाम किया : रूस

भाषा। मॉस्को

**रूसी वायु** सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने मॉस्को को निशाना बनाकर किए गए यूक्रेनी ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि हमले के चलते शहर के एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को कुछ देर के लिए बंद किया गया था। निजी बल वैग्नर के प्रमुख द्वारा रूस के खिलाफ बगावती तेवर दिखाने के लगभग 11 दिन बाद मॉस्को पर ड्रोन के जरिए हमले का यह पहला मामला सामने आया है। हालांकि, यूक्रेन के अधिकारियों ने रूसी क्षेत्र पर हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को के बाहरी इलाके में पांच में से चार ड्रोन को नष्ट कर दिया गया जबकि एक ड्रोन को तकनीकी मदद से निष्क्रिय किया गया। मॉस्को के मेयर सर्गेई एस. ने कहा कि इस हमले में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। ड्रोन हमले के कारण अधिकारियों को मॉस्को के नुकोवो हवाई अड्डे पर उड़ानों को अस्थाई रूप से प्रतिबंधित करना पड़ा और उड़ानों को दो अन्य हवाई अड्डों की ओर मोड़ना पड़ा। नुकोवो मॉस्को से लगभग 15 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।



### अमेरिकी राजदूत को रूस की जेल में बंद पत्रकार इवान गेर्शकोविच से मिलने की अनुमति मिली

**मॉस्को।**अमेरिका की राजदूत लिन ट्रेसी को सोमवार को जासूसी के आरोप में मार्च से रूस की जेल में बंद वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान गेर्शकोविच से मिलने की अनुमति दी गई। अमेरिकी दूतावास ने सोमवार की यात्रा की पुष्टि की लेकिन तत्काल इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नही कराई। ट्रेसी ने आखिरी बार अप्रैल मे गेर्शकोविच से मुलाकात की थी। अमेरिकी नागरिक को मार्च के अंत मे तब गिरफ्तार किया गया था, जब वह रिपोर्टिंग के लिए रूस आए थे। मॉस्को की एक अदालत ने पिछले महीने उन्हे 30 अगस्त तक हिरासत मे भेज दिया था। बचाव पक्ष के वकीलो ने इस फैसले को चुनौती दी है। गेर्शकोविच (31) को मॉस्को की लेफोर्टोवो जेल मे रखा गया है, जो अपनी कठोर परिस्थितियो के लिए कुख्यात है। वह सितंबर 1986 के बाद से रूस मे जासूसी के आरोपो का सामना करने वाले पहले अमेरिकी पत्रकार है।

### रूस के चेचन्या प्रांत में नकाबपोश हमलावरों ने पत्रकार और वकील पर हमला किया

**मॉस्को।** अज्ञात नकाबपोश हमलावरो ने रूस के चेचन्या प्रांत मे मंगलवार को एक पत्रकार और वकील पर हमला कर पिटाई की। इस क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर जारी मानवाधिकारो के हनन की कड़ी मे यह नवीनतम घटना है। नोवाया गजेटा की पत्रकार ऐलेना मिलाशिना और वकील अलेक्जेंडर नेमोव दो स्थानीय कार्यकर्ताओं की मां जरेमा मुसाएवा के मुकदमे मे भाग लेने के लिए चेचन्या पहुंचे थे। उनके पुत्रो ने चेचन्या के अधिकारियो को चुनौती दी है।हवाईअड्डे के बाहर पत्रकार और वकील के वाहन को अनेक कारो ने घेर लिया और कई नकाबपोश हमलावरो ने उनकी पिटाई की। हमलावरो ने उनके सिर पर बंदूकें तान दी और उनके उपकरण भी तोड़ दिए। नोवाया गजेटा ने बताया कि मिलाशिना के सिर पर गहरी चोट आई है और उनकी कई उंगलियां टूट गई है। नेमोव के पैर पर गहरा घाव है। समाचार पत्र के अनुसार, घायलो को चेचन्या के मुख्य शहर, ग्रोज्नी के एक अस्पताल मे ले जाया गया, जहां मिलाशिना बार-बार बेहोश हो रही थी। मिलाशिना ने लंबे समय से चेचन्या मे मानवाधिकारो के उल्लंघन को उजागर किया है और चेतावनियो, धमकियो तथा हमलो का सामना किया है। वर्ष 2020 मे मिलाशिना और उनके साथ मौजूद एक वकील की दर्जनभर लोगो ने होटल की लॉबी मे पिटाई की थी।

# पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले पर कहा, यह सुनवाई योग्य नही



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना मामले पर मंगलवार को कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने 10 मई को तोशाखाना मामले में खान (70) को दोषी ठहराया था, जिन्होंने मामले के सुनवाई योग्य नहीं होने की दलीलों को खारिज कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ पीटीआई के प्रमुख ने तब आईएचसी का रुख किया था, जिसने किसी भी आपराधिक कार्यवाही पर आठ जुलाई तक रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति आमेर फारूक ने जून में सुनवाई फिर से शुरू होने के बाद 23 जून को याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए मामला ईद उल-अजहा के बाद के लिए सूचीबद्ध किया था। एआरवाई न्यूज की खबर के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने खान के खिलाफ मामले पर कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाला विभाग है जहां अन्य देशों की सरकार व राष्ट्र प्रमुखों द्वारा पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है।

# भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान को शामिल करने के लिए यूएनएससी में सुधार हो : ब्रिटेन



भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**ब्रिटेन ने भारत,** ब्राजील, जर्मनी और जापान के साथ-साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व को शामिल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सीटों के विस्तार का आह्वान किया है। उसने रेखांकित किया कि अब समय आ गया है कि शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र निकाय 2020 के दशक में प्रवेश करे। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन के स्थाई प्रतिनिधि और जुलाई महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष राजदूत बारबरा वुडवर्ड की टिप्पणियां तब आईं जब उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संवाददाताओं को महीने के लिए सुरक्षा परिषद के काम के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। वुडवर्ड ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर, हम भारत, ब्राजील, जर्मनी व जापान और अफ्रीकी प्रतिनिधित्व को शामिल करने के लिए परिषद की स्थाई सीटों का विस्तार देखना चाहते हैं। अब समय आ गया है कि परिषद 2020 के दशक में प्रवेश करे। वुडवर्ड ने पिछले सप्ताह ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली की टिप्पणियों का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार को आगे बढ़ाने की ब्रिटेन की महत्वाकांक्षा की घोषणा की थी।

# ब्रिटेन में केरल की नर्स और दो बच्चों की हत्या के आरोप में पति को उम्रकैद

भाषा। लंदन



**केरल मूल** की अपनी नर्स पत्नी और अपने दो बच्चों की हत्या करने का अपराध कबूल करने वाले 52 वर्षीय व्यक्ति को ब्रिटेन की एक अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है जिसके तहत उसे कम से कम 40 साल जेल में बिताने होंगे। केरल मूल का साजू चेलावालेल सोमवार को पूर्वी इंग्लैंड की नॉर्थम्प्टन क्राउन अदालत में पेश हुआ। उसने पहले ही पत्नी अंजू असोक (35) और दो बच्चों जीवा साजू (छह) तथा जानवी साजू (चार) की हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। न्यायमूर्ति एडवर्ड पेप्परॉल ने अंजू की मौत के समय ली गई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया, जिसे सजा पर सुनवाई के दौरान अदालत में चलाया गया था। न्यायाधीश ने सजा सुनाते हुए कहा, जब तुम अपनी पत्नी की जान ले रहे थे, तो पीछे से तुम्हारे बच्चों को अपनी मां के लिए रोते-चीखते हुए सुना जा सकता है। यह स्पष्ट है कि जो हो रहा था उसे उन्होंने सुना और जानते थे कि तुम उसे चोट पहुंचा रहे थे। अदालत को बताया गया कि 15 दिसंबर, 2022 को नॉर्थम्प्टन के केटरिंग में भारतीय परिवार के घर पर आपातकालीन सेवा के कर्मियों को यह बताने के लिए बुलाया गया था कि एक महिला और दो बच्चों को गंभीर चोट आई हैं। नॉर्थम्प्टनशायर पुलिस ने कहा कि उसके अधिकारियों ने प्रवेश पाने के लिए दरवाजा तोड़ दिया और पाया कि साजू चेलावालेल के हाथ में चाकू है।

### इजराइल ने वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में उग्रवादियों की तलाश तेज की

**जेनिन।** इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में शरणार्थी शिविर में बड़े पैमाने पर कार्वाई के एक दिन बाद मंगलवार को उग्रवादियों का तलाशी अभियान तेज कर दिया। इजराइली सेना की कार्वाई में दो दिनों में 10 फलस्तीनी मारे गए हैं। हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में पलायन कर गए हैं। जेनिन शरणार्थी शिविर पर बड़े पैमाने पर छापामार कार्वाई सोमवार को शुरू हुई थी। वेस्ट बैंक में पिछले दो दशकों में यह सबसे गहन सैन्य अभियान है। इसमें 2000 के दशक की शुरुआत में दूसरे फिलिस्तीनी विद्रोह के दौरान इजरायली सैन्य रणनीति की झलक मिलती है। दरअसल, इजराइली बस्तियों पर सिलसिलेवार हमलों के जवाब में कड़ी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रधानमंत्री बेन्जिमन नेतन्याहू पर सहयोगी दलों का दबाव बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह इजराइली बस्तियों पर किए गए हमलों में चार लोगों की मौत हो गई थी। तेल अवीव में इजराइली चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि एक कार ने फुटपाथ पर चल रहे लोगों को टक्कर मार दी।

# सिंगापुर में चोटी के आठ लोकप्रिय व्यंजनों में शुमार है भारतीय भोजन

● बिरयानी और भारतीय रोजक की सबसे ज्याद मांग

भाषा। सिंगापुर



**बिरयानी और** भारतीय रोजक यहां चोटी के उन आठ लोकप्रिय व्यजंनों में शुमार हैं, जिनके सिंगापुर के लोग दीवाने हैं। सैयद कासिम (50) अपनी दुकान पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचते हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि दक्षिण भारतीय प्रवासियों की तीसरी पीढ़ी के वंशज अब भी पूरे चाव के साथ बिरयानी बनाते और खाते हैं। सिंगापुर में रहने वाले विभिन्न देशों के लोग रोज भोजन में बिरयानी खाना पसंद करते हैं। कासिम के दादा ने 50 वर्ष पहले यह दुकान खोली थी, जिनके पूर्वज तमिलनाडु के रामनाथनपुरम से आने वाले शुरुआती प्रवासियों में शुमार थे। सैयद कासिम सिंगापुर में हॉकर (अस्थाई दुकान चलाने वाले) हैं, जिनकी संख्या लगातार घटती जा रही है। ऐसे में सिंगापुर में हॉकर संस्कृति को संरक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक अन्य लोकप्रिय व्यंजन भारतीय रोजक है। यह 23 प्रकार की तली हुई सब्जियों और मांस से बना होता है। इसका सेवन पिसी हुई मूंगफली और इमली से बनी ग्रेवी के साथ किया जाता है। सगुबर सादिक (38) भारतीय मूल की तीसरी पीढ़ी के एक और फेरीवाले हैं जो सिंगापुर में भारतीय व्यंजनों की दुकानों को कायम रखे हुए हैं। इसकी शुरुआत उनके पिता ने 34 साल पहले की थी।पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय गैस आपूर्तिकर्ता सिटी एनर्जी द्वारा जारी की गई सूची में अन्य व्यंजन लक्सा (नारियल के दूध की ग्रेवी में नूडल्स), चिकन चावल और होकिएन मी तथा चेर केवे टीव (तले हुए चीनी नूडल्स) शामिल हैं। इसके अलावा सूची में मलय खाद्य पदार्थ भी हैं, जिनमें नासी लेमक (नारियल के दूध में पकाया गया चावल) और मी रेबस (ज्यादातर नारियल की गाढ़ी ग्रेवी के साथ बनाया जाने वाला व्यंजन) शामिल हैं। सिटी एनर्जी के सीईओ पेरी ओंग ने मंगलवार को कहा, सिंगापुर में रेहड़ी-पटरी पर बिकने वाला भोजन केवल स्वादिष्ट नहीं है, बल्कि नस्ल, भाषा, धर्म और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से ऊपर उठकर सिंगापुर वासियों के दिलों में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा, यह एक सांस्कृतिक प्रतीक है जो हमें एक साथ लाता है, हमें हमारी साझा विरासत की याद दिलाता है।

### नमक और चीनी वाले खाद्य पदार्थों से बचें

**नई दिल्ली।** भारत में मधुमेह, उच्च रक्तचाप,मोटापा और डिस्लिपिडेमिया जैसी गैरसंचारी बीमारियों एनसीडी की भारी समस्या है। यह तथ्य 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 20 वर्ष से अधिक आयु के 33,537 ग्रामीण और 79,506 शहरी लोगों के एक सर्वेक्षण से सामने आया है। अध्यन यह भी दर्शाता है कि हालांकि सभी मैटोबोलिक एनसीडी शहरी क्षेत्रों में अधिक आम हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी प्रसार दर पहले की तुलना में काफी अधिक है। एचएफएसएस ,उच्च वसाए नमक और चीनी वाले खाद्य पदार्थों की बजाय पौष्टिक और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने का एक शानदार तरीका हो सकता है। बादाम एक ऐसा भोजन है जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की अपार क्षमता रखता है। बादाम 15 आवश्यक पोषक तत्वों जैसे स्वस्थ वसा,डाइटरी फाइबर,प्रोटीन, विटामिन इ, जस्ता, तांबा, मैग्नीशियम, कैल्शियम और फास्फोरस का एक प्राकृतिक स्रोत हैं। कई अध्ययनों से संकेत मिला है कि बादाम को संतुलित आहार में शामिल करने से हृदय स्वास्थ्यए कोलेस्ट्रॉल में कमी,रक्त शर्करा और वजन प्रबंधन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, बादाम में तृप्ति देने वाले गुण होते हैं जो पेट भरा होने की फीलिंग देते हैंए जिससे भोजन के बीच भूख को मैनेज करने में मदद मिल सकती है और अस्वास्थ्यकर भोजन की लालसा से बचा जा सकता है। भारत में गैर.संचारी रोगों में हालिया वृद्धि के बारे में बात करते हुए फिटनेस विशेषज्ञ और सेलिब्रिटी मास्टर प्रशिक्षकए यास्मीन कराचीवाला ने कहा यह काफी चिंताजनक है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि हुई है। मेरे पास आने वाले हर तीन ग्राहकों में से एक को टाइप 2 डायबिटीज,हृदय की समस्याएं हैं और कई लोग वजन से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे हैं। जबकि मैं हमेशा व्यायाम के महत्व पर जोर देती हूंए मैं यह भी सलाह देती हूं कि हर कोई इस बात पर ध्यान दे कि वे रोजाना क्या खाते हैं। मैं उन खाद्य पदार्थों का चयन करने की भी सलाह देता हूं जो पोषण के प्राकृतिक स्रोत हैं और ऐसी किसी भी चीज़ से दूर रहें जो अधिक प्रोसेस्ड हैं। रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाना एक छोटी लेकिन अच्छी शुरुआत हो सकती है। जहां तक इसकी पोषण प्रोफ़ाइल की बात हैए बादाम प्रोटीनए फाइबर का एक समृद्ध स्रोत हैं और इनमें हैल्दी फैट होता है जो हृदय के लिए अच्छा है।

**सार्वजनिक सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की हमने अपनी कंपनी Nirmal Hygiene Pvt Ltd में लगभग पिछले तीन सालों से कोई भी लेन देन नही किया व हमने company बंद कर दी है, अगर किसी का किसी भी तरह का लेन देन या बकाया हो तो इस प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के अन्दर लिखित में हमारे ऑफिसः-E 45, Sec.-7, नोएडा, उ.प्र. मे आकर सूचित करे। इसके बाद में हमारी किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही होगी।

NIRMAL HYGIENE PVT LTD
Director: Kailash Nautiyal
Director: Nirmal Nautiyal

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Ms. Preeti Saini & Mr. Ramkishan Saini is in process to purchase the built-up property area measuring 16.5 Sq. Yds. out of 117 sq. yds. comprising One Shop on Ground Floor and First and Second Floor above the Shop Part of Property bearing No. 186 pertaining to the Khasra No. 1489/1097, situated in the abadi known as Hari Nagar Ashram, in the area of Village Kilokari, New Delhi from Mrs. Anuradha, who inherited the said property by virtue of regd. will dated 15/5/2009 (Document No. 3144) executed by her husband Late vinod kumar kaushik.
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# समान नागरिक संहिता लागू करने का समय आ गया है : उपराष्ट्रपति



गुवाहाटी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ साथ पत्नी सुदेश धनखड़ इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पौधों का पानी देते हुए।

**गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संविधान निर्माताओं की परिकल्पना के अनुरूप समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राष्ट्र देशभर में अपने नागरिकों के लिए यूसीसी लागू करने का प्रयास करेगा। धनखड़ ने कहा, यह संविधान के निर्माताओं की सोच थी। इसे लागू करने का समय आ गया है। इसे लटकाने या और विलंब करने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। उपराष्ट्रपति भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ ने आईआईटीजी परिसर में रुद्राक्ष और ब्रह्मकमल का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि राजनेता जैसी चाहें वैसी राजनीति करें, लेकिन एक सीमा के तहत साझा समझ और राष्ट्र तथा राष्ट्रवाद के प्रति सम्मान होना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश आज उस चरण में पहुंच चुका है जब इसके विकास का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है और इसलिए यह हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि भारतीय होने पर गर्व करें। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर छठा व्यक्ति भारतीय है और देश का मानव संसाधन पूरे विश्व को प्रभावित कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वह आर्थिक राष्ट्रवाद के प्रति प्रतिबद्ध रहें और आर्थिक लाभ के लिए इसके साथ समझौता नहीं करें। उन्होंने कहा, मैं वैश्विक व्यापार तंत्र में विश्वास करता हूं, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था को विदेशी शक्तियों द्वारा नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। युवाओं को एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना चाहिए, जहां आर्थिक राष्ट्रवाद का विकास हो।

### धनखड़ और उनकी पत्नी ने कामाख्या मंदिर में की पूजा

**गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ ने मंगलवार को यहां के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। आईआईटी गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए असम के एक दिवसीय दौरे पर आए धनखड़ का लोकोप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने स्वागत किया। गुवाहटी पहुचने के तुरंत बाद, धनखड़ और उनकी पत्नी देवी की पूजा करने के लिए नीलाचल पहाड़ियों के ऊपर स्थित कामाख्या मंदिर गए। मंदिर में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ, पुजारियों और मंदिर के अधिकारियों ने दोनों का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने गर्भगृह में पूजा के लिए जाने से पहले मंदिर के सौभाग्य कुंड (तालाब) में प्रार्थना की और मंदिर की परिक्रमा भी की।

धनखड़ आईआईटी-गुवाहाटी के 25वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे और छात्रों के साथ बातचीत भी करेंगे। इस वर्ष कुल 1990 छात्र स्नातक की डिग्री हासिल करेंगे। इससे पहले धनखड़ तीन मई को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए थे। इस बीच, कामरूप जिला प्रशासन ने जिले में और विशेष रूप से आईआईटी-गुवाहाटी परिसर के आसपास कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। कामरूप जिला मजिस्ट्रेट कीर्ति जल्ली ने एक आदेश में दिन के दौरान कामरूप जिले के अधिकार क्षेत्र में ड्रोन पर प्रतिबंध लगा दिए हैं।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता शीघ्र लागू होगी: धामी

## ● प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के बाद धामी बोले

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर काम कर रही है तथा राज्य में जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने, हालांकि यूसीसी पर प्रधानमंत्री के साथ कोई चर्चा किए जाने से इनकार किया। यह पूछे जाने पर कि क्या यूसीसी के विषय पर भी चर्चा हुई, तो धामी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पहले से ही इस बारे में अवगत हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विचार देशभर में यूसीसी लागू करना है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार को अभी तक संहिता पर रिपोर्ट का पूरा मसौदा नहीं मिला है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही इसे (यूसीसी को) लागू करेंगे, इसमें कोई देरी नहीं करेंगे और न ही हम कोई जल्दबाजी करेंगे।

धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तराखंड के देहरादून में दिसंबर में आयोजित होने वाली ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित लोगों की मदद को लेकर तथा चारधाम यात्रा और राज्य में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि समेत अन्य मुद्दों पर उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा की।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करते हुए उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

जनजातीय समूहों को समान नागरिक संहिता से छूट दिए जाने के सवाल पर धामी ने कहा कि समिति ने राज्य के विभिन्न जनजातीय समूहों से संपर्क किया गया है। धामी ने किच्छा-खटीमा रेलवे स्टेशन परियोजना के लिए भी केंद्र से मंजूरी मांगी और प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि इसकी कुल अनुमानित लागत (1,546 करोड़ रुपए) केंद्र द्वारा वहन की जाए।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से हुई मुलाकात पर धामी ने कहा कि उनसे चारधाम यात्रा और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चर्चा की गई, साथ ही मानसून में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों के बारे में उन्हें अवगत कराया गया। भारतीय जनता पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि यदि वह सत्ता में आएगी तो समान नागरिक संहिता लागू करेगी। यूसीसी को लागू करना भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा रहा है। पिछले दिनों भोपाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर जोर देते हुए सवाल किया था कि देश दोहरे कानूनों के साथ कैसे चल सकता है। उन्होंने विपक्ष पर इस मुद्दे को लेकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने का आरोप लगाया था।

# बिहार में महाराष्ट्र प्रकरण दोहराने की कोशिश में भाजपा: चौधरी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वासपात्र माने जाने वाले विजय कुमार चौधरी ने राजद नेता और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ सीबीआई के आरोपपत्र के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे की गई मांग को खारिज करते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा बिहार में महाराष्ट्र प्रकरण को दोहराने की कोशिश कर रही है। बिहार के मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, सिर्फ आरोप पत्र दाखिल करने से अपराध साबित नहीं हो जाता। इसके अलावा यह (सीबीआई) एक ऐसी एजेंसी है जिसे अपने कामकाज के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। उपमुख्यमंत्री ने खुद अपने खिलाफ ऐसी कार्वाई की आशंका जताई थी। उन्होंने कहा, यह मत भूलिए कि अजित पवार पर भी भाजपा ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। वह उनके इस्तीफे (एमवीए सरकार के उपमुख्यमंत्री के रूप में) की मांग करती थी। अब भाजपा ने उन्हें अपनी ही सरकार में उपमुख्यमंत्री बना लिया है।

अजित पवार ने रविवार को राकांपा में विद्रोहकर उपमुख्यमंत्री बनने के लिए महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा गठबंधन से हाथ मिला लिया। चौधरी ने कहा, भाजपा यहां महाराष्ट्र का प्रकरण दोहराने की कोशिश कर रही है। लेकिन यहां महागठबंधन बहुत मजबूत है। चौधरी ने जदयू में भी विभाजन होने का दावा करने को लेकर भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी का उपहास करते हुए कहा, जिस पार्टी के पास नीतीश कुमार का विश्वसनीय नेतृत्व हो उसे कोई क्यों छोड़ना चाहेगा। अगर कोई चाहता भी हो तो वह उस व्यक्ति को अपने इरादे क्यों बताएगा जो राजनीतिक हाशिए पर है। जदयू नेता ने कहा, जब लोग जहाज से कूदते हैं तो क्या इसकी पहले से घोषणा की जाती है। इस तरह के घटनाक्रम की विशेषता गोपनीयता होती है जिसे हमने महाराष्ट्र में देखा।

## प्रारंभिक ब्रह्मांड पांच गुना धीमा था: अध्ययन

**नई दिल्ली।** बिग-बैंग के बाद नवजात ब्रह्मांड आज के मुकाबले पांच गुना धीमा था। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन में आइंस्टीन की ब्रह्मांड के विस्तारित होने की पहेली को सुलझा लेने का दावा भी किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय में कार्यरत और अध्ययन के प्रमुख लेखक के. गेरेंट लुईस ने कहा, उस समय पर नजर डालें जब ब्रह्मांड सिर्फ एक अरब वर्ष से अधिक पुराना था, तो हमें समय पांच गुना धीमी गति से गुजरता दिखाई देता है। आइंस्टीन का सापेक्षता का सिद्धांत कहता है कि किसी वस्तु को जितना अधिक दूरी से देखा जाता है, जैसे कि एक पुरातन ब्रह्मांड, वह वर्तमान दिन के मुकाबले धीमी गति से चलता है। दो दशकों में प्रारंभिक आकाशगंगाओं के केंद्रों पर 190 क्वासर या अतिसक्रिय विशाल ब्लैक होल के विवरण की जांच करते हुए खगोलविदों ने समय पटल को वर्तमान चरण के दसवें हिस्से तक पीछे किया और पुष्टि की कि ब्रह्मांड उम्र बढ़ने के साथ-साथ तेज होता जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### वाराणसी हवाई अड्डे पर मिलेगी फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग की सुविधा

**नई दिल्ली।** वाराणसी हवाई अड्डे पर अब फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पार्क प्लस के साथ गठजोड़ किया है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक फास्टैग जारी करता है। फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग समाधान हवाई अड्डे की पार्किंग में स्वचालित नकद रहित भुगतान की सुविधा देता है। इससे पार्किंग क्षेत्र में वाहन की आवाजाही में कम समय लगता है और चीजें आसान होती है। पार्किंग शुल्क का भुगतान वाहन से जुड़े वैध फास्टैग के माध्यम से होता है। इससे भुगतान में लगने वाला समय कम हो जाता है। एक बयान में कहा गया है कि एयरटेल पेमेंट्स बैंक और पार्क प्लस ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर फास्टैग आधारित स्मार्ट पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गठजोड़ किया है। इससे स्थानीय निवासी अब वाराणसी हवाई अड्डे पर पार्किंग स्थल के भुगतान के लिए अपनी कार पर फास्टैग का उपयोग कर सकते हैं। दोनों कंपनियां देशभर में प्रमुख पार्किंग स्थलों पर कतारों में लगने वाले समय को कम करने को लेकर भुगतान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं। जल्दी ही इस सेवा को अन्य शहरों के हवाई अड्डों पर भी लागू किया जाएगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी गणेश अनंतनारायणन ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य ग्राहकों को सरल, सुरक्षित और निर्बाध भुगतान अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा, इससे हवाई अड्डे के पार्किंग स्थल पर बढ़ती भीड़ के बीच समय बचाने में मदद मिलेगी और यात्रा अनुभव बेहतर होगा।

### कई दल राजग में शामिल होना चाहते हैं : अनुराग ठाकुर

**कांगड़ा, ऊना (हिमाचल प्रदेश)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि कई दल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होना चाहते हैं और राकांपा ने इसकी शुरुआत कर दी है। ठाकुर ने कहा कि राजग मे शामिल होने और महाराष्ट्र सरकार का हिस्सा बनने की राकांपा की पहल से सरकार को मजबूती मिलेगी और भाजपा 2024 के आम चुनाव के बाद केंद्र में मजबूत व स्थिर सरकार बरकरार रखेगी। ठाकुर ने कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई शुरू होने से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए ठाकुर ने कहा कि 75 साल बाद जम्मू-कश्मीर को उसका अधिकार मिला और इस फैसले के बाद शांति, भाईचारे के साथ-साथ विकास को बढ़ावा मिला है। बाद मे, ऊना जिले के गगरेट मे एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि धर्म भाजपा के साथ है और पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा के रथ मे रोड़े अटकाने की कोशिश करने वाले पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार की उपलब्धियां अद्वितीय है और लोग चाहते है कि राजग फिर से सत्ता मे लौटे।

### बलात्कार करने और उसे मुस्लिम बनाने की को शिश का आरोप

**जयपुर।** जयपुर में एक व्यक्ति को एक नाबालिग का अपहरण करने, उसके साथ बलात्कार करने और उसे मुस्लिम बनाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मानसरोवर थाने के उपनिरीक्षक राकेश मीणा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने शनिवार को सोहेल खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में शिकायत की कि उसने कुछ दिन पहले उसकी 16 साल की बेटी का अपहरण कर लिया और सवाई माधोपुर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। मीणा के अनुसार उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। उपनिरीक्षक ने बताया , आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और सोमवार को अदालत में पेश किया गया, जहां मजिस्ट्रेट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी बेटी ने वापस आने के बाद खुद को मुस्लिम बताया।

### पुलिस शस्त्रागार से लूट के प्रयास में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में उपद्रवी घायल

**नई दिल्ली।** मणिपुर के अधिकारियो ने बताया कि थौबल जिले मे मंगलवार को पुलिस शस्त्रागार को लूटने की कोशिश कर रही भीड़ पर सुरक्षा बलो की ओर से चलाई गई गोली मे एक उपद्रवी घायल हो गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एक जवान भी घायल हुआ है। थौबल जिला राज्य की राजधानी इम्फाल से करीब 24 किलोमीटर दूर है। मणिपुर मे मेइती और कुकी समुदाय के बीच दो माह से जारी जातीय हिंसा को शांत करने के लिए सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलो की तैनाती की गई है। इस हिंसा में अब तक 100 लोगो की मौत हो चुकी है, जबकि अनेक घायल हुए हैं। बड़ी संख्या मे घर और धार्मिक स्थल भी तबाह हुए है।

## खरगे और राहुल ने मिजोरम के कांग्रेस नेताओं के साथ चुनाव तैयारियों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मिजोरम के पार्टी नेताओं के साथ मंगलवार को बैठक की, जिसमें संगठन एवं चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। मिजोरम में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल स्वता और कुछ अन्य नेता मौजूद थे। इस बैठक के बाद खरगे ने कहा कि मिजोरम के लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मिजोरम के लोग बदलाव चाहते हैं। प्रदेश में स्थिरता और प्रगति करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है। कांग्रेस एक बार फिर से मिजोरम में विकास एवं कल्याण के नए युग को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हम इस दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे।

# राकांपा के 51 विधायक 2022 में महाराष्ट्र सरकार में शामिल होना चाहते थे: प्रफुल्ल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता प्रफुल्ल पटेल ने दावा किया कि पार्टी के 53 में से 51 विधायकों ने पिछले साल महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार गिरने के बाद पार्टी अध्यक्ष शरद पवार से भाजपा से हाथ मिलाने की संभावना तलाशने के लिए कहा था। राकांपा से बगावत कर सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना गठबंधन में शामिल हुए अजित पवार का साथ देने वाले पटेल ने मराठी समाचार चैनल जी 24 तास को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर राकांपा, शिवसेना के साथ सरकार बना सकती है तो भाजपा के साथ क्यों नहीं।

गौरतलब है कि रविवार को राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने पार्टी में विभाजन का नेतृत्व करते हुए सत्तारूढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। अजित पवार के अलावा छगन भुजबल और हसन मुशरिफ समेत राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने भी शिंदे सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। शिंदे की बगावत के कारण पिछले साल जून में राज्य में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की सरकार गिर गई थी। बाद में शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए थे।

पटेल ने कहा कि पिछले साल भाजपा गठबंधन में शामिल होने को लेकर राकांपा में चर्चा हुई थी। उन्होंने बताया कि विधायकों ने इस पर चर्चा की थी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी लेकिन कोई फैसला नहीं लिया गया था। अब इसे आकार दिया गया है। फैसला एक पार्टी के तौर पर लिया गया है न कि मेरे या अजित पवार के द्वारा लिया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जयंत पाटिल उन 51 विधायकों में से एक थे जो चाहते थे कि शरद पवार सरकार में शामिल होने की संभावना तलाश करें। उन्होंने कहा कि केवल अनिल देशमुख और नवाब मलिक चर्चा में शामिल नहीं थे।

पटेल ने कहा, राकांपा मंत्रियों ने शरद पवार को एक पत्र लिखकर कहा था कि पार्टी को सत्ता से बाहर नहीं रहना चाहिए। सरकार में शामिल होने की संभावना तलाशने में कोई हर्ज नहीं है। यह पूछे जाने पर कि सरकार में शामिल होने का कदम क्यों नहीं उठाया गया था, इस पर उन्होंने कहा, कोई निर्णय नहीं लिया गया और दूसरे पक्ष को लगा होगा कि हमारी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि शरद पवार के काफी करीब होने के बावजूद उन्हें कुछ महीने पहले उनके पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के फैसले के बारे में मालूम नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि शरद पवार मुझसे नाराज होंगे। वह मेरे बारे में जो भी सोचते हैं, मैं उसका सामना करूंगा। जयंत पाटिल के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने वाले अजित पवार तथा आठ अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक याचिका दायर करने पर, पटेल ने कहा कि पार्टी में कोई आंतरिक चुनाव नहीं हुआ है।

# कांग्रेस की बैठक में नेता प्रतिपक्ष के पद पर कोई चर्चा नहीं, पार्टी ने इंतजार करने का फैसला किया

**मुंबई।** कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की मंगलवार को हुई बैठक में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई और राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम के बीच देखो और इंतजार करो की रणनीति अपनाने का फैसला किया गया। एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। पहले यह कहा गया था कि एनसीपी के नेता अजित पवार के पद से इस्तीफा देने और शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के पद पर दावा पेश करने के मुद्दे पर चर्चा कर सकती है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि यहां विधान भवन में आयोजित कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक में कांग्रेस ने पार्टी के साथ-साथ महा विकास आघाडी (एमवीए) को मजबूत करने के लिए काम करने का फैसला किया, जिसमें वह राकांपा और शिवसेना (यूबीटी) के साथ एक घटक है। कांग्रेस के महाराष्ट्र मामलों के प्रभारी एच.के. पाटिल की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात समेत पार्टी के 45 में से 39 विधायकों ने हिस्सा लिया।

एच.के. पाटिल ने कहा, हम एमवीए और कांग्रेस को मजबूत करेंगे। हमने उद्धव ठाकरे और शरद पवार का समर्थन किया है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि आने वाले दिनों में क्या घटनाक्रम होता है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। पाटिल ने यह भी कहा कि कांग्रेस लोगों के मुद्दों को उजागर करने के लिए काम करेगी और भारतीय जनता पार्टी तथा असंवैधानिक और अनैतिक सरकार से लड़ने के लिए एकजुट रहेगी। थोरात, पूर्व मुख्यमंत्रियों अशोक चव्हाण, पृथ्वीराज चव्हाण, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और अन्य ने पार्टी नेता और चंद्रपुर से सांसद सुरेश धनोरकर को श्रद्धांजलि दी, जिनका हाल ही में निधन हो गया था।

# लॉबिस्ट भंडारी के खिलाफ मामले में ब्रिटेन, यूएई, दक्षिण कोरिया को न्यायिक अनुरोध भेजेगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** सीबीआई गुजरात में ओएनजीसी पेट्रो एडिशंस लिमिटेड (ओपीएएल) के एक संयंत्र से जुड़े अनुबंध को प्रभावित करने के आरोपी एवं लॉबिस्ट संजय भंडारी के खिलाफ रिश्वतखोरी के एक मामले में ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और दक्षिण कोरिया को न्यायिक अनुरोध भेजेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अनुबंध दाहेज स्थित ओपीएएल संयंत्र में डुअल फीड क्रैकर यूनिट (डीएफसीयू) की स्थापना के लिए था। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने मामले और आरोपी व्यक्तियों तथा कंपनियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए यूएई, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया को न्यायिक अनुरोध जारी करने के वास्ते तीन अर्जियां दायर की हैं।

किसी विदेशी अदालत की सहायता प्राप्त करने के लिए न्यायिक अनुरोध भेजा जाता है। सीबीआई के अनुसार, डीएफसीयू के लिए निविदा 20 अप्रैल 2007 को जारी की गई थी, जिसमें दो कंपनी समूहों ने भाग लिया था। इनमें एक, जर्मनी की लिंडे और कोरिया के एसईसीएल का समूह था, जबकि दूसरा अमेरिका की शॉ स्टोन और वेबस्टर तथा भारत के लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) का समूह था।

इन कंपनी समूहों ने 2008 में अपनी बोली जमा की थीं, जिनमें परियोजना के लिए प्रौद्योगिकी सलाहकार फोस्टर व्हीलर एनर्जी लिमिटेड, ब्रिटेन ने लिंडे समूह के शुद्ध मौजूदा मूल्य (एनपीवी) 4,160 करोड़ रुपए आंके थे, जबकि शॉ स्टोन और वेबस्टर समूह के लिए 3,918 करोड़ रुपए का आकलन किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अधिक एनपीवी के कारण अनुबंध लिंडे और एसईसीएल समूह को उनके द्वारा प्रस्ताव की गई 6,744.32 करोड़ रुपए की बोली के आधार पर दिया गया, जबकि शॉ स्टोन एंड वेबस्टर द्वारा इसकी समीक्षा की मांग खारिज कर दी गई।

सीबीआई का आरोप है कि यूएई के सानटेक इंटरनेशनल का निदेशक होने के नाते भंडारी ने 49.99 लाख अमेरिकी डॉलर कंसल्टेंसी शुल्क लगाते हुए सैमसंग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एसईसीएल) के साथ एक आपराधिक साजिश रची। भंडारी ने कोरियाई कंपनी और ओपीएएल के बीच अनुबंध समझौते में शामिल एक प्रावधान का उल्लंघन करते हुए ऐसा किया। प्राथमिकी के अनुसार, जांच के दौरान यह पाया गया कि भंडारी और एसईसीएल के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक होंग नाम कूंग के बीच कई ईमेल का आदान-प्रदान हुआ था। इनमें सानटेक और एसईसीएल के बीच कंसल्टिंग सेवा समझौता भी शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि कथित कंसल्टेंसी शुल्क सानटेक इंटरनेशनल के विदेश स्थित बैंक खातों में प्राप्त किए गए थे।

## डेटा विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में ऑनलाइन बीएससी पाठ्यक्रम शुरू करेगा आईआईटी गुवाहाटी

**गुवाहाटी।** आईआईटी गुवाहाटी एक अग्रणी शिक्षण मंच पर डेटा विज्ञान और कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर एक ऑनलाइन स्नातक पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। शिक्षण मंच कोर्सेरा पर ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को तेजी से उभरते डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र में करियर बनाने के लिए तैयार करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए तेजी से उभरते मशीन लर्निंग, एआई और डेटा विश्लेषण जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में पेशेवरों को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2023 के अनुसार, एआई और मशीन लर्निंग विशेषज्ञों, डेटा विश्लेषकों और डेटा वैज्ञानिकों सहित तकनीकी नौकरियों में 2028 तक 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने की उम्मीद है।

# तमिलनाडु के मंत्री बालाजी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका तीन न्यायाधीशों के सामने रखें: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए खंडित फैसले के मद्देनजर मंगलवार को अदालत को निर्देश दिया कि वह तमिलनाडु के गिरफ्तार मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को जल्द से जल्द तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से यह भी कहा कि बालाजी की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर नई पीठ द्वारा शीघ्रता से निर्णय लिया जाना चाहिए। इससे पहले दिन में मद्रास उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बालाजी की याचिका पर खंडित आदेश दिया था।

न्यायमूर्ति जे. निशा बानू और न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने बालाजी को कथित तौर पर अवैध तरीके से हिरासत में लिए जाने के खिलाफ उनकी पत्नी की ओर से दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जे. निशा बानू ने बालाजी को रिहा करने को कहा, तो न्यायमूर्ति डी. भरत चक्रवर्ती ने इससे असहमति जताई। इसके बाद खंडपीठ ने रजिस्ट्री को मुख्य न्यायाधीश के सामने मामला रखने का निर्देश दिया ताकि इसे तीन न्यायाधीशों वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

सुनवाई की शुरुआत में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत की पीठ से कहा कि चूंकि उच्च न्यायालय ने खंडित फैसला सुनाया है, इसलिए मामले को अंतिम फैसले के लिए शीर्ष अदालत में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। मेहता ने कहा, मेरी मुश्किल यह है कि हर दिन सबूतों से छेड़छाड़ होगी। यह विशुद्ध रूप से कानून का सवाल है और कोई भी तथ्य विवादित नहीं है। एकमात्र सवाल यह है कि क्या न्यायिक हिरासत पर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह प्रभावशाली व्यक्ति का मामला है और अगर नुकसान होता है तो इसकी भरपाई नहीं हो पाएगी।

बालाजी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एक खंडपीठ के खंडित फैसले के बाद, मामला तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा गया है और उन्होंने मेहता के अनुरोध का विरोध किया। उन्होंने पूछा कि उच्च न्यायालय को नजरंदाज कैसे किया जा सकता है? उन्होंने कहा, किसी मुद्दे पर दो न्यायाधीशों के बीच मतभेद है और स्वाभाविक परिणाम यह है कि मामला तीन न्यायाधीशों की पीठ के पास जाएगा। सिब्बल ने आगे कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में अदालत इस मामले को शीर्ष अदालत में लाने का निर्देश नहीं दे सकती।

पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय से कानून के सवालों पर जल्द से जल्द फैसला देने का अनुरोध करेगी। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को तय की गई। पीठ ने कहा , यह कानून का सवाल है। हम इस पर फैसला करेंगे और अगर तीन जजों की राय होगी तो इससे हमें ही मदद मिलेगी। बालाजी को राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने 21 जून को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आग्रह के बावजूद उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति देने के, मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ईडी ने राज्य के परिवहन विभाग में कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले के सिलसिले में बालाजी को गिरफ्तार किया था। उसने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था।

# भारत फिर एकबार बना सैफ फुटबॉल चैंपियन

● कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया

● नौवी बार सैफ चैम्पियनशिप जीती

भाषा। बेंगलुरू



गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने डाइव लगाकर निर्णायक पेनल्टी बचाई और भारत ने मंगलवार को कुवैत को शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1-1 से बराबरी पर थीं। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4-4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खालिदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिए बराबरी का गोल लालियांजुआला छांगटे ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1-1 से ड्रॉ खेला था। भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले एक जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिए कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झींगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाए। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बाएं विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया। अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढ़त दिलाई। भारत अगले ही मिनट बराबरी कर लेता लेकिन कुवैत के गोलकीपर अब्दुल रहमान ने छांगटे का शॉट बचा लिया। इस साल एफआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी चुने गए छांगटे ने हालांकि 39वें मिनट में बराबरी का गोल कर दिया। सहल अब्दुल समाद और कप्तान छेत्री के बीच पास के आदान प्रदान के बाद गेंद छांगटे तक पहुंची जिसने विरोधी गोलकीपर को छकाकर गोल दागा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने भरसक कोशिश की लेकिन गोल नहीं हो सका। अतिरिक्त समय में कुछ खिलाड़ी चोटिल हुए , कुछ खिलाडियों और अधिकारियों को को पीले कार्ड भी मिले लेकिन निर्णायक गोल नहीं हो सका। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से फैसला हुआ।

## सिंधू बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसकी

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई इस साल अप्रैल में शीर्ष दस से बाहर हुई सिंधू के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेगी। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एड़ी में फ्रेक्चर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थी। वह इस सत्र में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थी। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एच एस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर है। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर है।

## दलीप ट्रॉफीः मध्य क्षेत्र के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा पश्चिम क्षेत्र



**अलूर ।** पश्चिम क्षेत्र की टीम बुधवार से जब यहां मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में उतरेगी तो सभी की नजरें चेतेश्वर पुजारा और पृथ्वी साव जैसे खिलाड़ियों पर होगी जो एक बार फिर चयनकर्ताओ को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। पश्चिम क्षेत्र ने इस मुकाबले के लिए पुजारा, पृथ्वी, सूर्यकुमार यादव और सरफराज खान को टीम मे शामिल किया है और इन चारो के करियर के लिए यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। भारत के लिए 103 टेस्ट में 7000 से अधिक रन बनाने वाले पुजारा ने अपने करियर में कई शानदार पारियां खेली है लेकिन वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हे भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में नाकाम रहने के बाद उन्हे भारतीय टेस्ट टीम मे जगह नही मिली। वह दलीप ट्रॉफी के दौरान एक बार फिर खुद को साबित करने का प्रयास करेंगे। पृथ्वी और सरफराज भी चयनकर्ताओ को प्रभावित करना चाहेंगे। इन दोनो के हालांकि भारतीय टीम से बाहर होने के कारण क्रिकेट के इतर के भी है। इसमे कोई संदेह नही कि पृथ्वी में प्रतिभा की कोई कमी नही है। आखिर ऐसे लोगो की संख्या काफी अधिक नही है जिन्होने रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करते हुए शतक जड़े हो। उनकी अगुआई मे भारत ने 2018 मे आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब भी जीता था। लेकिन तब से यह 23 वर्षीय बल्लेबाज पांच टेस्ट, छह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय ही खेल पाया है। इस साल जनवरी मे रणजी ट्रॉफी मे असम के खिलाफ 383 गेंद मे 379 रन की पारी के बावजूद पृथ्वी भारतीय टीम मे जगह बनाने की दौड़ मे पिछड़ गए है। मैदान के बाहर उनकी अनुशासनहीनता भी सवालो के घेरे में आई है।

## दक्षिण व उत्तर के मुकाबले में वाशिंगटन की फिटनेस पर नजर

**बेंगलुरू** दक्षिण क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मे बुधवार को जब उत्तर क्षेत्र से खेलेगी तो नजरें वाशिंगटन सुंदर की फिटनेस पर रहेगी जो छह महीने बाद वापसी कर रहे है। उत्तर ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की टीम को क्वार्टर फाइनल मे 511 रन से हराया। यह मैच कुछ मौजूदा खिलाड़ियों और भारतीय टीम मे जगह बनाने को आतुर कुछ भावी खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा जिनमें वाशिंगटन शामिल है। तमिलनाडु के 23 वर्ष के इस हरफनमौला ने पिछले छह साल मे कई चोटो और फिटनेस समस्याओं का सामना किया है जिनके कारण वह 55 मैच ही खेल सके है। आईपीएल के पहले चरण मे वह हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हो गए जिसके बाद तमिलनाडु प्रीमियर लीग मे वापसी की। अब देखना यह है कि क्या वह एक पारी के 25 ओवर डाल सकेंगे या पूरे दिन बल्लेबाजी कर सकेंगे ताकि राष्ट्रीय टीम मे वापसी का दावा पुख्ता हो सके। भारत को सफेद गेंद के क्रिकेट मे अभी भी एक उम्दा आफ स्पिनर की तलाश है और वाशिंगटन उस कमी को पूरे करते नजर आ रहे थे। तीन राष्ट्रीय चयनकर्ता दो सेमीफाइनल के लिए इस समय बेंगलुरू मे है और उनकी नजरें जरूर वाशिंगटन के प्रदर्शन पर रहेंगी। उनके अलावा आईपीएल से उभरे साइ सुदर्शन भी दौड़ मे है। उत्तर क्षेत्र की टीम मे ध्रुव शोरे और जयंत यादव जैसे अनुभवी खिलाड़ी है जबकि पंजाब के प्रभसिमरन सिंह और दिल्ली के हर्षित राणा पर भी अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा।

## बेयरस्टो के विकेट पर बवाल बेतुका , कहा मार्क बूचर ने



**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क बूचर दूसरे एशेज टेस्ट में जॉनी बेयरस्टो के विकेट पर मचे बवाल को लेकर हैरान है और उनका कहना है कि यह आम विकेट की तरह था और इस पर विवाद समझ से परे है। दूसरे एशेज टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैड के बल्लेबाज बेयरस्टो आस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन की धीमी बाउंसर का सामना करते हुए झुक गए और गेंद विकेटकीपर एलेक्स कारी के पास चली गई। बेयरस्टो ने समझा कि गेंद डेड हो गई है और वह क्रीज से काफी बाहर आ गए। कारी ने स्टम्प आउट कर दिया जो नियमानुसार सही था। आस्ट्रेलिया ने 43 रन से दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला में 2 - 0 की बढ़त बना ली। बूचर ने विजडन क्रिकेट के साप्ताहिक पॉडकास्ट मे कहा , मेरे लिए यह सामान्य सी बात थी। बेयरस्टो ने यह सुनिश्चित क्यो नही किया कि उसे पता है कि गेंद कहां है और उसके क्रीज छोड़ने से पहले कहां थी। उन्होने कहा , मै रेडियो पर सुन रहा था।

## कंधे की चोट के कारण ओली पोप एशेज से बाहर

**लीड्स।** इंग्लैड के उपकप्तान ओली पोप लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान दाहिना कंधा खिसकने के कारण मंगलवार को एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचो से बाहर हो गए और अब आने वाले दिनो मे उनका आपरेशन होगा। पिछले सप्ताह दूसरे टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान यह 25 वर्षीय बल्लेबाज क्षेत्ररक्षण करते समय गिर गया था जिससे उनका कंधा चोटिल हो गया था। इसके बाद तीसरे दिन दूसरी पारी के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, क्योकि इंग्लैड को गलती से बताया गया कि उन्हे दूसरी पारी मे स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक उतारने की अनुमति नही है। इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, इंग्लैंड और सरे के बल्लेबाज ओली पोप पिछले सप्ताह लॉर्ड्स मे दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान अपने दाहिने कंधे की हड्डी खिसकने के कारण एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचो से बाहर हो गए है और उन्हें अब आपरेशन करवाना होगा।

## एशियाई युवा टेबल टेनिस के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** दोहा मे 17 से 22 जुलाई तक होने वाली 27वी एशियाई युवा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लिए 14 सदस्ईय भारतीय टीम का मंगलवार को चयन किया गया। टीम मे सात लड़के और सात लड़कियां है। चयनकर्ताओ ने अंडर 19 और अंडर 15 खिलाड़ियों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना है। तीन कोच और दो सहयोगी स्टाफ भी टीम के साथ जाएंगे। दोहा चैम्पियनशिप 2023 आईटीटीएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है जो 23 नवंबर से तीन दिसंबर के बीच स्लोवेनिया मे खेली जाएगी। भारतीय टीम ने ट्यूनीशिया मे हुई पिछली चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था जिसमे एकल, युगल और टीम मुकाबले खेले गए थे।

## बढ़ रही गेंमिंग सुविधाएं

**नई दिल्ली।** आईकू नियो 6 और नियो 7 की स फलता के बाद हाइ.परफॉर्मेंस स्मार्टफ ोन ब्रांड आईक्यू भारत में अपनी नियो सीरीज की एक और पावर पैक पेशकश आईकू नियो 7 प्रो लॉन्च करने के लिए तैयार है। पॉवरटूविन के वादे के साथए यह स्मार्टफोन यूनिक गेमिंग एक्सपीरियंस के साथ फ्लैगशिप परफर्मिंस के सभी पहलुओं में अग्रणी है, जो इसे उन कंज्यूमर के लिए एक डायनेमिक पैकेज बनाता है जो एक्सीलेंस से कम कुछ नहीं चाहते हैं। आईकू नियो 7 प्रो 8 जीबी 128 जीबी के लिए 34,999 रुपये एमओपी प्रभावी मूल्य 31,999 रुपयेए अर्ली बर्ड प्राइज 33,999 रुपए और 12 जीबी 256 जीबी के लिए 37,999 रुपये एमओपी प्रभावी मूल्य 34,999 रुपये और अर्ली बर्ड प्राइज 36,999 रुपएद्ध पर उपलब्ध होगा। बिक्री 15 जुलाई 2023 से शुरू होगी। आईकू के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर निपुन मार्या ने कहा आईकू में हमने हमेशा स्मार्टफोन में ऐसा बेजोड़ परफॉर्मेंस और शानदार गेमिंग क्षमता देना का प्रयास किया है जो आज के युवा कंज्यूमर की सभी जरूरतों को पूरा करता है। अमेज़ॅन इंडिया के वायरलेस और होम एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर रंजीत बाबू ने कहा हम आईकू के साथ अपने निरंतर जुड़ाव से उत्साहित हैं।

## गोपीचंद को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस, कर्नाटक ने अपने दूसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गोपीचंद समेत चार अन्य प्रतिष्ठित भारतीयों को राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह सम्मान दिया। गोपीचंद ने एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथो चार अन्य प्रतिष्ठित भारतीयो के साथ डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाना एक बड़ा सम्मान है।

## राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो के लिए चयनित उप्र टीम रवाना

**लखनऊ।** शिमोगा कर्नाटक में आयोजित आगामी 40वीं राष्ट्रीय जूनियर क्योरगी एवं 13वीं राष्ट्रीय जूनियर पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की ताइक्वांडो टीम रवाना हो गयी। चैंपियनशिप के लिए घोषित टीम की आगरा से रवानगी से पहले उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डाण्सैयद रफत जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू ने अपनी शुभकामनाएं दी। सचिव राजकुमार ने बताया कि चैंपियनशिप आगामी 7 से 9 जुलाई 2023 तक शिमोगा कर्नाटक के नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगी। टीमबालक क्योरगीः सुधीर कुमार, शिवम कुमार ,संदीप प्रसाद ,आयुष कुमार राजभर, क्षितिज तिवारी,विवेक भाटी,विनीत कुमार,अनुज सिंह शौराट,ललित कुमार, हंसल चौधरी। बालिका क्योरगीःसिमोन शुक्ला,विशाखा, प्रतिभा यादव,सृष्टि सिंह,तूषिका वर्मा ,आयुष्मिता पटेल, गायत्री शुक्ला,नीलिमा श्रीवास्तव,सपना श्रेया शर्मा। बालक पूमसे : प्रणव ओझा, प्रथम सिंह, अंकित यादव, जतिन, ललित कुमार,बालिका पूमसेः फातिमा जेहरा, दिव्यांशी वर्मा, दीपांशी प्रजापति, स्नेहा गुप्ता।

# एमर्जिंग एशिया कप के लिए भारत ए की कमान धुल को

भाषा। नई दिल्ली

**प्रथम श्रेणी** सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण दलीप ट्रॉफी की टीम से नजरअंदाज किए गए प्रतिभावान यश धुल को श्रीलंका में 13 से 23 जुलाई तक होने वाले एमर्जिंग एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को भारत ए टीम का कप्तान चुना गया। एमर्जिंग टूर्नामेंट की जरूरत के अनुसार टीम में मुख्य रूप से अंडर-23 खिलाड़ी ही शामिल हैं। पंजाब के रणजी कप्तान अभिषेक शर्मा को उप कप्तान बनाया गया है। टीम में चुने गए सभी खिलाड़ी



तीनों में से किसी ना किसी प्रारूप में अपने राज्य की सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। प्रभसिमरन सिंह के नाम पर तो इंडियन प्रीमियर लीग में शतक भी दर्ज है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी प्रभसिमरन और ध्रुव जुरेल के कंधों पर होगी। जुरेल ने राजस्थान रॉयल्स के लिए इंपेक्ट प्लेयर के रूप में खेलते हुए कुछ मौकों पर फिनिशर की भूमिका में प्रभावित किया। दिल्ली के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को भी टीम में जगह मिली है। राणा ने आईपीएल के दौरान अपनी गति से प्रभावित किया था। उन्होंने हाल में दलीप ट्रॉफी में पदार्पण करते हुए अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। अंडर-19 विश्व कप 2022 विजेता भारतीय टीम के कप्तान धुल घरेलू सत्र के दौरान छह रणजी मैच में 270 रन ही बना सके। इससे पहले विजय हजारे ट्रॉफी के सात मैच में भी वह सिर्फ 191 रन बना पाए थे। माना जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के 20 साल के इस बल्लेबाज की प्रतिभा को देखते हुए राष्ट्रीय चयन समिति ने उन्हें मौका दिया है। असम के रियान पराग के साथ भी ऐसा ही है। वह राजस्थान रॉयल्स की ओर से मिले कई मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहे लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें टीम में शामिल किया है। उप कप्तान अभिषेक ने पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है।

# अगरकर सीनियर चयनसमिति के अध्यक्ष

● बीसीसीआई ने नियुक्त किया

भाषा। नई दिल्ली




**भारत के** पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को सीनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। अगरकर इससे पहले दिन में अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सामने वर्चुअल साक्षात्कार में शामिल हुए, जिसकी सिफारिश पर बीसीसीआई ने यह फैसला किया। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में चयनकर्ता के एक पद के लिए आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्ईय सीएसी ने उक्त पद के लिए सर्वसम्मति से अजीत अगरकर के नाम की सिफारिश की। उन्होंने कहा, समिति ने वरिष्ठता (टेस्ट मैचों की कुल संख्या) के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिए अगरकर की सिफारिश की। अगरकर ने 26 टेस्ट और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अलावा 191 वनडे मैच खेले हैं। वह 1999, 2003 और 2007 वनडे विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह 2007 विश्व टी20 विजेता भारतीय टीम में भी शामिल थे।अगरकर ने लॉर्ड्स में टेस्ट शतक लगाया था और उन्होंने 2004 में एडिलेड में खेले गए मैच में छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट जीत में अहम भूमिका निभाई थी।वनडे में किसी भारतीय बल्लेबाज के सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड अब भी उनके नाम है। उन्होंने 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।अगरकर को चयनसमिति के अध्यक्ष के लिए निर्धारित एक करोड़ रुपए के वर्तमान वेतन की तुलना में बेहतर पारिश्रमिक मिलने की उम्मीद है। समिति के बाकी सदस्यों को 90-90 लाख रुपए मिलते हैं।ऐसा समझा जाता है कि बीसीसीआई नियुक्ति की औपचारिकता पूरी करना चाहता था। अगरकर कार्यभार संभालने के बाद वेस्टइंडीज दौरे के लिए टी20 टीम का चयन करने के लिए चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, अगरकर एकमात्र उम्मीदवार थे जो साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। यह वर्चुअल था क्योंकि वह इस समय पारिवारिक अवकाश पर विदेश में हैं। सूत्रों के अनुसार उत्तर क्षेत्र से कोई उल्लेखनीय नाम नहीं होने के कारण अगरकर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। यही कारण है कि बीसीसीआई ने पांच क्षेत्रों में से प्रत्एक से एक चयनकर्ता नियुक्त करने की अपनी पुरानी परंपरा को तोड़ दिया।अगरकर की नियुक्ति का मतलब है कि पश्चिम क्षेत्र में दो चयनकर्ता होंगे। पश्चिम क्षेत्र से सलिल अंकोला अन्य चयनकर्ता हैं। इनके अलावा मध्य क्षेत्र से सुब्रतो बनर्जी, दक्षिण से एस शरथ और पूर्व से एसएस दास चयनकर्ता होंगे।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए महिला टीम का ऐलान किया

भाषा। नई दिल्ली

**हॉकी इंडिया** ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्ईय राष्ट्रीय महिला टीम का ऐलान किया जिसे जर्मनी में मैच खेलने के बाद 16 जुलाई से स्पेन में चार देशों का टूर्नामेंट खेला जाना है। दोनों टूर्नामेंट सितंबर अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारतीय टीम पहले तीन मैच जर्मनी में खेलेगी जिसमें से एक चीन के खिलाफ और दो मेजबान के खिलाफ 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने हैं। इसके बाद टीम स्पेन जाएगी जहां दक्षिण अफ्रीका , इंग्लैंड और मेजबान के खिलाफ 25 से 30 जुलाई तक मैच होंगे। ए मैच स्पेन हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की सौंवी वर्षगांठ पर खेले जा रहे हैं। मई में आस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली भारतीय टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए गए हैं। टीम





की कमान गोलकीपर सविता के हाथ में होगी जबकि दीप ग्रेस इक्का उपकप्तान रहेंगी। अनुभवी डिफेंडर सुशीला चानू और फॉरवर्ड दीपिका आस्ट्रेलिया दौरे पर आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। वहीं जूनियर एशिया कप खेल चुकी ज्योति छत्री को पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है। भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रही है। बिछू देवी खारीबाम दूसरी गोलकीपर होंगी जबकि दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और सुशीला चानू डिफेंस संभालेगी। वहीं मिडफील्ड में निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के और ज्योति छत्री को शामिल किया गया है। फॉरवर्ड पंक्ति में वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और दीपिका होंगे। मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा , स्पेन और जर्मनी दौरे से टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। एशियाई खेलों की तैयारी के लिए यह काफी अहम है।

**टीम : गोलकीपर :** सविता (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम, डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू , मिडफील्डर : निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, ज्योति छत्री, फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, दीपिका।

# पहले दौर में हारीं वीनस, अल्कराज जीते

● विंबलडन

भाषा। विंबलडन



**विश्व के नं**बर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। स्पेन के इस खिलाड़ी ने पहले दौर में फ्रांस के जेरेमी चार्डी को 6-0, 6-2, 7-5 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अल्क राज तीसरी बार विंबलडन में भाग ले रहे हैं। इससे पहले वह कभी ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, लेकिन इस बार उन्हें इस ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच के आठवें खिताब की राह में सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा है।सात बार के चैंपियन जोकोविच ने सोमवार को बारिश से प्रभावित मैच में पेड्रो कैचिन को 6-3, 6-3, 7-6 (4) से हराया था। इस बीच महिला वर्ग में अस्वस्थ होने के कारण पिछले सप्ताह ईस्टबोर्न इंटरनेशनल से हटने वाली एलेना रयबाकिना ने पहला सेट गंवाने के बाद अपनी सर्विस में सुधार किया और शेल्बी रोजर्स को 4-6, 6-1, 6-2 से हराया। इससे पहले अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स 43 वर्ष की उम्र में 24वीं बार विम्बलडन महिला एकल खेलने उतरी लेकिन पहले ही दौर में एलिना स्वितोलिना से 6-4, 6-3 से हार गई। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस चोटों के कारण शीर्ष 500 से बाहर हो गई और 2021 के बाद से सिर्फ 22 मैच खेल सकी है। वह इस साल विम्बलडन में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली चौथी सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी हैं। स्वितलोना उस समय दो साल की थी जब वीनस ने 1997 में विम्बलडन में पदार्पण किया था। अन्य मैचों में अमेरिका की कोको गॉ को सोफिया केनिन ने 6-4, 4-6, 6-2 से हरा दिया।

## एशियाई खेलों की तैयारी के लिए अहम होगा यूरोप दौरा : महिला हॉकी कोच

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों से पहले यूरोप दौरे को अहम बताते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम में जुझारूपन और हार नहीं मानने का जज्बा भरा है और उन्हें यकीन है कि उनकी टीम इसकी बानगी पेश करेगी। पिछले एशियाई खेलों के फाइनल में जापान से हारी भारतीय टीम जर्मनी और स्पेन के दौरे पर 16 से 19 जुलाई के बीच जर्मनी में चीन और मेजबान के खिलाफ दो मैच खेलेगी जबकि स्पेन में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान के खिलाफ 25 से 30 जुलाई तक मैच होंगे। नीदरलैंड के लिए दो ओलंपिक खेल चुकी शॉपमैन ने बेंगलुरू से वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैं एशियाई खेलों में जीत की गारंटी तो नहीं दे सकती लेकिन इसकी गारंटी दे सकती हूं कि हमारी टीम खिताब जीतेगी।

# हरमनप्रीत और स्मृति को वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में एक-एक स्थान का नुकसान

भाषा। दुबई





**भारतीय** महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाज हरमनप्रीत के 716 रेटिंग अंक हैं जबकि स्मृति के उनसे दो अंक कम हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 758 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (617 अंक) और सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा क्रमशः आठवें और 10वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन 751 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत की दीप्ति 322 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मृति 722 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। दीप्ति गेंदबाजी सूची में 729 अंक के साथ एक स्थान के फायदे से चौथे पायदान पर हैं। रेणुका 700 अंक के साथ नौवें स्थान पर चल रही हैं। दीप्ति हालांकि ऑलराउंडर की सूची में 393 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चामरी इस बीच महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी बनीं। आईसीसी महिला चैंपियनशिप में उन्होंने न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## छांगटे और मनीषा साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुने गए

**बेंगलुरू।** भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला छांगटे को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में और भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए मंगलवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी चुना गया। मिजोरम के 26 साल के छांगटे ने 2022-23 अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान भारत के लिए 12 मैच खेले जिसमें उन्होंने दो गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की। छांगटे ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की दौड़ में राष्ट्रीय टीम के अपने साथियों नंदकुमार शेखर और नाओरेम महेश सिंह को पछाड़ा। यहां सैफ चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेल रहे छांगटे ने पिछले साल में मुंबई सिटी की ओर से आईएसएल में 22 मैच में 10 गोल दागे और छह गोल करने में मदद की।

# कुश्ती ट्रायल पर फैसला नहीं ले सकी आईओए

● तदर्थ समिति, ओसीए के जवाब का इंतजार

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक** संघ की तदर्थ समिति की मंगलवार को यहां हुई बैठक में एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए कुश्ती ट्रायल कराने की तारीख तय नहीं हो सकी चूंकि एशियाई ओलंपिक परिषद ने 15 जुलाई की समय सीमा बढाने के उसके अनुरोध पर अभी जवाब नहीं दिया है। आईओए को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सभी भारतीय खिलाड़ियों के नाम 15 जुलाई तक देने हैं। यह समय सीमा बढाकर दस अगस्त करने का अनुरोध किया गया है ताकि प्रदर्शनकारी पहलवानों को समय मिल सके। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और एशियाई खेल स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट समेत छह पहलवानों ने खेल मंत्रालय से एशियाई खेलों के ट्रायल के लिए तैयारी का अतिरिक्त समय मांगा है। तदर्थ समिति ने उन्हें एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप ट्रायल से रियायत दे दी है और अब उन्हें बस एक मुकाबला खेलना होगा। इस फैसले की काफी आलोचना हुई है। समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा ने कहा , एक दो दिन इंतजार कीजिए। हमें उम्मीद है कि ओसीए का जवाब एक या दो दिन में आ जाएगा। हमें अभी कोई संकेत नहीं मिला है लेकिन हमें बृहस्पतिवार तक अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है।